**जबलपुर**

**मंगलवार 7 अप्रैल 2026**


वैशाख मास कृष्ण पक्ष -05
वर्ष : 20, अंक : 336
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *


**मौसम**
अधि. 28
न्यून. 16

# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





**पश्चिम एशिया संकट**

## पायलट छुड़ाने नहीं, यूरेनियम चुराने आए थे अमेरिकी

# ईरान ने फिर ठुकराया युद्धविराम प्रस्ताव, बोला-धमकी और हमले जारी रहने तक नहीं होगी 'सीधी बातचीत'

**अमेरिका के 15 सूत्रीय प्रस्ताव को ईरान ने अत्यधिक मांगों वाला करार दिया**


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


इस्माइल बगाई

ईरान ने सोमवार को कहा कि उसने मध्यस्थों की ओर पेश किए गए प्रस्तावों अपना जवाब तैयार कर लिया है। हालांकि, उसने यह भी कहा कि जब तक अमेरिका व इजराइल हमले तेज करते रहेंगे, वह सीधी वार्ता में शामिल नहीं होगा। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका का 15 सूत्रीय प्रस्ताव अत्यधिक मांगों वाला है। हमने अपनी मांगों का एक अलग सेट तैयार कर लिया है और उसे औपचारिक रूप दे दिया है। इस संभावना को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है कि इस्फहान में पायलट बचाव अभियान केवल एक छल-कपट था, जिसका मकसद ईरान के संवर्धित यूरेनियम को जब्त करना था। मंत्रालय ने कहा कि ओमान के साथ बातचीत का फोकस होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिये जहाजों के सुरक्षित मार्ग के लिए एक प्रोटोकॉल बनाने पर है।


होर्मुज का यह स्थान, जहां जहाज फंसे हुए हैं

### ट्रंप बोले- इसे खोलो वरना नरक बना दूंगा
### ईरान बोला- अरे, होर्मुज की चाबी खो गई


डोनाल्ड ट्रंप

होर्मुज स्ट्रेट को लेकर ट्रंप के धमकी पर जिम्बाब्वे स्थित ईरानी दूतावास ने तंज भरे अंदाज में जवाब दिया है। दूतावास ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट की चाबी खो गई है। दरअसल, ट्रंप ने ईरान को अल्टीमेटम दिया है कि वह इस समुद्री रास्ते को तुरंत खोल दे, नहीं तो उसे गंभीर सैन्य कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। उसके पावर प्लांट और पुलों पर हमला होगा और ईरान को नरक बना दिया जाएगा। ईरान के कुछ अन्य दूतावासों ने भी सोशल मीडिया पर ट्रंप का मजाक उड़ाया है।

**अपमानजनक पोस्ट कर फंसे ट्रंप**

### 25वां संशोधन लागू करने की उठी मांग

डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ 25वां संशोधन लागू करने की मांग हो रही है। दरअसल, ट्रंप ने ईस्टर की सुबह ईरान को टारगेट करते हुए अपशब्दों से भरा एक पोस्ट ट्रूथ सोशल पर साझा किया था। इसके बाद अमेरिकी सांसदों ने उनके खिलाफ 25वां संशोधन लागू करने की मांग कर रहे हैं। अमेरिकी कांग्रेस के लोगों का कहना है कि ट्रंप शायद मानसिक तौर पर ठीक नहीं हैं। अमेरिका का 25वां संशोधन एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें उपराष्ट्रपति और कैबिनेट के ज्यादातर लोग अपनी ड्यूटी न कर पाने की वजह से राष्ट्रपति को बदलने का विकल्प चुन सकते हैं।












**खबर संक्षेप**

### अमित जोगी को आजीवन कारावास की सजा



रायपुर। छग हाई कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को 2003 में राम अवतार जग्गी की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जग्गी की हत्या मामले में दोषी ठहराया है।

### डैम में डूबने से तीन दोस्तों की गई जान



**अशोक नगर।** जिले में डैम में नहाने के दौरान तीन दोस्तों की डूबने से मौत हो गई। बताया गया कि 6 लड़के डैम में नहाने के लिए गए थे, इस दौरान तीन दोस्त नहाते समय गहरे पानी में चले गए, फिर वापस नहीं लौट सके।

### अरुणाचल के सीएम के ठेकों की सीबीआई जांच



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सीबीआई को आदेश दिया है कि वह अरुणाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री पेमा खांडू के परिवार से जुड़े कंपनियों को दिए गए सरकारी ठेकों की प्रारंभिक जांच दो सप्ताह के भीतर शुरू करे।

**लाल परेड मैदान में हुआ नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) का शो, सीएम ने शुभारंभ कर कहा**

# हुजूर के तूमड़ा में बनेगा 200 करोड़ रु. से काउंटर टेररिज्म केंद्र, डीपीआर रेडी

*एनएसजी के महानिदेशक बी. श्रीनिवासन ने कहा कि हमने मप्र पुलिस के एक हजार 164 जवानों और देश के करीब 26 हजार जवानों को प्रशिक्षण दिया*


एनएसजी महानिदेशक और सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसी भी प्रकार के टेररिस्ट अटैक से निपटने के लिए हम अपने सुरक्षा बलों, एटीएस और काउंटर टेररिज्म ग्रुप (सीटीजी) को और अधिक मजबूत करेंगे। सीटीजी के आधुनिकीकरण के लिए सरकार ने 200 करोड़ रुपए की डीपीआर तैयार की है। जल्द ही इस दिशा में आगे बढ़ने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि टेररिस्ट अटैक को पूरी दक्षता से काउंटर करने सभी जरूरी प्रशिक्षण के लिए हमारी सरकार भोपाल जिले की हुजूर तहसील के ग्राम तूमड़ा में अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र खोलेगी। इस सेंटर के जरिए हम अपने सुरक्षा बलों को किसी भी प्रकार की आकस्मिक आपदा एवं अतिवादी ताकतों से निपटने के लिए पूरी क्षमता से तैयार करेंगे।

**एक माह तक चलेगा एनएसजी एवं मप्र पुलिस का यह साझा प्रशिक्षण कार्यक्रम**



एनएसजी कमांडोज हैरतअंगेज प्रदर्शन करते हुए

**सीएम बोले**

- *एनएसजी भारत का अभेद्य कवच, इनसे हैं हम हर हाल में सुरक्षित, यह हमारे भरोसे की गारंटी*
- *एनएसजी के कारण ही हमारी आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था बेहद सुदृढ़*

### एनएसजी और मप्र पुलिस का यह साझा प्रशिक्षण कार्यक्रम

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने कहा कि एनएसजी और मप्र पुलिस का यह साझा प्रशिक्षण कार्यक्रम 7 अप्रैल से 4 मई तक करीब एक माह चलेगा। इस दौरान काउंटर अटैक सहित करीब 8 प्रमुख विषयों पर जवानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान पुलिस जवान काउंटर, टेररिस्ट अटैक से निपटने की ट्रेनिंग लेंगे और अपने कला, कौशल और टेक्निक को बेहतर से बेहतर बनाएंगे। हम नई चुनौतियों को लेकर तैयार हो रहे हैं।

**एटीएस और सीटीजी बहुत अच्छी तरह अपनी सेवाएं दे रहीं : श्रीनिवासन**

एनएसजी के महानिदेशक बी. श्रीनिवासन ने कहा कि पुलिस जवान अपनी योग्यता और क्षमता के दम पर एनएसजी से जुड़ते हैं। मप्र की एटीएस और सीटीजी बहुत अच्छी तरह अपनी सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने कहा कि हमने मप्र पुलिस के एक हजार 164 जवानों और देश के करीब 26 हजार जवानों को प्रशिक्षण दिया है। हम खुद अपने प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नवाचार और सुधार लाकर जवानों का कौशल संवर्धन कर रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान मुख्यतः पुलिस जवानों को आतंकवादी घटनाओं से निपटने के गुर सिखाकर उनका कौशल संवर्धन किया जाएगा।


आरोपी की तस्वीर सामने आई


गुलदस्ते की जांच करता अधिकारी

**सुरक्षा में सेंध : दिल्ली विधानसभा का बैरियर तोड़कर घुसी कार**

# नकाबपोश ड्राइवर समेत 3 हिरासत में, कार भी बरामद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा कैंपस में सोमवार दोपहर को सुरक्षा में चूक हुई। दोपहर करीब 2 बजे यूपी नंबर की कार वीआईपी एंट्री वाला गेट नंबर-2 की बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुसी। कार ड्राइवर ने नकाब पहना हुआ था। ड्राइवर सीधे विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता के कार्यालय की ओर गया और पोर्च के पास गुलदस्ता रखकर कार समेत मौके से फरार हो गया। हालांकि, बम जैसी कोई चीज नहीं मिली।

- *स्पीकर ऑफिस के पास गुलदस्ता रखकर भाग गया था*
- *कार ड्राइवर ने नकाब पहना हुआ था*
- *बम जैसी कोई चीज नहीं मिली*

**संसद हमले की यादें हुई ताजा**

जैसे ही यह खबर फैली दिल्ली के गलियारों में 2001 के उस काले दिन की चर्चा शुरू हो गई जब आतंकियों ने सफेद एंबेसडर कार के जरिए संसद परिसर में घुसकर लोकतंत्र के मंदिर को निशाना बनाया था।

**हर गाड़ी की तलाशी**

दिल्ली पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और इलाके को घेर लिया है। उस गेट से फिलहाल किसी को एंट्री नहीं मिल रही है। गनीमत रही कि किसी तरह की घटना नहीं घटी। उस इलाके से गुजरने वाली हर गाड़ी की तलाशी ली जा रही है। गौर हो कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर 20 अगस्त 2025 की सुबह जनसुनवाई के दौरान रेखा गुप्ता पर हमला हुआ था।

**सिविल जज व सीजेएम स्तर तक बदलाव**

### आधी रात को 250 तबादले कई जिलों में नई नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर


■ एक साथ पांच अलग-अलग आदेश

मध्य प्रदेश की न्यायिक व्यवस्था में बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया गया है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट प्रशासन ने रविवार रात को एक साथ पांच अलग-अलग आदेश जारी कर 250 से अधिक न्यायिक अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। इस व्यापक फेरबदल में सिविल जज (सीनियर व जूनियर डिवीजन) से लेकर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) स्तर तक के अधिकारी शामिल हैं।

**भाजपा विधायक संजय पाठक का ऐलान**

### कहा-घर-घर जाकर पूछूंगा विधायक बना रहूं या नहीं?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


■ 51% से कम अंक मिले, तो विधायकी छोड़ दूंगा

कानूनी परेशानियों से घिरे कटनी जिले की विजयराघवगढ़ सीट से भोजपा विधायक संजय पाठक ने कहा कि वे फिर 'जनादेश' कराएंगे। रविवार रात कैमोर नगर परिषद के कार्यक्रम में पाठक ने यह ऐलान किया। पाठक ने कहा कि वे घर-घर जाकर लोगों से पूछेंगे कि उन्हें विधायक बने रहना चाहिए या नहीं? इस सर्वे में उन्हें 51% से कम अंक मिले।

**भिंड में रेत माफिया का दुस्साहस**

### डंपर छुड़ाने माइनिंग टीम को घेरा, पुलिस ने निकलवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिंड


■ टीम का 4 किमी तक पीछा किया माफिया ने

रविवार रात को माइनिंग टीम द्वारा ओवरलोड डंपर पकड़ने पर खनन माफिया ने टीम का करीब 4 किलोमीटर तक पीछा किया। हालात बिगड़ते देख पुलिस की मदद से टीम को सुरक्षित निकाला गया। जिला खनिज अधिकारी पंकज ध्वज मिश्रा अपनी टीम के साथ रविवार रात करीब 10-11 बजे चितौरा-मौ मार्ग पर रेंडम चेकिंग कर रहे थे।

## भाजपा का 47 वां स्थापना दिवस मनाया गया



**सीएम-प्रदेश अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण 14 जिलों में कार्यालयों का भूमिपूजन**

*भोपाल। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोमवार को 47वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर मध्यप्रदेश के 14 जिलों में कार्यालयों का भूमिपूजन किया गया। वहीं 3 जिलों में कार्यारंभ समारोह भी आयोजित हुए। राजधानी स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने ध्वजारोहण किया।*

**बारातियों से भरी कार ट्रक में जा घुसी**

# 4 बारातियों की मौत, 8 घायल दूल्हे के भाई की गर्दन अलग

**ट्रक चालक नशे में था, अचानक ब्रेक लगाने से हादसा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर


दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त कार

शादी वाले घर में जहां कुछ देर पहले तक जश्न था, वहां अब चीख-पुकार और सन्नाटा पसरा है। दुल्हन लेकर लौट रही बारातियों से भरी कार ट्रक में जा घुसी। हादसे में 4 युवकों की मौत हो गई, जबकि 8 लोग घायल हैं। दूल्हे के चचेरे भाई की गर्दन कटकर अलग हो गई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि क्वालिस कार के परखच्चे उड़ गए। अंदर बैठे लोग बुरी तरह फंस गए। हादसे में इरफान (24), आरिस (20) और फरहान (19) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अरफाद (23) ने इलाज के दौरान दम तोड़ा। वहीं घायलों में आसिफ (38) पिता रफीक, मो. अली (22) पिता मो. साबिर, अयान (17) पिता आबिद, सोनू (19) पिता जावेद, मो. कैफ (22) पिता साजिद अली, रेहान (21) पिता मकसूद अली, अलफेज (18) पिता नासिर खान और फैजान (16) पिता फिरोज शामिल हैं।

**भोजशाला मामला: इंदौर हाई कोर्ट में दो घंटे तक चली जोरदार बहस**

**हिंदू पक्ष बोला-24 घंटे पूजा की अनुमति हो नमाज पर रोक लगे**

# विष्णु शंकर जैन की दलील-1935 के बाद हुए अवैध कब्जे एएसआई सर्वे और मूर्तिकला को साक्ष्य के रूप में पेश किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

धार स्थित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर को लेकर मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच में सोमवार को सुनवाई हुई। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने इसे 10वीं शताब्दी की ऐतिहासिक धरोहर बताते हुए दावा किया कि 1935 के बाद यहां अवैध गतिविधियां शुरू हुईं।

उन्होंने एएसआई सर्वे और स्तंभों की मूर्तिकला को साक्ष्य के रूप में पेश किया। अदालत ने कहा है कि वह मामले की नियमित सुनवाई करेगी।

- *कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि पहले याचिकाकर्ताओं के तर्क सुने जाएंगे*
- *हिंदू पक्ष ने 10वीं से 11वीं शताब्दी की ऐतिहासिक धरोहर बताया*



**1935 से पहले भी होती थी पूजा**

महाराजा भोज सेवा संस्थान की ओर से हाईकोर्ट वकील श्रीश दुबे ने बताया कि सोमवार से इंदौर बेंच में फाइनल सुनवाई की शुरुआत हुई है। विष्णु शंकर जैन की ओर से दोपहर ढाई बजे से साढ़े जार बजे तक बहस चली है। यह बहस मंगलवार को फिर ढाई बजे से शुरू होगी।

**पेश की जा चुकी एएसआई की सर्वेक्षण रिपोर्ट**

भोजशाला को लेकर पुरातात्विक सर्वेक्षण रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश की जा चुकी है। रिपोर्ट में परिसर के ऐतिहासिक स्वरूप, स्थापत्य और शिलालेखों से जुड़े कई बड़े खुलासे सामने आए हैं। विशेष रूप से 10वीं से 13वीं शताब्दी के दौरान राजा भोज और राजा अर्जुन वर्मन द्वारा कराए गए निर्माण और सांस्कृतिक कार्यों के सबूत मिले हैं।

## असम चुनाव में गरजे पीएम मोदी कांग्रेस पर बोला तीखा हमला

# ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र कर कहा- आतंकी संगठनों पर कार्रवाई की, कांग्रेस ने वही गीत गाया जो पाकिस्तान ने लिखा, देशहित को दरकिनार कर दिया

पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अल्पकालिक उपायों पर ध्यान केंद्रित किया, ताकि वे भ्रष्टाचार में लिप्त हो सकें। इसके विपरीत, भाजपा राष्ट्र के दीर्घकालिक विकास के लिए काम करती है और समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास को सुनिश्चित करती है

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को असम के बारपेटा जिले के भबानीपुर-सरभोग में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस हमेशा से पड़ोसी देश पाकिस्तान की धुन पर नाचती रही है, जिससे राष्ट्र की सुरक्षा से समझौता होता है। पीएम ने कहा कि जहां उनकी सरकार ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे साहसिक कदम उठाए हैं, वहीं कांग्रेस देशहित को दरकिनार कर रही है। पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अल्पकालिक उपायों पर ध्यान केंद्रित किया, ताकि वे भ्रष्टाचार में लिप्त हो सकें। इसके विपरीत, भाजपा राष्ट्र के दीर्घकालिक विकास के लिए काम करती है और समाज के सभी वर्गों के समग्र विकास को सुनिश्चित करती है।

**कांग्रेस का पाक कनेक्शन हमेशा देश पर भारी**

पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने शांति स्थापित की



चुनावी रैली के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी को धातु का 'कमल' भेंट किया

**कांग्रेस पाक एजेंडे के साथ**

पीएम मोदी ने 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक और 2025 के 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा पाकिस्तान के एजेंडे को प्राथमिकता दी है। पीएम मोदी ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान कांग्रेस ने वही गीत गाया, जो पाकिस्तान ने लिखा था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 'यह पाकिस्तान कनेक्शन हमेशा देश पर भारी पड़ता है और हम ऐसा कभी नहीं होने दे सकते।

### महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण

पीएम मोदी ने कहा कि संसद में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के आम चुनावों से लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर सभी दलों के साथ चर्चा करने के लिए 16 अप्रैल को संसद का एक विशेष सत्र बुलाया गया है। पीएम ने कहा कि असम में काफी बलिदानों के बाद शांति स्थापित हुई है, जिसका श्रेय पिछले 10 वर्षों में भाजपा द्वारा हस्ताक्षरित शांति समझौतों के कार्यान्वयन में ईमानदारी के प्रयासों को जाता है।

### कांग्रेस ने मूल निवासियों को बेदखल किया

उन्होंने कांग्रेस पर आदिवासियों की उपेक्षा करने का भी आरोप लगाया, यह कहते हुए कि कांग्रेस ने घुसपैठियों को पूजा स्थलों में बसने में मदद की, जबकि भाजपा सरकार उन्हें बेदखल कर रही है और राज्य के मूल निवासियों को भूमि के दस्तावेज दे रही है।

## भारी बारिश में अमित शाह ने किया रोड शो

केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने केरल के तटीय जिले अलाप्पुझा के हरिपद में राजग उम्मीदवार संदीप वाचस्पति के



समर्थन में एक विशाल रोड शो किया। रोड शो गांधी स्क्वायर से शुरू होकर हरिपद के प्रमुख इलाकों से गुजरा। कार्यक्रम के दौरान बारिश होने के बावजूद भीड़ का उत्साह बना रहा। शाह ने रास्ते में समर्थकों का अभिवादन किया, जबकि पार्टी कार्यकर्ताओं ने रोड शो में शामिल होकर राजग उम्मीदवार के प्रति समर्थन जताया।

### एलडीएफ को भाजपा मदद कर रही: राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल के माला में कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) तथा राज्य में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के बीच की लड़ाई है। आरोप लगाया कि एलडीएफ को भाजपा से मदद मिल रही है। केरल के सीएम पिनराई विजयन को अहंकारी व्यक्ति हैं।



### बिना अनुमति नहीं छापें राजनैतिक विज्ञापन: ईसी

केरल विधानसभा चुनाव में मतदान के दिन और उससे एक दिन पहले यानी 8 और 9 अप्रैल को प्रिंट मीडिया में किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार विज्ञापन नहीं छपवाए जा सकेंगे। चुनाव आयोग (ईसी) ने निर्देश दिए हैं कि बिना मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति से अनुमति मिले कोई भी विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जा सकेगा। इस फैसले का उद्देश्य अंतिम चरणों में भ्रामक, आपत्तिजनक या भड़काऊ विज्ञापनों के प्रभाव को रोकना है।

हिमंता सरमा पर पत्नी की संपत्ति छिपाने का आरोप

## कांग्रेस की मांग- रद्द हो सीएम की उम्मीदवारी



जालुकबारी सीट से सरमा के खिलाफ चुनाव लड़ रहीं कांग्रेस उम्मीदवार बिदिशा नियोग ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से शिकायत की है। उन्होंने कहा कि सीएम की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा के पास दुबई में दो कीमती संपत्तियां हैं। इसके अलावा अमेरिका के व्योमिंग में भी उनकी कंपनियां हैं। सीएम ने फॉर्म 26 में इन संपत्तियों का जिक्र नहीं किया।

### सरमा ने आरोपों को किया खारिज

सीएम सरमा ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। कहा कि सभी दस्तावेज पाकिस्तान की सोशल मीडिया टीम द्वारा तैयार किए गए थे। मेरी पत्नी ने कल एफआईआर दर्ज कराई है।



ममता बेनर्जी का हैरान करने वाला बयान

### चुनाव से पहले एक और पहलगाम?



पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने एक चौकाने वाला बयान देते हुए सवाल उठाया कि क्या भाजपा के पास चुनाव से पहले एक और पहलगाम हमले के लिए कोई ब्लूप्रिंट तैयार है। ममता बेनर्जी ने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कहा कि वे कोलकाता को निशाना बनाएंगे।

### टीएमसी हिंदू विरोधी पार्टी: भाजपा

ममता बेनर्जी के बयान पर भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि सीएम पहलगाम आतंकी हमले को एक स्क्रिप्ट बता रही हैं। वे अल्पसंख्यक वोट बैंक को खुश करने के लिए पहलगाम हमले को स्क्रिप्ट बता रही हैं। जिसमें पाकिस्तानी आतंकवादियों ने बेकसूर हिंदुओं की हत्या की थी। टीएमसी हिंदू विरोधी पार्टी है।




### वोटर लिस्ट से गायब हुआ नंदलाल बोस के पोते का नाम



पश्चिम बंगाल में एसआईआर के दौरान प्रख्यात चित्रकार रहे नंदलाल बोस के पोते सुप्रबुद्ध सेन और उनकी पत्नी का नाम मतदाता सूची से गायब हो गया था। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को यह मामला जल्द सुलझाने को कहा है।

## खबर संक्षेप

### शरद पवार सहित 19 नए सदस्यों ने ली शपथ



**नई दिल्ली।** एनसीपी-एससीपी नेता शरद पवार सहित राज्यसभा के 19 नए सदस्यों ने सोमवार को शपथ ली। राज्यसभा अध्यक्ष सीपी राधाकृष्णन की उपस्थिति में शपथ ली गई। उपसभापति हरिवंश और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू भी उपस्थित थे।

### डॉ. छेत्री का 106 वर्ष की आयु में निधन



**नई दिल्ली।** प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ और पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित डॉ. मणि छेत्री का 106 वर्ष की आयु में उनके आवास पर निधन हो गया। उन्हें दो सप्ताह पहले गिरने के बाद सिर में चोट लगी थी और अस्पताल से घर लौटने के बाद से वह बिस्तर पर ही थे।

### कुंभ वाले बाबा अभय सिंह ने की शादी



**झज्जर।** प्रयागराज महाकुंभ में चर्चा में आए आईआईटी बाबा अभय सिंह लंबे समय बाद हरियाणा के झज्जर में अपनी पत्नी के साथ दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि दोनों ने 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर हिमाचल प्रदेश के अघंजर महादेव मंदिर में शादी की थी।

## अरुणाचल प्रदेश के सीएम पेमा खांडू को सुप्रीम कोर्ट से झटका

# 1,270 करोड़ रुपए के सरकारी ठेकों के मामले में सीबीआई को जांच के आदेश

सीबीआई को 16 हफ्तों के भीतर देनी होगी रिपोर्ट

मामले में प्रस्तुत याचिकाओं में दावा किया गया है कि पिछले 10 वर्षों में चार कंपनियों को, जो सीएम पेमा खांडू के परिवार से जुड़ी हैं, करीब 1,270 करोड़ रुपए के सरकारी ठेके दिए गए। याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने कोर्ट को बताया कि सीएम के परिवार से जुड़े ठेकों में स्पष्ट 'कॉन्फ्लिक्ट ऑफ इंटरेस्ट' पाया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सीबीआई को आदेश दिया है कि वह अरुणाचल प्रदेश में सीएम पेमा खांडू के परिवार से जुड़े कंपनियों को दिए गए सरकारी ठेकों की प्रारंभिक जांच दो सप्ताह के भीतर शुरू करे।

न्यायाधीश विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि जांच में 1 जनवरी 2015 से 31 दिसंबर 2025 तक राज्य में हुए सभी सार्वजनिक कार्यों, ठेकों और वर्क ऑर्डर्स की समीक्षा शामिल होगी। कोर्ट ने निर्देश दिया कि सीबीआई इस मामले की स्थिति रिपोर्ट 16 हफ्तों के भीतर सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत करे। अदालत ने यह आदेश 17 फरवरी को मामले की सुनवाई के दौरान सुरक्षित रखा था।

मामले में प्रस्तुत याचिकाओं में दावा किया गया है कि पिछले 10 वर्षों में चार कंपनियों को, जो सीएम पेमा खांडू के परिवार से जुड़ी हैं, करीब 1,270 करोड़ रुपए के सरकारी ठेके दिए गए। याचिकाकर्ता एनजीओ, सेव मोन रीजन फेडरेशन और वॉलंटरी अरुणाचल सेना के वकील प्रशांत भूषण ने कोर्ट को बताया कि सीएम के परिवार से जुड़े ठेकों में स्पष्ट 'कॉन्फ्लिक्ट ऑफ इंटरेस्ट' पाया गया।

### सीबीआई एक प्रारंभिक केस दर्ज करेगी

जांच में पिछले 10 साल के सभी कार्यों ठेकों की समीक्षा शामिल


सुप्रीम कोर्ट


सीएम पेमा खांडू

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक, सीबीआई एक प्रारंभिक जांच दर्ज करेगी। इसमें नवंबर 2015 से 2025 तक के अवार्ड और उनके क्रियान्वयन को शामिल किया जाएगा। इस निर्धारित अवधि के बाहर के अवार्ड की जांच करने पर कोई रोक नहीं होगी। राज्य सरकार एक सप्ताह के भीतर इस आदेश का पालन करेगी। मुख्य सचिव सीबीआई के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि सीबीआई के साथ रिकॉर्ड साझा करने का कार्य समय पर पूरा हो।

**कंपनियों को मिले ठेके विवादित**

मामले में सीएम पेमा खांडू, उनके पिता दोरजी खांडू की दूसरी पत्नी रिंचिन ड्रिमा और भतीजा त्सेरिंग ताशी को पार्टी प्रतिवादी बनाया गया है। दोरजी खांडू अरुणाचल प्रदेश के सीएम रहे और अप्रैल 2011 में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में उनका निधन हुआ था। याचिका में बताया गया कि रिंचिन ड्रिमा की कंपनी, ब्रांड ईगल्स को कई सरकारी ठेके मिले, जो विवादित और पारिवारिक संबंधों के कारण सवाल उठाते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट का निर्देश- आज अदालत में हाजिर रहें केंद्रीय गृह सचिव

**थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का मामला**

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय गृह सचिव को मंगलवार को अदालत में पेश होने को कहा है, ताकि थानों में सीसीटीवी लगाने की योजना पर सही तरीके से काम हो सके। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने यह आदेश दिया। कोर्ट थानों में सीसीटीवी की कमी पर स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी। एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए जस्टिस मेहता ने कहा कि सरकार ने खुद ही निर्देश दिए हैं कि पड़ोसी देश से आए कैमरों को हटाया जाए, क्योंकि वे डाटा रिकॉर्ड करके उसी देश में भेज रहे हैं। बेंच ने पाया, सरकार ने विशेष कैमरों को हटाने के निर्देश जारी किए हैं।

हाईवे पर मवेशियों की आवाजाही

### याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब



सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर आवारा मवेशियों की आवाजाही रोकने के लिए दायर याचिका पर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों से जवाब तलब किया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा। याचिका में प्राधिकरणों को निर्देश देने की मांग की गई है कि वे हाईवे पर मवेशियों के प्रवेश को रोकने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक दिशानिर्देश तैयार करें और उन्हें सख्ती से लागू करें।

## आरएसएस प्रमुख भागवत का संदेश

# राष्ट्र की समृद्धि और सुरक्षा ही व्यक्तिगत 'प्रगति' की कुंजी

समृद्धि और सुरक्षा अलग-अलग नहीं


डॉ. मोहन भागवत

एजेंसी ▶▶ कोच्चि

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि व्यक्तिगत समृद्धि केवल तभी प्राप्त की जा सकती है, जब देश समृद्ध और सुरक्षित हो। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए व्यक्तिगत प्रगति को देश की प्रगति से जोड़ना आवश्यक है। आरएसएस प्रमुख ने यह बात कोच्चि में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध छात्रों के सांस्कृतिक संगठन बालागोकुलम के दो दिवसीय सम्मेलन के स्वर्ण जयंती समारोह के समापन कार्यक्रम में एक सभा को संबोधित करते हुए कही। मोहन भागवत ने जोर देकर कहा कि समृद्धि और सुरक्षा को अलग-अलग हासिल नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि जब देश समृद्ध और सुरक्षित होता है, तभी परिवार भी समृद्धि और सुरक्षा प्राप्त करते हैं। जब व्यक्ति राष्ट्र की समृद्धि और सुरक्षा के लिए काम करते हैं, तो वे स्वयं भी समृद्ध होते हैं। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि लोगों को अक्सर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

### सही मार्ग से ही करियर निर्माण

युवाओं को संबोधित करते हुए डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि व्यक्तिगत करियर विकास और देश के विकास के लिए काम करने के बीच चयन को लेकर अक्सर भ्रम की स्थिति रहती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि करियर निर्माण और राष्ट्र के लिए काम करना परस्पर विरोधी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इसमें कोई भ्रम नहीं होना चाहिए, क्योंकि करियर बनाना और राष्ट्र के लिए काम करना विरोधाभासी नहीं हैं। कुंजी सही मार्ग चुनने में निहित है। डॉ. भागवत ने कहा कि अक्सर यह भ्रम रहता है कि व्यक्तिगत करियर पर ध्यान दिया जाए या देश के विकास के लिए काम किया जाए। ऐसा कोई भ्रम नहीं होना चाहिए, क्योंकि करियर बनाना और देश के लिए काम करना एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं।

### 3500 सदस्यों ने भाग लिया

यह कार्यक्रम सुबह शुरू हुआ, जिसमें करीब 3,500 बालगोकुलम सदस्यों ने भाग लिया। इनमें बड़ी संख्या में बच्चे भी शामिल थे। केरल के विभिन्न हिस्सों से आए छात्रों ने भी इस आयोजन में अपनी भागीदारी दर्ज कराई। सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के हिस्से के रूप में मोहन भागवत ने भगवान कृष्ण को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने बालागोकुलम कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों के साथ भी बातचीत की।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर पीएम मोदी ने बताया आगे का प्लान

# यूसीसी और एक देश-एक चुनाव होगा अगला मिशन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ताओं के समर्पण और बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने आपातकाल और कांग्रेस के शासनकाल के दमन से लेकर पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में राजनीतिक हिंसा तक हर तरह की कठिनाइयों का सामना किया है, ताकि पार्टी को मजबूत किया जा सके और राष्ट्र की सेवा की जा सके। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि देश जानता है, हर चुनौती का सामना करने के लिए भाजपा ईमानदारी से कोशिश कर रही है, आगे भी करेगी। पहले भी सकारात्मक नतीजे मिले हैं और आगे भी मिलेंगे।

### देश गवाह, भाजपा ईमानदारी से हर चुनौती का सामना कर रही


पीएम मोदी

**आरएसएस से मिली हमें प्रेरणा**

पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से प्राप्त प्रेरणा के विशाल और पवित्र बरगद के पेड़ के नीचे, हमें शुद्ध इरादों और ईमानदारी के साथ राजनीति में कदम रखने की प्रेरणा मिली। शुरुआती कुछ दशकों में हमने संगठन के लिए नीतियां बनाने में अपनी ऊर्जा समर्पित की। फिर वह समय आया जब भाजपा ने खुद को एक मजबूत कैडर-आधारित पार्टी के रूप में बनाने में पूरी तरह से झोंक दिया।

**कई कार्यकर्ताओं ने किया जीवन बलिदान**

पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता जनता से जुड़े मुद्दों को उठाने में कभी पीछे नहीं हटते। उन्हें दृढ़ विश्वास था कि वे जो कड़ी मेहनत कर रहे हैं, उससे भारत का भविष्य बेहतर होगा। यही कारण है कि कार्यकर्ताओं ने हर कठिनाई झेली, चाहे वह आपातकाल हो या कांग्रेस के शासन का दमन। कई कार्यकर्ताओं ने तो अपना जीवन भी बलिदान कर दिया।

### स्थापना दिवस केवल उत्सव नहीं, संकल्प का दिन: नबीन




पार्टी कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा कि पार्टी की ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित है। उन्होंने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि संकल्प का दिन है, जब कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने का प्रण लेते हैं। कार्यकर्ता पार्टी की नीति-रीति के अनुसार काम करेंगे।

## आबकारी मामले में केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल की अर्जी

# न्यायमूर्ति स्वर्णकांता को सुनवाई से अलग करने की मांग, बोले- खुद रखूंगा 'दलीलें'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली हाई कोर्ट ने आबकारी नीति मामले में पूर्व दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल समेत अन्य आरोपियों के पक्ष में दिए गए डिस्चार्ज आदेश के खिलाफ सीबीआई की संशोधन याचिका पर सुनवाई की। आप संयोजक केजरीवाल खुद हाई कोर्ट पहुंचे और इस मामले में न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा से खुद को अलग करने की मांग की।

### अदालत 'नाटक' के लिए नहीं: मेहता

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मामले से अलग होने के लिए 7 आवेदन दाखिल किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग दूसरों पर आरोप लगाकर अपना करियर बनाते हैं जबकि ये आरोप एक संवैधानिक संस्था के खिलाफ हैं। अदालत में मौजूद एक पक्षकार खुद दलील देना चाहता है। लेकिन उसके पास वकील भी है। ऐसे में उसे अपने वकील को हटाकर हर सुनवाई में स्वयं बहस करनी चाहिए। मेहता ने सख्त लहजे में कहा कि यह मंच और यह अदालत किसी तरह के 'नाटक' के लिए नहीं है।

**कानूनी अधिकार का इस्तेमाल करूंगा**

केजरीवाल ने अदालत से कहा कि वे अपने कानूनी अधिकार का इस्तेमाल करते हुए खुद अपना पक्ष रखना चाहते हैं और जब भी अदालत अनुमति देगी, वे अपनी दलीलें पेश करेंगे। अदालत ने इस मांग पर सीबीआई को कल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

# फिजां में राहत घुली, सैलानियों ने पिकनिक स्पॉट्स पर दो से तीन घंटे डाला डेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में पांच से छह दिनों से बदले मौसम का असर रविवार को फिजां में राहत घुलने के रूप में सामने आया। शहर में सुबह और शाम को गर्मी का असर लगभग गायब रहा, जबकि रात में भी मौसम सुहाना बना रहा। इससे सैलानियों ने दोपहर बाद से ही शहर की नहीं, आसपास के पिकनिक स्पॉट्स पर दो से तीन घंटे के लिए डेरा जमाना शुरू कर दिया। देर रात 10 बजे तक शहर के अंदर जहां बोट क्लब, शाहपुरा लेक, मनुआभान की टेकरी, वनविहार में सैलानियों की शाम तक भीड़ रही। चिड़ियाटोल और कंकाली मंदिर की ओर जाने वाली सड़क के किनारे देर शाम तक लोग गाडियों के बाहर निकल कर टहलते हुए नजर आए। रविवार को शहर का दिन का पारा लगातार तीसरे दिन गिरने से सामान्य से 4 डिग्री तक कम दर्ज हुआ, जबकि रात का पारा भी सामान्य से एक डिग्री कम रहने से राहत रही। दिन का पारा 33.4 और रात का 20 डिग्री के करीब रहा। मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार को भी भोपाल में मौसम ऐसा ही रहेगा।

**दिन में बादलों के आने जाने के बीच धूप की तेजी में आई कमी, रात में बादल छंटने के साथ हवाएं बदली तो गिरा पारा**

**बोट क्लब, वनविहार, मनुआभान की टेकरी, चिड़ियाटोल, कंकाली मंदिर के रास्ते पर सड़क किनारे तक टहलते दिखे लोग**


बोट क्लब पर सैलानियों की भीड़।

### 7 से 8 अप्रैल के बीच बौछारों का अनुमान

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी पश्चिमी विक्षोभ और सकुर्लेशन के असर से प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में बारिश, आंधी का असर है। भोपाल में बादल और आसपास बूंदावांदी हो रही है। नए डब्ल्यूडी के असर से 7 से 8 अप्रैल के बीच भोपाल में मौसम में बदलाव के बीच तेज हवाओं के साथ बौछारों की उम्मीद है। इससे अभी तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं होगा।



**तीन दिन बाद गर्मी बढ़ेगी**

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार 9 अप्रैल तक भोपाल में मौसम ऐसा रहने के बाद 10 अप्रैल से बादलों में कमी आएगी। आंधी-बारिश कम होने से दिन के तापमान में बढ़त शुरू होगी। इससे 12 अप्रैल के बाद गर्मी फिर तेजी पकड़ लेगी।

## खबर संक्षेप

### पीडब्ल्यूडी की सड़कों की मरम्मत की डेडलाइन अप्रैल तक

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लोक निर्माण विभाग की सड़कों और भवनों के रखरखाव को लेकर सख्ती बढ़ा दी गई है। विभाग के प्रमुख अभियंता केपीएस राणा ने सभी मुख्य अभियंताओं को निर्देश दिए हैं कि विभाग के अंतर्गत आने वाली सड़कों और भवनों के मरम्मत व मजबूतीकरण के कार्य 30 अप्रैल तक हर हाल में पूरे कर लिए जाएं। निर्देश में साफ कहा गया है कि बारिश शुरू होने के बाद मरम्मत कार्यों में बहानेबाजी स्वीकार नहीं की जाएगी। इसलिए समय सीमा तय करते हुए इंजीनियरों को अभी से काम में तेजी लाने के लिए कहा गया है। इन कार्यों की मॉनिटरिंग अब सॉफ्टवेयर के जरिए की जाएगी। हर सोमवार को कार्यों की समीक्षा भी होगी, जिससे प्रगति पर लगातार नजर रखी जा सके। अधिकारियों को अपने अधीनस्थ अमले को भी समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश देने को कहा गया है।

**बजट स्वीकृति के साथ ही तय होगी टाइमलाइन-** अब तक विभाग में बजट स्वीकृत होने के बाद डीपीआर तैयार करने, टेंडर जारी करने और काम शुरू करने में करीब दो महीने लग जाते थे। इससे कई बार बारिश आने से पहले काम पूरा नहीं हो पाता था। इसे देखते हुए अब बजट स्वीकृति के साथ ही कार्यों की समय सीमा तय कर दी गई है।

**विधायकों की सिफारिशों का दबाव-** विभाग के पास प्रदेशभर के सांसदों और विधायकों की ओर से नई सड़कों के निर्माण और पुरानी सड़कों की मरम्मत के लिए बड़ी संख्या में प्रस्ताव लंबित हैं।

### सड़क हादसे में पति-पत्नी और बेटे की मौत ड्राइवर गंभीर घायल

**सरगुजा।** सोमवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में प्रतापपुर-अंबिकापुर मार्ग पर सकालो जंगल के पास यह दुर्घटना हुई। इसमें एक ही परिवार के तीन लोग पति-पत्नी और बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। गांधीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत हुए इस हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। दुप्पी चौरा रजापुर निवासी एक परिवार सुबह करीब पांच बजे कार से अंबिकापुर की ओर आ रहा था। इसी दौरान प्रतापपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने कार को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला।

**गायत्री शक्ति पीठ में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण कार्यक्रम**

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की प्रावीण्य सूची में 33 छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में रविवार को गायत्री शक्तिपीठ, एमपी नगर में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, प्राचार्य, शिक्षक एवं परीक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजकों ने सहभागिता की। इस वर्ष लगभग 6 लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 33 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में चयनित हुए। इन मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। साथ ही प्रत्येक जिले से एक-एक शिक्षक एवं प्राचार्य को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। विगत 32 वर्षों से आयोजित यह परीक्षा बच्चों के नैतिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।


गायत्री शक्तिपीठ।

### नैतिक उत्थान का सशक्त माध्यम है यह परीक्षा

कार्यक्रम में शांतिकुंज हरिद्वार के राम यश तिवारी ने परीक्षा को विद्यार्थियों के नैतिक उत्थान का सशक्त माध्यम बताया। वहीं सुधीर श्रीपाद ने कहा कि यह परीक्षा विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति से जोड़ने के साथ उनके भविष्य निर्माण में भी सहायक सिद्ध हो रही है, यहां तक कि इसके प्रश्नपत्रों से प्रेरणा लेकर कई विद्यार्थियों ने प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की है। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ भोपाल के व्यवस्थापक राजेश पटेल, के एल पटेल, पूनम चंद वर्मा सहित अनेक परिजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### 21 बहनों का पुंसवन संस्कार

इसी क्रम में "आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी" अभियान के अंतर्गत 21 बहनों का पुंसवन संस्कार प्रातः 10:30 बजे सम्पन्न कराया गया, जो आयोजन का विशेष आकर्षण रहा।कार्यक्रम के अंत में जिला समिति की गोष्ठी आयोजित कर आगामी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया तथा पूरे आयोजन का सफलतापूर्वक समापन किया गया।

### 13 सूत्रीय अभियानों की कार्य योजना पर विमर्श



संध्याकालीन समय में तीसरा कार्यक्रम भोपाल जिला समन्वय समिति की गोष्ठी में 3 तहसील 11 चेतना केंद्र के साथ मध्य प्रदेश के जोनल समन्वयक राजेश पटेल एवं रमेश नागर जिला समन्वयक की उपस्थिति में शताब्दी वर्ष की आगामी 13 सूत्रीय अभियानों की कार्य योजना पर विस्तार से विचार विमर्श कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

**प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प, शहर में हुए कई आयोजन**

## ईसाई समुदाय ने धूमधाम से मनाया ईस्टर पर्व, गिरजाघरों में हुई प्रार्थना सभा

**भोपाल।** ईस्टर संडे यानी पास्का रविवार सभी गिरजाघरों में धूमधाम से मनाया गया। गुड फ्राइडे के तीसरे दिन प्रभु यीशु पुनर्जीवित हो गए थे। इसी खुशी में ईसाई समाज के लोग ईस्टर मनाते हैं। इस मौके पर गिरजाघरों में मिस्सा बलिदान चढ़ाने के साथ विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया । इस दौरान प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इसके साथ ही पुर्नरूत्थान के गीत गाए गए।


ईस्टर पर प्रार्थना सभा।

### एक अंत के बाद हमेशा नई शुरूआत होती है : आर्च बिशप

होली फैमिली चर्च चर्च में आयोजित कार्यक्रम में आर्चबिशप डॉ ए. ए. एस दुरईराज शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जीवन की तमाम चुनौतियों और अनिश्चितताओं के बीच, ईस्टर हमें यह महत्वपूर्ण संदेश देता है कि एक अंत के बाद हमेशा एक नई शुरूआत होती है। उन्होंने कहा कि ईस्टर हमें अपने हृदयों में दया, करुणा और समझ जैसे मानवीय मूल्यों को विकसित करने और इन गुणों को अपने आस-पास के सभी लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करता है। फादर अल्फ्रेड डिसूजा ने ईस्टर की शुभकामनाएं देते हुए कहा ईस्टर का पर्व अपने साथ आशा, नवीनीकरण और अपार खुशी का संदेश लेकर आता है।

# 'सबका साथ-सबका विकास' से सिकल सेल का उन्मूलन संभव


राज्यपाल ने की कार्यक्रम में शिरकत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन प्रयासों को जन-आंदोलन बनाना होगा। सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र को अपनाकर ही इस अनुवांशिक बीमारी से समाज को मुक्त किया जा सकता है। यह बात रविवार को बदनावर के सिविल अस्पताल के नवीन भवन के लोकार्पण और मेगा स्वास्थ्य शिविर को संबोधित करते हुए राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कही। राज्यपाल ने कहा कि सिकल सेल उपचार के विषय मे भ्रामक जानकारियों से भ्रमित नहीं हो। सिकल सेल उपचार के प्रति किसी भी प्रकार की भ्रांति नही पालें। केवल पंजीकृत चिकित्सकों के परामर्श के अनुसार ही दवाइयों का नियमित सेवन करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस बीमारी को निरंतर उपचार और सही जानकारी के माध्यम से ही नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक 1 करोड़ 31 लाख से अधिक जांचें की जा चुकी हैं। जनजातीय क्षेत्रों में विशेष रूप से जागरूकता बढ़ाने के लिए सिकल सेल मित्र तैयार किए जा रहे हैं, जो इस मिशन में सेतु का कार्य करेंगे। राज्यपाल ने बदनावर प्रवास के दौरान संकल्प से समाधान अभियान के समापन कार्यक्रम में शासन कि विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान किए। स्थल पर शासकीय विभागों द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, विधायक नीना विक्रम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेढ़ा, नगर पालिका अध्यक्ष मीना शेखर यादव, पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव और शहीद नरेंद्रसिंह राठौर के परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

**राज्यपाल ने सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन को जन-आंदोलन बनाने का किया आह्वान**

**कवर्धा बाईपास निर्माण पर अहम चर्चा**

# सांसद पांडेय ने की केंद्रीय मंत्री गडकरी से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

भाजपा सांसद संतोष पांडेय ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। उन्होंने छत्तीसगढ़ सहित देश में सड़क विस्तार के कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। इस मुलाकात में कवर्धा शहर में लगातार बढ़ते यातायात दबाव का मुद्दा उठाया गया। सांसद पांडेय ने कवर्धा बाईपास निर्माण का प्रस्ताव रखा। साथ ही कबीरधाम जिले से चिल्फी घाटी होते हुए मध्यप्रदेश को जोड़ने वाली करीब 125 किलोमीटर लंबी एक लेन सड़क को उन्नत करने की मांग की। यह सड़क धवईपानी से सिमगा तक फैली है। इसे चार लेन में अपग्रेड करने का प्रस्ताव मंत्री गडकरी को ज्ञापन के माध्यम से सौंपा गया। कवर्धा शहर में बढ़ती आबादी और मालवाहक वाहनों की संख्या के चलते यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है। बाईपास सड़क बनने से भारी वाहनों का शहर में प्रवेश कम होगा। यह बाईपास शहर के भीतर यातायात को सुगम बनाने में सहायक होगा।

### छग-मप्र के बीच मजबूती

चार लेन सड़क से छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के बीच संपर्क मजबूत होगा। इससे दोनों राज्यों के बीच आवागमन आसान हो जाएगा। व्यापारिक गतिविधियों को भी बड़ा बढ़ावा मिलने की संभावना है। बालाघाट की सांसद भारती पारधी भी इस दौरान मौजूद थीं। भारती पारधी ने भी क्षेत्रीय विकास के लिए सड़क परियोजनाओं की आवश्यकता पर जोर दिया।

**बीच-बचाव करने पर पति को भी पीटा, चार आरोपी गिरफ्तार**

# सामान खरीदने दुकान गई महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिला मुख्यालय में सामान खरीदने दुकान गई महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बीच बचाव करने आए महिला के पति के साथ भी आरोपियों ने मारपीट भी की है। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

वहीं एक अन्य की तलाश की जा रही है। मामला कोतरा रोड थाना क्षेत्र का है। पीड़िता ने बीते रविवार को कोतरा रोड थाना पहुंचकर रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि चार अप्रैल की रात 11:30 बजे वह अपने पति के साथ कुछ सामान खरीदने दुकान गई थी। इस बीच ऑटो में वहां पहुंचे आरोपी मुन्ना गिरी और उसके अन्य साथी महिला को अकेला समझकर जबरन उसे दुकान के अंदर ले जाने लगे। इसका विरोध करने पर महिला के पति के साथ आरोपी दीपक सिदार और पिंटू निषाद ने मारपीट की और फिर आरोपी मुन्ना गिरी, यागेश सिदार और जागेश्वर पटेल ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत के बाद कोतरा रोड पुलिस पांच आरोपियों के खिलाफ धारा 70(1), 115 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज करते हुए घटना में प्रयुक्त ऑटो को जब्त करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया, जिसके बाद चारों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।



**एनटीपीसी कावेरी विहार कॉलोनी की घटना**

# युवक की पिटाई, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

दर्री थाना क्षेत्र के एनटीपीसी कावेरी विहार कॉलोनी में एक युवक की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह घटना लगभग 30 मार्च 2026 के आसपास की बताई जा रही है। पीड़ित युवक कावेरी विहार सर्वेंट क्वार्टर में रहता है। उसकी पत्नी अधिकारियों के घरों में साफ-सफाई का काम करती है। बताया जा रहा है कि पीड़ित शराब पीने का आदी है और घटना के समय वह नशे में था। उसने अपने एक परिचित की बाइक ली और शराब पीने चला गया। वह वापस तो लौटा, लेकिन बाइक लेकर नहीं आया। इसके बाद बाइक के मालिक ने पीड़ित की जमकर पिटाई कर दी। उसे इतना पीटा गया कि उसके कपड़े तक निकाल दिए गए। सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर उसे नग्न हालत में पीटा गया। राहगीरों की नजर पड़ने पर युवक को रोका गया। लोगों ने घटनाक्रम की जानकारी ली, तब पता चला कि उसने गाड़ी बेच दी थी।

### घटना के बाद लोगों का लगा हुजूम

इस घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। युवक खून से लथपथ इधर-उधर भागने लगा। लोगों ने उसे कॉलोनी से कहीं और जाने के लिए कहा। कई लोग कॉलोनी में आना-जाना कर रहे थे, जिसमें युवतियां और महिलाएं भी शामिल थीं। लोगों ने तत्काल पुलिस हेल्पलाइन 112 को सूचना दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

**जनजीवन प्रभावित, उमस से लोग परेशान**

# बदल रहा मौसम का मिजाज कभी बारिश तो कभी तेज धूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले में पिछले तीन दिनों से मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। कभी तेज धूप तो कभी काली घटा के साथ अचानक तेज बारिश, आंधी तूफान और आकाशीय बिजली का प्रकोप देखने को मिल रहा है। इससे जनजीवन खासा प्रभावित हुआ है और लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को कोरबा जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में जमकर बारिश हुई और आंधी तूफान आया। रविवार सुबह हल्की बूंदाबांदी से तापमान में थोड़ी गिरावट आई, लेकिन दोपहर में तेज धूप से उसम बढ़ गई। शहर का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। सोमवार सुबह लगभग 5:00 बजे अचानक झमाझम बारिश हुई, जिससे सड़कों पर पानी भर गया। दोपहर होते ही धूप निकली और फिर अचानक बारिश शुरू हो गई, जिससे तापमान में बदलाव आया। अगले पांच दिनों तक अधिकतम तापमान 36 से 38 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, दिनभर आसमान में बादल छाए रहेंगे और धूप-बादलों की आवाजाही जारी रहेगी। हल्की बारिश के बावजूद उसम से राहत मिलने के आसार कम हैं, न्यूनतम तापमान 20 डिग्री पर बना हुआ है। आंधी तूफान के कारण शहर के चौक-चौराहों पर लगे बैनर-पोस्टर फटकर उड़ गए हैं।

**अब कन्फर्म टिकट के लिए यात्रियों को परेशान होने की नहीं होगी जरूरत**

# उधना-जयनगर के बीच चलेगी समर स्पेशल ट्रेन: इटारसी सहित कई स्टेशनों पर ठहराव, गाड़ी में 22 जनरल कोच लगाए, यात्रियों को मिलेगी सहूलियत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गर्मियों की छुट्टियों में ट्रेनों में होने वाली भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने भोपाल मंडल से होकर उधना और जयनगर के बीच एक स्पेशल अनारक्षित (जनरल) ट्रेन चलाने का फैसला किया। यह ट्रेन पूरी तरह से जनरल डिब्बों वाली होगी, जिसमें कुल 22 कोच लगाए गए हैं। इस ट्रेन की सबसे खास बात यह है कि इसमें सभी डिब्बे जनरल श्रेणी के हैं। यानी यात्रियों को कन्फर्म टिकट के लिए परेशान होने की जरूरत नहीं होगी और वे सीधे स्टेशन से टिकट लेकर सफर कर सकेंगे। गर्मी के मौसम में यात्रियों के बढ़ते दबाव को कम करने के लिए रेलवे इसे विशेष किराये के साथ चला रहा है।



### उधना से जयनगर का टाइम-टेबल

गाड़ी संख्या 09061 उधना-जयनगर स्पेशल ट्रेन 5 और 12 अप्रैल को पटरी पर दौड़ेगी। यह ट्रेन हर रविवार को उधना से रात 1:30 बजे रवाना होगी। सफर के दौरान यह दोपहर 12:50 बजे इटारसी, शाम 4:40 बजे जबलपुर, शाम 6:15 बजे कटनी और रात 7:55 बजे सतना पहुंचेगी। अगले दिन यानी सोमवार दोपहर 2:30 बजे यह ट्रेन जयनगर पहुंच जाएगी।

### जयनगर से उधना की वापसी

वापसी में गाड़ी संख्या 09062 जयनगर-उधना स्पेशल ट्रेन 6 और 13 अप्रैल को चलाई जाएगी। यह हर सोमवार को जयनगर से शाम 5:30 बजे रवाना होगी। अगले दिन यानी मंगलवार को यह सुबह 11:40 बजे सतना, दोपहर 1:15 बजे कटनी, दोपहर 3:15 बजे जबलपुर और शाम 7:00 बजे इटारसी पहुंचेगी। बुधवार सुबह 6:15 बजे यह ट्रेन उधना पहुंच जाएगी।

### इन शहरों के यात्रियों को मिलेगा फायदा

यह ट्रेन रास्ते में नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय (मुगलसराय), बक्सर, आरा, पटना और दरभंगा जैसे प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी।

### निशातपुरा कोच फैक्ट्री में 1336 कोचों का मेंटेनेंस कर बनाया नया रिकॉर्ड

**भोपाल।** सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना, निशातपुरा भोपाल में पिछले साल रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। 1336 कोचों का मेंटेनेंस कर नया रिकॉर्ड बनाया है। कोच फैक्टरी में चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कुल 1336 कोचों का सफलतापूर्वक पीरियोडिक ओवर हॉलिंग (पीओएच) कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। वरिष्ठ अधिकारियों की सतत निगरानी में भोपाल कारखाना प्रबंधन ने टीम भावना और सुनियोजित कार्ययोजना के साथ यह सफलता हासिल की।

**संरचनात्मक उपकरणों की मरम्मत की जाती है**

#### मुख्य रूप से यह काम हुए

- कोचों की बॉडी और अंडरगियर की मरम्मत कर परिचालन में अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है।
- ट्रॉली, बोगी के सभी महत्वपूर्ण पार्ट्स की मरम्मत की जाती है, जो सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।
- एयर ब्रेक सिस्टम, बफर व अन्य संरचनात्मक उपकरणों की मरम्मत की जाती है ताकि यात्रियों को झटका-रहित और सुरक्षित यात्रा का अनुभव हो सके।
- व्हील और एक्सल का रखरखाव और मरम्मत कर परिचालन सुरक्षा को सुदृढ़ किया जाता है।

## आरएसएस ने आयोजित की सामाजिक सद्भाव बैठक

# भारतीय संस्कृति के अनुकरण करने से जीवन बनेगा खुशहाल

हरिभूमि जबलपुर।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने अवसर पर सद्भावना समिति दीनदयाल नगर के तत्वावधान में समाज में समरसता, एकात्मता और परस्पर सहयोग की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से "सामाजिक सद्भाव बैठक" का आयोजन लाल बहादुर शास्त्री विद्यालय त्रिमूर्ति नगर में किया गया. बैठक का संचालन दीनदयाल नगर कार्यवाह आलोक अग्निहोत्री ने किया, अतिथियों का स्वागत अतुल श्रीवास्तव पवन गुप्ता व दुलीचंद कोष्टा ने तिलक लगाकर श्रीफल और श्री राम नाम वस्त्र/पट्टा भेंट कर किया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य वक्ता भीष्म सिंह राजपूत क्रीड़ा भारती के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य, नगर संघ चालक कन्हैया लाल गुप्ता एवं मुकेश कुमार सेन क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट संचालक नशा मुक्ति, मनोआरोग्य, दिव्यांग पुर्नवास केंद्र के मुख्य आतिथ्य में भारत माता के चित्र में माल्यार्पण किया गया उसके पश्चात मनीष द्वारा एकल गीत "राष्ट्र की जय चेतना का गान वंदे मातरम, राष्ट्रभक्ति प्रेरणा का गान वंदे मातरम" के साथ हुआ. कार्यक्रम में विभिन्न जाति और वर्ग के लोगों ने भागीदारी की। बैठक की शुरुआत भारत माता के तेलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसके बाद सामाजिक समरसता और आपसी एकता पर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच संवाद, सहयोग और सामाजिक एकता और स्वास्थ्य को सशक्त बनाने के विषयों पर प्रबुद्ध और वरिष्ठजनों द्वारा विचार रखे गए. मुख्य अतिथि मुकेश कुमार सेन क्लीनिकल




साइकोलॉजिस्ट ने समाज को सशक्त, समृद्ध, स्वस्थ और समरसता पूर्ण बनाने के विषय में अपने विचार रखे समाज में पाश्चात्य सभ्यता और भौतिकवाद के अंधानुकरण के कारण युवाओं में मादक द्रव्यों का नशा और मानसिक रोग जैसी विकराल समस्या समाज के लिए गंभीर विषय बन चुका है जिससे समाज में अपराध, अराजकता और गंभीर शारीरिक और मानसिक बीमारीयों ने जन्म ले लिया है और इसका प्रमुख कारण है देश के युवाओं का भारतीय सनातन संस्कृति के मूल आधार आध्यात्मिकता से दूर जाना और यदि हमारे राष्ट्र की युवा पीढ़ी पथभ्रष्ट हो रही है तो किस प्रकार हमें उनके अंदर भक्ति, ज्ञान और सतकर्म के साथ स्वयं सहित, परिवार, समाज, राष्ट्र और मानवजाति के प्रति जिम्मेदार बनाने का प्रयास किया जाए, महर्षि वेदव्यास जी के वाक्य "परोपकाराय पुण्याय पापाय परपीडनम्" अर्थात दूसरों की भलाई (परोपकार) करना पुण्य है, और दूसरों को दुःख (पीड़ा) पहुँचाना पाप है। यह श्लोक भारतीय संस्कृति में परोपकार और अहिंसा के महत्व को दर्शाता है।

भारतीय संस्कृति और भारतीय दर्शन का अनुकरण करना चाहिए, वहीं मुख्य वक्ता भीष्म सिंह राजपूत ने अपने उद्बोधन में बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का ध्येयः 'पंच-परिवर्तन' से राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है. पंच परिवर्तन के पांच आयाम कुटुंब प्रबोधन (पारिवारिक मूल्य), सामाजिक समरसता (जाति-भेद मिटाना), पर्यावरण संरक्षण (पानी, पेड़, प्लास्टिक मुक्त), नागरिक कर्तव्य (अनुशासन), और स्वदेशी जीवन शैली (भाषा, भोजन, भेष) जिसे अपनाकर एक सुखी, स्वस्थ, शिक्षित, समृद्ध समाज की पुर्नस्थापना की जा सकती है. मातृशक्ति कि ओर प्रसिद्ध कवियित्री श्रीमती संध्या जैन ने कहा कि मोबाइल और सोशल मीडिया के दुरूपयोग के विषय में भी विचार किया जाए साथ ही सामाजिक भाईचारे और सहयोग की भावना को सशक्त करने पर बल देने की आवश्यकता पर बल दिया। अंत में सभी ने सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ज्ञानार्जन पांडेय उपेन्द्र शर्मा डा मुकेश पाण्डेय आर्यन पाडेय रोहिणी विश्वकर्मा संजय उपाध्याय प्रताप प्रजापति, गजेंद्र कोष्टि, डेनी बुंदेला विमल नामदेव मुकेश कोष्टा संजीव उपाध्याय संतोष पटेल राकेश यादव छत्रपाल शुक्ला जगदीश सोनी सहित सभी सामजिक प्रमुख व पदाधिकारी उपस्थित रहे।




## विदेश नीति केवल कूटनीतिक संबंधों का विषय नहीं

# ढुलमुल विदेश नीति से भारत की साख प्रभावित: विवेक अवस्थी

हरिभूमि जबलपुर।

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भारत की विदेश नीति को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के संयोजक विवेक अवस्थी ने एक जन चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा दौर में देश की विदेश नीति स्पष्ट दिशा से भटकी हुई नजर आ रही है, जिससे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की साख कमजोर पड़ रही है। इस अवसर पर आयोजित जन संसद में दादा मदन तिवारी, राजकुमार सिन्हा, अंजना कुररिया, सतीश तिवारी, महेश पसीने, राजेश सोनकर, शिवकुमार चोबे, शिव चौधरी, बच्चा यादव, कमला पटेल, शरद गोर, विवेक पवार, भग्गू साहू, सरमन रजक, सुधीर शर्मा, प्रमोद पटेल, कमलेश यादव, दुर्गा कुशवाह, आशीष जैन और दादू लाल कूड़ापे सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

विवेक अवस्थी ने स्वतंत्रता के बाद के दौर को याद करते हुए कहा कि जब भारत ने वैश्विक मंच पर कदम रखा, तब अनेक चुनौतियां सामने थीं। उस समय पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश को एक सशक्त और नैतिक विदेश नीति दी, जो शांति, सह-अस्तित्व और गुटनिरपेक्षता के सिद्धांतों पर आधारित थी। गुटनिरपेक्ष आंदोलन के माध्यम से भारत ने यह स्पष्ट किया था कि वह किसी भी शक्ति गुट का हिस्सा नहीं बनेगा और अपनी स्वतंत्र पहचान बनाए रखेगा।

उन्होंने वर्तमान स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि आज अमेरिका भारत को टैरिफ और तेल खरीद के मुद्दे पर खुलेआम धमका रहा है, जो देश की कमजोर कूटनीतिक स्थिति को दर्शाता है। अवस्थी ने कहा कि विदेश नीति केवल कूटनीतिक संबंधों का विषय नहीं बल्कि देश की वैश्विक पहचान और सम्मान से जुड़ा मुद्दा है।

# जनसेवा मंच मनायेगा अम्बेडकर जयंती

**जबलपुर**। संत रविदास नगर गली नं. 3 बादशाह हलवाई मंदिर के पास गौरीघाट रोड जबलपुर म.प्र. में जागो रे जागो भैया कार्यक्रम के तहत डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर जनसेवा मंच की सभा शारदा प्रसाद चौधरी की मुख्य अतिथि और तुलसीराम चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मौके में जन समुदाय को मंच के मुखिया चौधरी साहब ने कहा कि जिले के सभी मुखिया चौधरी साहब ने कहा कि जिले के सभी विधान सभा क्षेत्रों से कार्यकर्ता अंबेडकर जयंती पर तहसीली चौक पहुंचेंगे वहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। साथ ही प्रातः 10 बजे बाबा साहेब की मूर्ति में माल्यार्पण करेंगे। उनके बताए गए सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लेंगे। इस मौके में राम जियाही सेठ तुलसीराम चौधरी, रवि सतनामी, कमल चौधरी, मोती लाल साधु, रामबाई, सिया बाई, चन्दा बाई, दुर्गा देवी, अनिल चौधरी, मोहन लाल, धर्मेन्द्र सतनामी, मीना बाई, संतोष निडर, मथुरा प्रसाद सतनामी, डॉ. मानकलाल जाटव सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खेल समाचार

# लायंस एफसी टीम जबलपुर विजयी ब्यायज एफसी को 6-0 से हराया

**जबलपुर**। लायंस एफसी टीम जबलपुर ने अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए ब्वायज एफसी उकवा को एकतरफा मुकाबले में 6-0 गोल से परास्त कर अंडर-15 राज्य यूथ लीग फुटबाल प्रतियोगिता में तीन अंकों के साथ अग्रता हासिल की।

स्थानीय ग्लोबल कॉलेज मैदान पर मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के तत्वावधान में खेली जा रही यूथ लीग स्टेट फुटबॉल स्पर्धा बालक वर्ग में सोमवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच लायंस एफसी जबलपुर एवं ब्वायज एफसी उकवा के बीच खेला गया। खेल शुरू होते ही लायंस एफसी आक्रमण करती रही। खेल के दसवें मिनट में लायंस एफसी ने पहला गोल किया। 40वें मिनट में लायंस ने दूसरा गोल किया। ब्वायज क्लब उकवा गोल करने का प्रयास करती है परंतु गलत तालमेल के कारण गोल करने में असफल रही। मध्यांतर तक लायंस क्लब 2-0 से बढ़त बनाई रही। मध्यांतर के बाद पुनः एक बार लायंस एफसी बढ़त बनाने का प्रयास करती रही। परन्तु उकवा एफसी के रक्षापंक्ति के शानदार खेल के कारण स्कोर नहीं कर पा रही थी। परंतु लायंस के कोच आशीष पिल्लै ने रणनीति बदल कर खिलाना शुरू किया। लायंस ने खेल के 50वें मिनट में तीसरा गोल किया। खेल के 60वें मिनट में लायंस ने चौथा गोल किया। उकवा बराबर करने का प्रयास करती रही, परन्तु सफलता नहीं मिली। खेल के 70वें मिनट में पांचवां गोल किया। 88वें मिनट में लायंस ने छठवां गोल किया। अंत में लायंस एफसी जबलपुर ने ब्वायज एफसी उकवा को 6-0 से हराया और 3 अंक अर्जित किए।

**सतना सोल्डर की सांची पर आसान जीत :** दिन का दूसरा मैच सतना सोल्डर क्लब और सांची वॉरियर्स रायसेन के बीच खेला गया। दोनों टीम को जीत जरूरी थी, सतना गोल करने का प्रयास करती रही। खेल के 15वें मिनट में सतना ने पहला गोल किया। मध्यांतर तक सतना एक गोल से आगे रही, मध्यांतर के पश्चात सांची वॉरियर्स बराबर करने का प्रयास करती रही, परन्तु खेल के 80वें मिनट में सतना सोल्डर ने दूसरा गोल किया। सांची वॉरियर्स बराबर करने का प्रयास करती रही परन्तु गलत तालमेल के कारण गोल करने में सफल नहीं हो सकी। अंत में सतना सोल्डर सतना 2-0 से विजयी रही और 3 अंक अर्जित किए।

## मध्य प्रदेश ने ओडिशा को 6-4 से किया पराजित

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश की राष्ट्रीय सब जूनियर पुरुष हाकी स्पर्धा में जीत का सिलसिला जारी है। अपने दूसरे मैच में भी टीम ने जीत के साथ लीग में बढ़त बनाए रखी है। सोमवार को समूह के दूसरे मैच में मप्र ने ओडिशा को 6-4 गोलों के अंतर से पराजित किया। हाकी इंडिया के तत्वावधान में राजगीर बिहार में आयोजित की जा रही 16वीं राष्ट्रीय सब जूनियर पुरुष हाकी के संबंध में हाकी मध्य प्रदेश के महासचिव लोक बहादुर ने यहां बताया कि मध्य प्रदेश एवं ओडिशा ने खेल के आरंभ से ही एक दूसरे पर बराबरी से जवाबी आक्रामण किए। खेल के आठवें मिनट में मध्य प्रदेश की अग्रिम पंक्ति ने तालमेल के साथ एक शानदार आक्रामण किया। जिसके फलस्वरूप सिद्धार्थ बेन ने फील्ड गोलकर टीम को शुरूआती बढ़त दिलाई। मध्य प्रदेश ने आक्रामक खेल जारी रखा। जिसके परिणामस्वरूप खेल के 12वें मिनट में मध्य प्रदेश के पक्ष में एक पेनाल्टी कार्नर दिया गया। जिसको अंश बहुतरा ने गोल में तब्दील कर बढ़त को 2-0 करा दिया। इसके पश्चात ओडिशा के द्वारा एक जबाबी आक्रमण किया।

**15 मिनट में तीन गोल हुए :** खेल के 15वें मिनट में ओडिशा के पक्ष में एक पेनाल्टी कार्नर दिया गया। जिसको विंनसेंट तिरकी ने गोल में परिवर्तित कर बढ़त को 1-2 कर दी। 19वें मिनट में मध्य प्रदेश को पेनाल्टी कार्नर मिला। जिसको नंदू सिंह ने गोल में तब्दील कर बढ़त को 3-1 करा दी। इसके बाद पुनः ओडिशा की ओर एक जवाबी आक्रमण किया गया। जिसके फलस्वरूप खेल के 34वें मिनट में ओडिशा के पक्ष में एक पेनाल्टी कार्नर दिया गया। जिसे दीपक टोपो ने गोल में तब्दील कर बढ़त को 2-3 कराई। खेल के 37वें.मिनट में करन गौतम ने फील्ड गोल कर टीम की बढ़त को 4-2 करा दिया। 49वें मिनट में सिद्धार्थ बेन ने मप्र के लिए फील्ड गोल किया। 53वें मिनट में अविनास लकरा ने फील्ड गोल कर ओडिशा का स्कोर 3-5 करा दिया। इसके पश्चात खेल के 58वें मिनट में मध्य प्रदेश की ओर से अवि मानिकपुरी ने शानदार फील्ड गोल कर टीम की बढ़त को 6-3 करा दी। खेल के 60वें मिनट में ओडिशा के दीपक टोपो ने गोल कर स्कोर 4-6 किया। इसके पश्चात मध्य प्रदेश ने पुनः आक्रामक खेल जारी रखा और मध्य प्रदेश ने खेल के अंतिम क्षणों तक 6-4 की बढ़त कायम रखी।

## फाइनल मैच कटनी और सिवनी में मध्य खेला जाएगा

**जबलपुर**। आज स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संभागीय अधिकारी कर्मचारी विभागीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ रानीताल खेल मैदान पर हुआ जिसमें जबलपुर कटनी नरसिंहपुर सिवनी और छिंदवाड़ा जिला ने हिस्सा लिया प्रथम दिवस में पहला मैच जबलपुर vs नरसिंहपुर के मध्य खेला गया जिसमें नरसिंहपुर129 का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए 70 रन बना सकी नरसिंहपुर विजेता होने के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया 1 सेमीफाइनल सिवनी vs छिंदवाड़ा के मध्य खेला गया जिसमें छिंदवाड़ा जिला ने बैटिंग करते हुए 97 नितिन पवार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम के 28रन का योगदान दिया और सिवनी जिला ने शानदार प्रदर्शन करते 13.4ओवर मे लक्ष्य को हासिल कर लिया विजेता बनी जिसमें कृष्णकांत ने 28 रनों का योगदान दियाऔर फाइनल में प्रवेश किया । दूसरा सेमीफाइनल मैच कटनी vs नरसिंहपुर का मैच खेला गया जिसमें कटनी ने बैटिंग करते हुए सिवनी को 128 रनो का लक्ष्य दिया । जिसमें कटनी की तरफ से आशीष राठौर 33 शेखर पाठक 18 और सौरभ सिंह राजपूत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 30रनो के साथ 1विकट भी लिया और लक्ष्य का पीछा करते हुए नरसिंहपुर की टीम 123 रन ही बना सकी ।।कटनी टीम 4रन से विजेता होते हुए फाइनल में प्रवेश किया जिसमें सौरभ राजपूत मैन ऑफ द मैच रहे । फाइनल मैच कल सुबह 10बजे से रानी ताल स्टेडियम में खेल जाएगा ।

# हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और पंचायत राज निदेशालय से माँगा जवाब

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति मनिंदर भट्टी की एकलपीठ ने छिंदवाड़ा जिले के चार सेवानिवृत्त कर्मचारियों की रिट याचिका पर विचार करते हुए प्रदेश शासन के ग्रामीण विकास विभाग, पंचायत राज निदेशालय तथा जिला पंचायत छिंदवाड़ा को नोटिस जारी करते हुए उनका जवाब तलब किया है। याचिकाकर्ता राजेंद्र प्रसाद चौबे, राजेश कुमार पहाड़े, देव करण चरपे तथा स्वर्गीय उर्मिला सिंगारे के पति मूलतः जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, छिंदवाड़ा के नियमित कर्मचारी थे, जिन्हें कालांतर में जिला पंचायत छिंदवाड़ा में समाहित कर लिया गया था। याचिकाकर्ता राजेंद्र प्रसाद चौबे 28 फरवरी 2021 को सेवानिवृत्त हुए, किंतु आज तक उनकी ग्रेच्युटी और अवकाश संदाय (लीव एनकैशमेंट) की राशि अवमुक्त नहीं हुई है। इसी प्रकार देव करण चरपे एवं राजेश कुमार पहाड़े (31 मई 2025) के देयकों का भुगतान भी लंबित है। याचिका में यह तथ्य भी अंकित किया गया है कि एक याचिकाकर्ता के पति का देहांत हो चुका है, वहीं एक अन्य कर्मचारी भी अपनी बकाया राशि प्राप्त करने से पूर्व ही इस संसार से विदा हो गए।याचिका के अनुसार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अनेकानेक पत्र लिखकर राज्य सरकार से सेवानिवृत्ति देयकों के भुगतानार्थ बजट आवंटित करने का अनुरोध किया, परंतु सेवानिवृत्ति के पाँच वर्ष बीत जाने पर भी राज्य सरकार ने बजट स्वीकृत नहीं किया।याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता असीम त्रिवेदी, आनंद शुक्ला, विनीत टेहेनगुनिया, शुभम पाटकर तथा प्रशांत सिरमोलिया ने पैरवी की।

# एनएसयूआई ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा संभागीय आयुक्त को ज्ञापन



**जबलपुर**। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एन.एस.यू.आई.) के जिला अध्यक्ष सचिन रजक ने मध्यप्रदेश शासन का ध्यान एक अत्यंत गंभीर एवं संवेदनशील मामले की ओर आकर्षित करते हुए उच्चस्तरीय जांच एवं दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। यह मामला जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित कन्या छात्रावास, राइट टाउन, जबलपुर से संबंधित है, जहां छात्राओं ने छात्रावास अधीक्षिका द्वारा दुर्व्यवहार, अभद्र भाषा के प्रयोग तथा बुनियादी सुविधाओं के अभाव जैसी गंभीर शिकायतें उठाई हैं। इस संबंध में सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन संभागीय आयुक्त जबलपुर संभाग को सौंपा है और उक्त प्रकरण में तत्काल कार्यवाही करने हेतु अनुरोध किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, छात्राओं द्वारा समस्याओं के समाधान हेतु जब उच्च अधिकारियों से संपर्क किया गया, तो अपेक्षित संवेदनशीलता के स्थान पर उनके साथ असम्मानजनक व्यवहार किया गया। यह भी आरोप है कि जांच के नाम पर पहुंची टीम द्वारा छात्राओं पर मामले को दबाने का दबाव बनाया गया तथा पुनः शिकायत करने पर छात्रावास से निष्कासन की धमकी दी गई। इस प्रकार की कार्रवाई न केवल छात्राओं के अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि उनके आत्मसम्मान और सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न करती है।ज्ञापन के दौरान जिलाध्यक्ष सचिन रजक, राष्ट्रीय सचिव करन तामसेतवार, नीलेश माहर, राहुल रजक, अनिल मिश्रा, वरूण यादव, अर्पित सोनकर , अभिषेक दहिया , आकाश सेन, जयसूर्या मिश्रा, सहित छात्र उपस्थित थे।

## कलयुगी पुत्र ने पिता के सिर में डंडा मारकर किया घायल

**जबलपुर**। पनागर थानान्तर्गत ग्राम मनियारीकला पनागर में एक व्यक्ति घर की लाईट गोल होने पर गर्मी लगने के कारण सड़क पर टहल रहा था। रात लगभग 3 बजे उसका लड़का उसके पास आकर बोला कि मेरे घर की लाईट क्यों कट गयी है। पिता के यह कहने पर कि उसे नहीं मालूम उसके बेटे ने किसी बात पर विवाद करते हुए अपने पिता के सिर में डंडा मारकर उसे घायल कर दिया। पनागर पुलिस ने बताया कि ग्राम मनियारी कला पनागर निवासी सुरेश कुमार पटेल कल रात घर में खाना खाने के बाद सो गया था तभी अचानक लाईट गोल होने के कारण उसे गर्मी लगने पर वह बाहर निकलकर टहलने लगा इस दौरान एक बैंक के समीप उसका लड़का आशीष पटेल मिला और बोला कि मेरे घर की लाईट क्यों कट गयी है। सुरेश ने कहा कि उसे नहीं मालूम इसी बात पर आशीष ने अपने पिता से विवाद करते हुए उस पर डंडे से हमला कर सिर व हाथ में गंभीर चोटे पहुंचायी है। आरोपी पुत्र के खिलाफ मारपीट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## अधिवक्ता से शराब पीने मांगे पैसे और की मारपीट

**जबलपुर**। अधारताल थानान्तर्गत कल शाम 7 बजे अमखेरा पुरानी बस्ती शिव मंदिर के समीप टहल रहे एक अधिवक्ता से क्षेत्र के बदमाश ने शराब पीने के लिए एक हजार रूपए की मांग की रूपए देने से मना करने पर आरोपी ने अधिवक्ता के साथ गाली गलौज कर झूमाझपटी करते हुए मारपीट की। इसके बाद हमलावर उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। घटना के संबंध में अधारताल पुलिस ने बताया कि अमखेरा पेट्रोल पम्प निवासी अमित कुमार खरे अधिवक्ता का काम करते है। कल शाम लगभग 7 बजे वे पैदल घर से टहलने के लिए निकले थे जैसे ही वे पुरानी बस्ती शिव मंदिर के पास पहुंचे तो उन्हें मोहल्ले का बदमाश आनंद कोरी मिला जो उनसे शराब पीने के लिए एक हजार रूपए मांगने लगा। अधिवक्ता के मना करने पर आरोपी आनंद ने उन्हें गालियां दी गालियां देने से मना करने पर बदमाश ने अधिवक्ता के साथ झूमाझपटी कर हाथापायी करते हुए चोटे पहुंचा दी। बाद में हमलावर धमकाते हुए भाग गया।

## घर के सामने रखा ट्रेक्टर चोरी

**जबलपुर**। कटंगी थानान्तर्गत बेलखाडू चौकी के तहत कल रात एक किसान के घर के सामने स्थित मैदान में खड़ा ट्रैक्टर कोई चोरी कर ले गया। सुबह किसान ने उठकर देखा कि ट्रेक्टर गायब था। ट्रेक्टर की कीमत 8-9 लाख रूपए बतायी गई है। अज्ञात आरोपी पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। कटंगी पुलिस ने बताया कि ग्राम बेलखाडू निवासी सुनील साहू खेती किसानी का काम करते हैं। उन्होंने लगभग दस माह पूर्व महिंद्रा कम्पनी का ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 20 जेड डब्ल्यू 8821 खरीदा था गत 3 अप्रैल की रात उन्होंने ट्रेक्टर घर के सामने स्थित खाली मैदान में रख दिया था। सुबह लगभग 6 बजे उठकर देखा तो ट्रेक्टर गायब था जिसे कोई चोरी कर ले गया था।

## फोम गद्दों के कारोबारी से ऑनलाईन ठगी

# मोबाइल स्क्रीन ब्लैक होते ही निकल गए 2 लाख

**जबलपुर**। कोतवाली थाना अतंर्गत तुलसी नगर निवासी एक कारोबारी के साथ रहस्यमय ऑनलाईन ठगी हो गई। उसका फोन अचानक लॉक हो गया, स्क्रीन ब्लैक हो गई कुछ देर बाद मोबाइल अपने आप अनलॉक हुआ उसके बाद खाते से पैसे निकलने लगे। जालसाज ने मोबाईल हैक करके 2 लाख 8 हजार रुपए निकाल लिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।




कोतवाली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार करमचंद चौक में फोम के गद्दों का कारोबारी तुलसी नगर निवासी पंकज जैन अपने कारोबार में रुपयों का लेनदेन ऑन लाइन करते हैं। 27 मार्च को पंकज जैन का मोबाइल फोन अचानक लॉक हो गया, स्क्रीन भी ब्लैक हो गई और फोन अपडेट मांग रहा था कोई भी बटन काम नहीं कर रही थी। उन्होने काम के चक्कर में मोबाइल फोन को ऐसे ही छोड़ दिया। इस बीच उनके खाते से 2 लाख 8 हजार रुपए निकाल लिए गए। 30 मार्च को अचानक मोबाइल फोन चालू हो गया और मैसेज आना शुरु हो गए, उन्होने मैसेज देखे तो स्तब्ध रह गए, उनके खाते से रुपए गायब हो चुके थे। ऑन लाइन ठगी से पंकज जैन हैरत में पड़ गए, उन्होने पहले तो बैंक जाकर शिकायत की, इसके बाद बीती रात कोतवाली थाना पहुंचकर पुलिस को जानकारी दी, जिसपर पुलिस ने साइबर ठगों के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।

## मंगल भवन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

# मझौली में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया





**मझौली।** नगर में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को मंगल भवन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने एकत्रित होकर पार्टी के इतिहास, विचारधारा और उपलब्धियों को याद किया।

कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी के पाटन विधायक अजय विश्नोई के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं संस्थापक के चित्र पर माल्यार्पण कर । इसके पश्चात विधायक एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती और देश के विकास में पार्टी की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा ने हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य किया है और गरीब, किसान एवं युवाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं लागू की हैं।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। साथ ही नगर में घर-घर संपर्क अभियान चलाकर लोगों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी के विधायक अजय विश्नोई दिनेश चौरसिया श्रीमति अनिता साहु राजेन्द्र चौरसिया विजय नेता साहु मुकेश सेन रमेश झारिया सुभाष सराफ मो शकील बबलु चौरसिया जितेंद्र तामकर महेंद्र कोष्टा रोहित साहु कार्यकर्ता, कपील झारीया धीरज आदि पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिससे पूरे नगर में उत्साह का माहौल देखने को मिला।



# बिजली संविदा-ऑउट सोर्स कार्मिकों को नियमित, संविलयन करें

**विद्युत फेडरेशन ने मुख्यमंत्री सहित लिखा अन्य को मांग पत्र प्रेषित**

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन की आयोजित बैठक में संविदा कर्मियों व आउट सोर्स कर्मचारियों को नियमित, संविलयन करने एवं नियमित कर्मचारियों की, कंपनी कैडर कार्मिकों और पेंशनर्स की समस्यायों के समाधान हेतु सभी की सहमति से मांगें निर्धारित की गई। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा एवं सीएमडी एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी को मांग पत्र प्रेषित करते हुए फेडरेशन के महामंत्री राकेश डीपी पाठक ने कहा कि विद्युत क्षेत्र की बिजली कम्पनियों में 15 बर्षो से कार्यरत संविदा कर्मचारी नियमित रिक्त पदों के रिक्तियों के आधार पर काम कर रहे है। इन्हें बिना किसी परीक्षा के अनुभव के अधार पर नियुक्ति दिनांक से नियमित , संविलयन किया जाए। इसी तरह बिजली कम्पनियों में 15 वर्षों से कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों को नियमित किया जाये। बैठक में फेडरेशन के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह राजपूत, महामंत्री राकेश डीपी पाठक, उमाशंकर मेहता,एन के यादव, बी एस राठौर, रामेश्वर गांगे, आरके कौशिक, अवसार अहमद, गोपाल चौहान, कार्तिक शर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह यादव सहित अनेक जनों ने फेडरेशन के इतिहास और कर्मचारियों, पेंशनर्स की समस्यायों पर विस्तृत विचार रखे।

बैठक में फेडरेशन के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह राजपूत, महामंत्री राकेश डीपी पाठक,उपाध्यक्ष उमाशंकर मेहता, बी एस राठौर, जोनल सचिव एन के यादव, रामेश्वर गांगे,आर के कौशिक, अवसार अहमद,सूरज मल आर्य, गोपाल चौहान,जे एल जोशी, प्रवक्ता मदन वर्मा, वीरेंद्र मिश्रा, सुनील पटेल, प्रियंका यादव कार्तिक शर्मा, पुष्पराज सिंह, मिश्रा, एके पांडे, डी के माथुर आदि उपस्थित थे।

## जबलपुर की सृष्टि साहनी मध्य प्रदेश की टॉप 10 सूची में



**जबलपुर।** बीडीएस की चतुर्थ वर्ष 2025-26 की परीक्षा में प्रदेश की मेरिट लिस्ट में 10वां स्थान प्राप्त करके कु. सृष्टि साहनी ने जबलपुर का नाम गौरवान्वित किया है। म.प्र. आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में कुमारी सृष्टि साहनी ने मध्य प्रदेश में 10वाँ स्थान प्राप्त किया है। सृष्टि एडवोकेट अमित साहनी एवं श्वेता साहनी की सुपुत्री हैं।

## ओमकार पटेल संभाग अध्यक्ष बने



**जबलपुर।** जय महाकाल संघ अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया रामकृष्ण तिवारी ने संगठन कार्य विस्तार की दृष्टि से बरेला धनपुरी निवासी ओमकार पटेल को जबलपुर संभाग का अध्यक्ष घोषित किया है एवं उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ संगठन के लिए समर्पण की कामना की। नीलू सोनकर राष्ट्रीय मंत्री, अमरनाथ सोनकर प्रांत उपाध्यक्ष, सुमित यादव जिला संगठन मंत्री ने ओमकार पटेल को संभाग अध्यक्ष की नियुक्ति पर बधाइयां दी।

## निःशुल्क न्यूरो थैरेपी शिविर आज

**जबलपुर।** स्वास्थ्य पीठ वेलनेस न्यूरो थैरेपी द्वारा निःशुल्क न्यूरो थैरेपी शिविर का आयोजन 07 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से शाम 06 बजे तक साईं मंदिर के पीछे, टेलीग्राफ गेट नंबर 4 में किया जा रहा है, जिसमें पाचनक्रिया, साईटिका, सर्वाइकल, कमर दर्द, घुटना दर्द, ब्लड प्रेशर, डिप्रेशन, अनिद्रा, चक्कर आना, जोड़ों का दर्द, नसों से संबंधित रोगों का निःशुल्क उपचार डॉ. सुमित कुमार वरिष्ठ न्यूरो थैरेपिस्ट नई दिल्ली, नीता दीक्षित, मोनिका साहू, बीके. नरेश भाई, बीके संदीप ब्यौहार, उल्का साहू करेंगी। आयोजन का शुभारंभ प्रजापिता ब्रह्माकुमारी भावना बहिन द्वारा किया जाएगा। पाथेय संस्था, वर्तिका, मंथनश्री, सनाढ्य संगम ने निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ लेने उपस्थिति का आग्रह किया है।

# पश्चिम मध्य रेल ने अधिसूचित की समर स्पेशल ट्रेनें



**जबलपुर।** रेलवे द्वारा समर के दौरान यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर आरक्षित एवं अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें चल रही हैं। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से यात्री मांग पर चल रही जबलपुर से अयोध्या/पुणे/बांद्रा टर्मिनस/कोयंबटूर, रानी कमलापति से अगरतला एवं रीवा से सीएसएमटी के मध्य स्पेशल ट्रेनों को समर के दौरान अप्रैल से जुलाई माह तक समर स्पेशल ट्रेनों के लिए अधिसूचित किया है। जिनका विवरण इस प्रकार है-

**जबलपुर-अयोध्या धाम-जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन-**01705 जबलपुर-अयोध्या धाम साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 21 अप्रैल से 14 जुलाई 2026 तक प्रत्येक मंगलवाaर को रात 19:40 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर और बुधवार को सुबह 11:25 बजे अयोध्या धाम पहुँचेगी। 01706 अयोध्या धाम-जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 22 अप्रैल से 15 जुलाई 2026 तक प्रत्येक बुधवार को दोपहर 13:30 बजे अयोध्या धाम से प्रस्थान कर और गुरुवार को सुबह 06 :45 बजे जबलपुर पहुँचेगी।

**जबलपुर-पुणे-जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन-** 02132 जबलपुर-पुणे साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 19 अप्रैल से 12 जुलाई 2026 तक प्रत्येक रविवार को दोपहर 13:50 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर और सोमवार सुबह 06:25 बजे पुणे पहुँचेगी। 02131 पुणे-जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 21 अप्रैल से 14 जुलाई तक प्रत्येक सोमवार को सुबह 11:20 बजे पुणे से प्रस्थान कर और मंगलवार सुबह 06:00 बजे जबलपुर पहुँचेगी।

**जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस-जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन-**02134 जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 17 अप्रैल से 10 जुलाई 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार को सायं 17:00 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर और शनिवार दोपहर 14:10 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी। 02133 बांद्रा टर्मिनस-जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 19 अप्रैल से 12 जुलाई 2026 प्रत्येक शनिवार को सायं 17:15 बजे बांद्रा टर्मिनस से रवाना होगी और रविवार दोपहर 15:10 बजे जबलपुर पहुँचेगी।

**जबलपुर-कोयंबटूर-जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन-**02198 जबलपुर-कोयंबटूर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 18 अप्रैल से 11 जुलाई 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार को रात 23:50 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर और रविवार दोपहर 14:40 बजे कोयंबटूर पहुँचेगी। 02197 कोयंबटूर-जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 22 अप्रैल से 15 जुलाई 2026 तक प्रत्येक सोमवार को सायं 17:05 बजे कोयंबटूर से प्रस्थान कर और बुधवार सुबह 08:45 बजे जबलपुर पहुँचेगी।

**रीवा-सीएसएमटी-रीवा साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन-**

02187 रीवा-सीएसएमटी साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 17 अप्रैल से 10 जुलाई 2026 तक प्रत्येक गुरुवार को दोपहर 15:50 बजे रीवा से प्रस्थान कर और शुक्रवार दोपहर 12:20 बजे सीएसएमटी पहुँचेगी। 02188 सीएसएमटी-रीवा साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन 18 अप्रैल से 11 जुलाई 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर 13:30 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान कर और शनिवार सुबह 09:45 बजे रीवा पहुँचेगी।



# अखिल भारतीय संत समिति के प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद प्रथम नगरागमन पर स्वामी नरसिंह देवाचार्य का किया स्वागत

**जबलपुर।** अखिल भारतीय संत समिति के मध्यप्रदेश अध्यक्ष श्रीमद् जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज का जबलपुर संस्कारधानी आगमन पर भक्तों ने भव्य स्वागत किया गया। अखिल भारतीय संत समिति के समस्त साधु संतों महात्माओं की बैठक नाशिक महाराष्ट्र में संपन्न हुई, बैठक में श्रीमद् जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह देवाचार्य को मध्यप्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आज सुबह जनता एक्सप्रेस से आगमन पर रेलवे स्टेशन पर स्वामी बालकदास, गुलशन मखीजा, शरद काबरा, लोकराम कोरी, अशोक शर्मा, विष्णु पटेल, जगदीश साहू,मनोज शर्मा, विधयेश भापकर, जितिन नारंग, डॉ संदीप मिश्रा, नीरज पाराशर, इंदुमती राजेन्द्र प्यासी, अंबर पुंज, राजेन्द्र यादव, मनोज पटेल, नीरज मिश्रा, संजय भाटिया, प्रवीण चतुर्वेदी, अजय कुमार, शंकर, ब्रजेश नेमा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त सनातन धर्म महासभा जबलपुर, श्रीरामलीला समिति गढ़ा, सुपतेश्वर गणेश मंदिर, नरसिंह मंदिर गीता धाम, साहू समाज के पदाधिकारियों ने ढोल धमाल के साथ पुष्पहारों से भव्य स्वागत किया।

# पश्चिम मध्य रेलवे ने वर्ष 2025-26 में 9111 करोड़ से अधिक का ओरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया

**अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन**

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में महाप्रबंधक के निरंतर मॉनिटरिंग एवं मार्गदर्शन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने ओरिजिनेटिंग रेवेन्यू में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। वाणिज्य एवं परिचालन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों से जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मंडलों द्वारा रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रभावी कार्य किए गए। ओरिजिनेटिंग रेवेन्यू में पश्चिम मध्य रेल ने अब तक की सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड उपलब्धि भी हासिल की है।

वित्तीय वर्ष अप्रैल 2025 से मार्च 2026 की अवधि में पश्चिम मध्य रेलवे ने 9111 करोड़ 19 लाख का कुल ओरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया। इसमें यात्री यातायात से 2581 करोड़ 29 लाख, माल यातायात से 6079 करोड़ 02 लाख, अन्य कोचिंग मद से 180 करोड़ 87 लाख, विविध आय (संड्री) से 270 करोड़ शामिल हैं। यह आय पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के 8222 करोड़ 89 लाख की तुलना में 10.80 प्रतिशत अधिक है। साथ ही यह रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित 8677 करोड़ 44 लाख के लक्ष्य से लगभग 5 प्रतिशत अधिक है, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

यात्री राजस्व बढ़ाने हेतु किए गए प्रमुख प्रयास- यात्रियों के लिए सुरक्षित एवं बेहतर रेल यात्रा सुनिश्चित की गई। स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया। स्पेशल ट्रेनों की संचालन अवधि को बढ़ाया गया। प्रतीक्षा सूची कम करने हेतु अतिरिक्त कोच लगाए गए। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रायोगिक ठहराव की अवधि बढ़ाई गई। अधोसंरचना कार्यों में गति लाकर ट्रेनों की गति एवं समयपालन में सुधार किया गया।

माल राजस्व बढ़ाने हेतु किए गए प्रमुख प्रयास- मालगाड़ियों की औसत गति बढ़ाकर सेक्शन क्षमता में वृद्धि की गई। माल गोदामों में 24×7 लोडिंग एवं अनलोडिंग सुविधा प्रदान की गई। गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल/साइडिंग बढ़ाने के निरंतर प्रयास किए गए। नई रेल लाइन/दोहरीकरण/तिहरीकरण कार्यों में गति लाई गई। मालगाड़ियों के संचालन में सुधार किया गया। गुड्स टर्मिनलों की कार्यप्रणाली में सुधार कर डिटेंशन कम किया गया।

"पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मंडलों द्वारा रेलवे राजस्व वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा।"

## खड़े ट्रक से टकराकर बाईक सवार 3 की मौत

**जबलपुर।** बरगी थानान्तर्गत कल रात लगभग बरगी आरटीओ से गजना नाला के बीच तेज रफ्तार मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। घटना में मोटर साइकिल सवार तीन लोगों को गंभीर चोटें आयीं थी। जिन्हें ईलाज के लिए एम्बुलेंस से मेडिकल अस्पताल लाया गया था। जहां डाक्टर ने घायलों को चैक कर मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। बरगी पुलिस ने बताया कि कल रात लगभग 11 बजे बरगी आरटीओ से गजना नाला के बीच मोटर साइकिल सवार सुरेन्द्र पन्द्रे, अजय कुमार उईके तभा गोविन्द्र प्रसाद परते का वाहन सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया था घटना में तीनों युवकों को गंभीर चोटें आयी थी जिन्हें ईलाज के लिए एम्बुलेंस मेडिकल अस्पताल लाया गया था ।जहां डाक्टर ने उन्हें चैक कर मृत घोषित कर दिया।



# डॉ. नवनीत कोठारी संभालेंगे सीएमएचओ का प्रभार

**जबलपुर।** जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. नवनीत कोठारी को कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया है। रविवार रात तत्संबंधी आदेश जारी किए गए। इसके साथ ही डॉ. संजय मिश्रा इस दायित्व से मुक्त हो गए हैं। उन्हें करोड़ों के घोटाले में निलंबित किया गया है। वे प्रभारी सीएमएचओ के साथ संयुक्त संचालक की कुर्सी भी संभाल रहे थे। डॉ. संजय मिश्रा को निलंबित करते हुए मुख्यालय भोपाल संभाग के क्षेत्रीय संचालक कार्यालय में अटैच किया गया है। गौरतलब हो कि सीएमएचओ कार्यालय में फर्जी देयकों के माध्यम से भुगतान किए जाने की शिकायतों के बाद जांच शुरू की गई थि डिप्टी कलेक्टर रघुवीर सिंह मरावी के नेतृत्व में गठित टीम ने पाया कि भोपाल की एक निजी कंपनी को 12 फर्जी बिलों के जरिए करीब 93.04 लाख रुपए का भुगतान किया गया है, जबकि संबंधित सामग्री कभी प्राप्त ही नहीं हुई। उक्त मामले की जांच के बाद मामले की रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी जा रही है।

# पूजा के दीपक से भड़की आग में गृहस्थी खाक

**जबलपुर।** उपनगरीय क्षेत्र रांझी में बीती रात गांधी चौक के समीप स्थित शंकर मंदिर के पास एक मकान में अचानक भीषण आग लगने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। यह हादसा वीरेंद्र ठाकुर के निवास पर घटित हुआ, जहां देखते ही देखते लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया। प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह घर के मंदिर में जल रही पूजा के दिए से निकली चिंगारी बताई जा रही है। इस घटना में घर के भीतर रखा लाखों रुपये का ग्रहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया। यह संयोग ही रहा कि घर में मौजूद गैस सिलेंडरों को समय रहते दमकल कर्मियों ने बाहर निकाल लिया। फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटें भर की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। रांझी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आग लगने की घटना के कारणो की पडताल आरंभ कर दी है।

## पड़ोसी ने महिला पर ईंट से किया हमला

**जबलपुर।** सिहोरा थानान्तर्गत ग्राम मोहसाम में कल दोपहर लगभग ढाई बजे एक महिला ने अपने पड़ोसी से पूछा कि उसके बच्चे कहां है इसी बात पर पड़ोसी उसके साथ गाली गलौज कर विवाद करने लगा। गालियां देने से मना करने पर पड़ोसी ने महिला पर ईंट से हमला कर उसकी आंख के पास गंभीर चोट पहुंचा दी और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। सिहोरा पुलिस ने बताया कि ग्राम मोहसाम निवासी श्रीमती सीमा बर्मन ने कल दोपहर लगभग ढाई बजे अपने बच्चे दिखायी देने पर पड़ोसी गोरेलाल पटेल से बच्चों के संबंध में पूछा तो वह बिफर गया और सीमा के साथ गाली गलौज करने लगा। गालियां देने से मना करने पर गौरे लाल ने समीप ही पड़ा ईंट के टुकड़े से महिला पर हमला कर दिया। घटना में सीमा बर्मन की आंख के समीप गंभीर चोटें आयी है। हमलावर की तलाश की जा रही है।




# 108 कलश के साथ निकली भागवत कथा की शोभायात्रा, प्रज्ञा बिहार कालोनी में आयोजन



**सिहोरा।** प्रज्ञा विहार कॉलोनी में जनपद पंचायत अध्यक्ष रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री द्वारा आयोजित आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा की 108 कलश के साथ भव्य कलशयात्रा शोभायात्रा श्री शिव मंदिर बाबाताल से खितौला तिराहा से होकर निकाली गई जिसमें भगवान शंकर पार्वती,राधा कृष्ण की झांकी के साथ महंत परम पूज्य स्वामी नृसिंह देवाचार्य जी महाराज रथ पर भक्तों को आशीर्वाद देते हुए चल रहे थे। महिलाएं युवतियां पीले वस्त्र में 108 कलश धारण कर धार्मिक धुनों के बीच नृत्य करते हुए चल रहीं थी एंव युवा धर्म ध्वजा लेकर सबसे आगे चल रहे थे। नृसिंह देवाचार्य जी भागवत कथा के साथ प्रवचनों की अमृत वर्षा करेंगे। आयोजन में नरसिंह मंदिर खितौला के महंत गोविंद दास जी महाराज,कटाव धाम मझौली के महंत वेदांती जी महाराज,सिद्धन धाम कुर्रे के महंत सीता शरण जू महाराज एवं भाटिया धाम भरभरा आश्रम के महंत बनवारी दास महाराज का सानिध्य एवं आशीर्वाद प्राप्त होगा। कथा में पहुंचकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील आयोजक मंडल के श्रीमती देववती अग्निहोत्री शैलेंद्र अग्निहोत्री,पंकज अग्निहोत्री, सारांश अग्निहोत्री आदि ने की है। कलशयात्रा में बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



**।श्री राजेंद्र जैन-** घमापुर चौक के निकट निवासी श्री राजेंद्र जैन (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।




**श्री सलीम बाबा** - रामनगर अधारताल निवासी श्री सलीम बाबा निधन हो गया है। वे स्व. अब्दुल रहीम बाबा के पुत्र शमीम राजा, समीर राजा के पिता तथा कांग्रेस नेता एजाज उस्मानी के समधी थे। शव यात्रा उनके निज निवास से प्रातः 11 बजे रवाना होकर नमाजे जनाजा जामा मस्जिद मंडी मदार टेकरी में अदा होने के उपरांत उन्हें सुपुर्दे खाक मंडी मदार टेकरी कब्रस्तान में किया जाएगा।

**श्री रिंकू बर्मन-** कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री राजू बर्मन के पुत्र श्री रिंकू बर्मन (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राजेश कुमार गौंड़-** पिपरिया खमरिया निवासी श्री राजेश कुमार गौंड़ (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पार्वती बाई रजक-** सरकारी कुआं शीतलामाई वार्ड निवासी श्री बाबू राम रजक की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती बाई रजक




(83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री सतपाल यादव-** तिलहरी फेस 1 निवासी श्री कन्छेदी लाल यादव के पुत्र श्री सतपाल यादव (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गेदुरी कुशवाहा-** छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री शिवदयाल कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती गेदुरी कुशवाहा (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री विजय कुमार वर्मा-** परिजात बिल्डिंग के पीछे चेरीताल निवासी श्री विजय कुमार वर्मा (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुभाष चंद्र रजक-** पंचशील नगर गौरीघाट रोड निवासी श्री सुभाष चंद्र रजक (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती पार्वती कश्यप-** टैगोर रेलवे कॉलोनी सिविल लाइन निवासी श्री भोला कश्यप की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती कश्यप (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश रजक-** कांचघर छुई खदान निवासी श्री सुरेश रजक (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शीला चौबे-** हाथीताल मुक्तिधाम के निकट निवासी श्री दिनेश चंद्र चौबे की धर्मपत्नी श्रीमती शीला चौबे (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला कोरी-** सिद्धबाबा हनुमान होटल के पास निवासी श्री जगदीश कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती कमला कोरी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री विशाल सिंह चंदेल-** चंदन कॉलोनी गंगानगर गढ़ा निवासी श्री विशाल सिंह चंदेल (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजू बेन-** वल्दी कोरी की दफाई आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री बंशी लाल बेन के पुत्र श्री संजू बेन (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कॉलम से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | से.मी. | रंगीन | 1100/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362100

# देश के 1688 रईसजादों के पास है 50 प्रतिशत जीडीपी के बराबर दौलत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में संपत्ति के बंटवारे को लेकर एक नई रिपोर्ट ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। सेंटर फॉर फाइनेंशियल अकाउंटेबिलिटी के अनुसार, भारत में सिर्फ 1,688 अमीर लोगों के पास लगभग 166 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति है, जो कुल जीडीपी का करीब 50 प्रतिशत हिस्सा बनती है।

**इन अमीर लोगों के पास लगभग 166 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति**

देश में पैसों को लेकर इस असमानता पर बड़ी बात कही गई है। रिपोर्ट में इशारा किया गया है कि मौजूदा हालात किसी हद तक औपनिवेशिक समय वाली असमानता की याद दिला रहे हैं। रिपोर्ट में इस स्थिति को संतुलित करने के लिए सुझाव भी दिए गए है।

## सेंटर फॉर फाइनेंशियल अकाउंटेबिलिटी ने जारी की रिपोर्ट

### आंकड़ों से समझिए पूरा गणित

आंकड़ों की बात करें तो, देश के टॉप 1 प्रतिशत लोगों के पास 40 प्रतिशत से ज्यादा संपत्ति है। वहीं निचले 50 फीसदी लोग कुल आय के सिर्फ 15 प्रतिशत हिस्से पर निर्भर हैं। इसी दौरान 1,000 करोड़ रुपए से ज्यादा संपत्ति रखने वालों की संख्या 77 प्रतिशत से बढ़ी है। जबकि उनकी कुल संपत्ति 31 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 88 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। जो करीब 227 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दिखाता है।

### अमीरों पर टैक्स से बढ़ सकती है सरकार की कमाई

रिपोर्ट में जानकारी दी गई है कि बेहद अमीर लोगों पर प्रोग्रेसिव वेल्थ टैक्स लागू करने से सरकार की इनकम में बड़ा इजाफा हो सकता है। सेंटर फॉर फाइनेंशियल अकाउंटेबिलिटी के मुताबिक, 1,688 सबसे धनी परिवारों पर 2 से 6 प्रतिशत तक का टैक्स और साथ में एक-तिहाई इनहेरिटेंस टैक्स लगाया जाए, तो हर साल करीब 10.63 लाख करोड़ रुपए जुटाए जा सकते हैं। इन पैसों का उपयोग सामाजिक योजनाओं पर किया जा सकता है। जिससे गरीब परिवारों तक पहले की तुलना में ज्यादा मदद पहुंचेगी। जिससे दोनों वर्गों के बीच असमानता को कम करने में मदद मिलेगी।

*अमीर हो रहे और अमीर : बीते कुछ सालों में देश के सबसे अमीर परिवारों की दौलत में तेज उछाल देखने को मिला है। मुकेश अंबानी, गौतम अदाणी, सावित्री जिंदल, सुनील मित्तल और शिव नादर जैसे बड़े नामों की कुल संपत्ति 2019 से 2025 के बीच करीब 400 प्रतिशत तक बढ़ गई है। आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान मुकेश अंबानी की संपत्ति में लगभग 153 प्रतिशत का इजाफा हुआ। जबकि गौतम अदाणी की दौलत 625 फीसदी तक बढ़ी। इन पांचों परिवारों की कुल संपत्ति 2019 में करीब 6.68 लाख करोड़ रुपए थी। जो 2025 तक बढ़कर लगभग 26.54 लाख करोड़ रुपए हो गई है।*

### उच्च वर्ग की संपत्ति में तेजी से इजाफा हुआ

देश में संपत्ति के बंटवारे को लेकर जारी 'वेल्थ ट्रेकर इंडिया 2026' रिपोर्ट में बड़ा अंतर सामने आया है। जिसे सेंटर फॉर फाइनेंशियल अकाउंटेबिलिटी ने 'टैक्स द टॉप' अभियान के साथ 1 अप्रैल 2026 को जारी किया है। रिपोर्ट बताती है कि 2019 से 2025 के बीच ऊपरी वर्ग की संपत्ति में तेजी से इजाफा हुआ। जबकि निचले तबके की हिस्सेदारी में कोई खास बदलाव देखने को नहीं मिला।

## खबर संक्षेप

### बजाज अल्टरनेट को सेबी से पीएमएस लाइसेंस मिला




**नई दिल्ली।** बजाज फिनसर्व' की इकाई 'बजाज अल्टरनेट इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट' (बजाज एएलटीएस) ने सोमवार को बताया कि उसे बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से 'पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज' यानी ग्राहकों के धन का प्रबंधन करने वाली सेवा (पीएमएस) शुरू करने की मंजूरी मिल गई है।

### मैक्स एस्टेट्स की बिक्री बुकिंग 3,392 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी मैक्स एस्टेट्स लिमिटेड ने सोमवार को बताया कि संपत्तियों की बेहतर मांग के चलते पिछले वित्त वर्ष (2025-26) की चौथी तिमाही में उसकी बिक्री बुकिंग 3,392 करोड़ रुपये रही। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के लिए उसकी कुल बिक्री बुकिंग 5,305 करोड़ रुपये रही।

### कपड़ा मंत्रालय हुआ नए कार्यालय में स्थानांतरित

वस्त्र मंत्रालय
MINISTRY OF TEXTILES

**नई दिल्ली।** कपड़ा मंत्रालय सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास योजना के तहत सोमवार को नेताजी नगर स्थित जनरल पूल ऑफिस अकोमोडेशन में अपने नए कार्यालय में स्थानांतरित हो गया। जीपीओ 'ए' के ब्लॉक-3 भवन का फिलहाल कुछ मंत्रालयों द्वारा इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि उद्योग भवन और शास्त्री भवन को तोड़े जाने का काम सुचारु रूप से किया जा सके।

### टोंसे ने यस बैंक के एमडी व सीईओ का पदभार संभाला




**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के यस बैंक ने सोमवार को कहा कि विनय मुरलीधर टोंसे ने तीन साल के लिए बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ का पदभार संभाल लिया है। टोंसे ने इस पद पर प्रशांत कुमार की जगह ली है, जिनका विस्तारित कार्यकाल पांच अप्रैल को पूरा हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक की मंजूरी और शेयरधारकों की स्वीकृति के अधीन है।

### यूको बैंक के ऋण में 19 फीसदी का इजाफा

यूको बैंक
UCO BANK

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक का ऋण वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में 19 प्रतिशत बढ़कर 2.62 लाख करोड़ रुपये हो गया। मार्च, 2025 में समाप्त हुई पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसका कुल अग्रिम 2.20 लाख करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की कुल जमा राशि में 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई और यह बढ़कर 3.27 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के अंत में 2.94 लाख करोड़ रुपये थी।

## अतिरिक्त सचिव अनुपम मिश्रा ने अंतर-मंत्रालयी सम्मेलन में कहा

# जरूरी वस्तुओं की कीमतों में असामान्य उतार-चढ़ाव नहीं, स्थिति पर नजर: सरकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार ने सोमवार को कहा कि जरूरी वस्तुओं की कीमतों में फिलहाल कोई 'असामान्य उतार-चढ़ाव' नहीं देखा गया है और देशभर के थोक एवं खुदरा बाजारों में कीमतों पर लगातार नजर रखी जा रही है। सरकार ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के अलावा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए गेहूं और चावल का पर्याप्त भंडार मौजूद है।

राज्यों को आवश्यक खाद्य वस्तुओं की जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई करने को कहा गया है। उपभोक्ता मामले विभाग के अतिरिक्त सचिव अनुपम मिश्रा ने अंतर-मंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश की खाद्य सुरक्षा स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि विभाग रोजाना 528 केंद्रों से 40 वस्तुओं के दाम के बारे में सूचना जुटाता है और इन्हें एक मोबाइल ऐप पर अद्यतन किया जाता है।

### जमाखोरी व कालाबाजारी रोकने के प्रयास

मिश्रा ने कहा, /"अब तक आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में कोई असामान्य उतार-चढ़ाव नहीं देखा गया है।/" उन्होंने कहा कि कीमतों पर नजर रखने के साथ जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने और जमाखोरी एवं कालाबाजारी रोकने के भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के भीतर गेहूं और चावल का पर्याप्त भंडार मौजूद है।

- देशभर के थोक व खुदरा कीमतों पर लगातार नजर
- आवश्यक वस्तुओं की मुनाफाखोरी पर सख्त कार्रवाई के आदेश

### गेहूं का 222 और चावल का 380 लाख टन भंडार

शिकायतों की निगरानी के लिए एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है। इस मौके पर खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग की संयुक्त सचिव सी. शिखा ने कहा कि सरकार के पास मौजूद गेहूं और चावल का बफर स्टॉक निर्धारित मानकों से लगभग तीन गुना है। उन्होंने कहा, "वर्तमान में लगभग 222 लाख टन गेहूं और 380 लाख टन चावल का भंडार उपलब्ध है, जो पीडीएस और आकस्मिक जरूरतों के लिए पर्याप्त है।"




### प्याज का बफर स्टॉक बनाने खरीदी शुरू



सरकार ने प्याज का बफर स्टॉक बनाने के लिए खरीद भी शुरू कर दी है जिससे कीमतों में संभावित उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि आवश्यक वस्तु अधिनियम (एस्मा), 1955 के तहत राज्यों के पास जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई करने के अधिकार हैं और केंद्र सरकार इस संबंध में लगातार राज्यों के संपर्क में है।

### दालों का करीब 28 लाख टन का बफर स्टॉक



दालों के बारे में मिश्रा ने कहा कि इस वर्ष उत्पादन पिछले साल से अधिक रहने का अनुमान है और सरकार के पास करीब 28 लाख टन का बफर स्टॉक है। तुअर (अरहर) और उड़द के आयात को मार्च, 2027 तक 'मुक्त श्रेणी' में रखा गया है। प्याज, आलू और टमाटर के संबंध में उन्होंने कहा कि इनकी पैदावार पिछले साल के लगभग बराबर है और आपूर्ति पक्ष में कोई बाधा नहीं है।

### खाद्य तेल की स्थिति पर सरकार की नजर



सचिव ने कहा कि पिछले एक साल से गेहूं और चावल की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। खाद्य तेल की घरेलू उपलब्धता भी वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद संतोषजनक बनी हुई है और इंडोनेशिया, मलेशिया, रूस, यूक्रेन, अर्जेंटीना एवं ब्राजील से इनका आयात जारी है।"सरकार खाद्य तेल की स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखेगी और जरूरत पड़ने पर हस्तक्षेप करेगी। इसके साथ चीनी के खुदरा दाम भी स्थिर बने हुए हैं।"

# डॉलर के कमजोर होने से चांदी 5,000 रुपए चढ़ी सोना 2,300 रुपए मजबूत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- चांदी बढ़कर 2 .42 लाख रुपए प्रति किलोग्राम हुई
- सोना उछलकर 1.53 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर

कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमतें 5,000 रुपये बढ़कर 2.42 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं, जबकि सोना बढ़कर 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 5,000 रुपये, या 2.11 प्रतिशत बढ़कर 2,42,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जो शुक्रवार के बंद भाव 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 2,300 रुपये, या 1.52 प्रतिशत बढ़कर 1,53,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले सत्र में यह 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

विश्लेषकों ने कहा कि कीमती धातुओं में हालिया गिरावट के बाद कीमतें घटने पर होने वाली लिवाली के कारण सर्राफा की कीमतों में सुधार आया।


### मजबूत आर्थिक आंकड़ों से सोने में तेजी

अमेरिका के मजबूत वृहद आर्थिक आंकड़ों की वजह से सोने की कीमतों में तेजी सीमित रह सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि नौकरियों के उत्साहजनक आंकड़ों के कारण सोने की कीमतें ऊपर-नीचे और अस्थिर बनी रह सकती हैं।

### वैश्विक राजनीति मुख्य कारक बनी रहेगी

कोटक सिक्योरिटीज में जिंस रिसर्च की एवीपी, कायनात चैनवाला ने कहा कि इस सप्ताह भू-राजनीति ही मुख्य कारक बनी रहेगी और इससे ही सर्राफा कीमतों को दिशा मिलेगी।

# अब उर्वरक संयंत्रों को जरूरत की 90 प्रतिशत तक गैस की आपूर्ति




- होर्मुज से जहाजों की आवाजाही बाधित होने के कारण आपूर्ति प्रभावित
- संयंत्रों को गैस की आपूर्ति 60 प्रतिशत तक सीमित कर दी थी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेट्रोलियम कंपनियों के हाजिर बाजार से तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की खरीद के बाद उर्वरक संयंत्रों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति उनकी आवश्यकता के लगभग 90 प्रतिशत तक बढ़ा दी गई है। होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही बाधित होने से उत्पन्न समस्याओं के बीच ईंधन की उपलब्धता को प्रबंधित करने के व्यापक उपायों के तहत यह कदम उठाया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण खाड़ी देशों से ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के बाद, सरकार ने शुरू में उर्वरक (यूरिया) संयंत्रों को गैस की आपूर्ति आवश्यकता के लगभग 60 प्रतिशत तक सीमित कर दी थी। बाद में वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से इसे बढ़ाकर 75 से 80 प्रतिशत कर दिया गया था। सचिव सुजाता शर्मा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि हाजिर खरीद का उपयोग करके छह अप्रैल से गैस की आपूर्ति को छह महीने की औसत खपत के 90 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है। कतर से एलएनजी की आपूर्ति निलंबित है। ऐसे में भारतीय कंपनियां अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और रूस में वैकल्पिक आपूर्तिकर्ताओं से ईंधन की खरीद कर रही हैं।

### *18 करोड़ से अधिक सिलेंडर वितरित*

*अधिकारी ने कहा, "घरेलू एलपीजी सिलेंडर का वितरण सामान्य बना हुआ है। एक मार्च, 2026 से अब तक 18 करोड़ से अधिक सिलेंडर घरों में वितरित किए जा चुके हैं।' उन्होंने कहा कि राज्यों को होटल और रेस्तरांओं द्वारा उपयोग की जाने वाली वाणिज्यिक एलपीजी का आवंटन संकट-पूर्व स्तर के लगभग 70 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है।*

### जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर के ईवी बिक्री में इजाफा...



**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की वित्त वर्ष 2025-26 में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री 66 प्रतिशत बढ़कर 62,591 इकाई हो गई। यह वित्त वर्ष 2024-25 में 37,730 इकाई थी। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि मार्च में उसने 6,528 इलेक्ट्रिक वाहन बेचे, जो सालाना आधार पर 19 प्रतिशत अधिक है। इसमें एमजी विंडसर का सबसे अधिक योगदान रहा जिसकी बिक्री सालाना आधार पर 20 प्रतिशत अधिक रही.." एमजी विंडसर भारत में सबसे अधिक बिकने वाली ईवी बनी हुई है। बयान के अनुसार, विंडसर की 70 प्रतिशत बिक्री गैर-महानगर शहरों में दर्ज की गई जो छोटे शहरों में इसकी मजबूत मांग का संकेत देती है। साथ ही यह इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर बदलते रुख को भी दर्शाता है।

# एनएमडीसी ने लौह अयस्क के दाम 11.1 % तक बढ़ाए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकारी स्वामित्व वाली एनएमडीसी ने लौह अयस्क के दामों में 11.1 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है। कंपनी ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी। देश की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी ने बताया कि नई कीमतें पांच अप्रैल 2026 से प्रभावी हो गईं।कंपनी सूचना के अनुसार बैलाडीला खदानों (छत्तीसगढ़) से उत्पादित उच्च गुणवत्ता वाले बायला लंप (65.5 प्रतिशत लौह अंश) के दाम में 10.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। वहीं बायला फाइंस (64 प्रतिशत लौह अंश) के दाम 11.1 प्रतिशत बढ़ाए गए हैं।

# भारतीय मुद्रा संभली, रुपए में आई 14 पैसे की तेजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रुपया सोमवार को 14 पैसे चढ़कर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.04 (अस्थायी) पर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक के सट्टेबाजी पर अंकुश लगाने और रुपये में अस्थिरता को कम करने के लिए उठाए गए कदमों से घरेलू मुद्रा थोड़ी संभली है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी, मजबूत डॉलर और अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति के बीच कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से रुपये पर अब भी दबाव कायम है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.13 पर खुला और कारोबार के दौरान तेजी से चढ़कर 92.79 के उच्च स्तर पर पहुंचा।

**कार्यालय कलेक्टर (नजूल ) जिला रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक/53/नजूल/2026 रीवा, दिनांक 24/03/2026

**विज्ञप्ति**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर पालिक निगम रीवा वार्ड क्रमांक 22 अस्पताल चौराहा में स्थित नजूल प्लाट नं. 3455 रकवा 0.5870हे. वर्तमान नजूल खसरे में म.प्र. शासन शासकीय दर्ज अभिलेख है ।उक्त भूमि दूरसंचार विभाग का अस्पताल चौराहा रीवा अन्तर्गत स्थिति जर्जर एवं मयप्रद उपभोक्ता सेवा केन्द्र का ध्वस्तीकरण किया जाकर लोकहित में श्रमिक विश्राम गृह का निर्माण हेतु नगर पालिक निगम रीवा के नाम आवंटन किये जाने हेतु प्रकरण कलेक्टर महोदय जिला रीवा से प्रतिवेदनार्थ हेतु प्राप्त हुआ है । म.प्र. नजूल निर्वर्तन निर्देश 2020 की कण्डिका 142 के अनुसरण में यह उद्घोषणा जारी की जाती है कि उपरोक्त आवंटन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था का दावा, आपत्ति अथवा सुझाव हो तो वह दिनांक 08/04/2026 तक न्यायालय नजूल अधिकारी जिला रीवा के न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के बाद प्रस्तुत दावें, आपत्ति अथवा सुझाव मान्य नही होगें ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया जाता है ।

नजूल अधिकारी
जिला-रीवा (म.प्र.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

N.I.T. No./PWD/e-tendering/PRO/28 **प्रथम निविदा सूचना** Date-06/04/2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Date-09/04/2026 Tender ID 2026_UAD_496183_1 | चेरीताल वार्ड अंतर्गत पंजाब बैंक कॉलोनी में आशा ग्लास के सामने से पटेल जी एवं चंद्रभान साहू से जय ट्रेडर्स तक एम-30 सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य। (अध्यक्ष मद) | 03 माह 11.80 लाख | 2000/- 8853/- | 08/05/2026 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म विभाग)
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् धनपुरी जिला - शहडोल म.प्र.**

क्रमांक/न.पा./भण्डार/2025-26/24 **ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना** धनपुरी दिनांक :- 02/04/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाँक एवं टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 13-DATE-02.04.2026 2026_UAD_496942_1 | Supply Sanitation Hardware items for session 2026-27 | वित्तीय वर्ष 2026-27 30.00 लाख | 5000/- एवं 22500/- | 04.05.2026 05:30PM |
| 2 | 12-DATE-02.04.2026 2026_UAD_496937_1 | Supply Stationary items and Toner Refilling for session 2026-27 | वित्तीय वर्ष 2026-27 07.00 लाख | 2000/- एवं 7000/- | 04.05.2026 05:30PM |
| 3 | 11-DATE-02.04.2026 2026_UAD_496920_1 | Supply Electrical items for session 2026-27 | वित्तीय वर्ष 2026-27 64.00 लाख | 10000/- एवं 48000/- | 04.05.2026 05:30PM |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् धनपुरी जिला- शहडोल म.प्र.

**कार्यालय नगर परिषद कटंगी जिला - बालाघाट (म.प्र.)**
Web Site-http://www.nagarparishadkatangi.co.in
E-Mail-cmokatangibalaghat@mpurban.gov.in cmokatangibalaghat.mpurban@gmail.com
Phone No. - 07630-299026

क्रमांक/12/रा.वि./न.पा./2026 ।। चतुर्थ ई - निविदा सूचना ।। कटंगी, दिनांक 02.04.2026

**दुकानों के अंतरण किये जाने की निविदा सूचना**

| क्र. | टेण्डर आई.डी. | दुकान क्र. | दुकान का क्षेत्रफल (वर्गफीट) | सरकारी बोली /न्यूनतम बोली | अमानत राशि अर्नेस्ट मनी (1%) | निविदा प्रपत्र मुल्य | दुकान के आरक्षण की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| 1 | 2023_UAD_300816_4 | 02 | 13X12 | 10,00,000/- | 10,000/- | 2000/- | अनारक्षित |
| 2 | 2023_UAD_300817_4 | 03 | 13X12 | 8,00,000/- | 8,000/- | 2000/- | अनारक्षित |
| 3 | 2023_UAD_300818_4 | 04 | 13X12 | 7,00,000/- | 7,000/- | 2000/- | अ.जा. |
| 4 | 2023_UAD_300819_4 | 05 | 11.4X13 | 7,00,000/- | 7,000/- | 2000/- | अ.ज.जा. |
| 5 | 2023_UAD_300820_4 | 06 | 11.4X13 | 8,00,000/- | 8,000/- | 2000/- | अनारक्षित |
| 6 | 2023_UAD_300822_4 | 07 | 11.4X13 | 10,00,000/- | 10,000/- | 2000/- | अनारक्षित |
| 7 | 2023_UAD_300826_4 | 10 | 11.4X13 | 10,00,000/- | 10,000/- | 2000/- | अनारक्षित |
| 8 | 2023_UAD_300830_4 | 11 | 11.4X13 | 8,00,000/- | 8,000/- | 2000/- | अनारक्षित |
| 9 | 2023_UAD_300831_4 | 12 | 11.4X13 | 7,00,000/- | 7,000/- | 2000/- | अ.पि.वर्ग |
| 10 | 2023_UAD_300832_4 | 13 | 13X11.5 | 7,00,000/- | 7,000/- | 2000/- | अनारक्षित |
| 11 | 2023_UAD_300833_4 | 14 | 13X11.5 | 8,00,000/- | 8,000/- | 2000/- | अनारक्षित महिला |
| 12 | 2023_UAD_300834_4 | 15 | 13X11.5 | 10,00,000/- | 10,000/- | 2000/- | अनारक्षित |

1- प्रत्येक निविदाकार शासन द्वारा जारी केन्द्रीय पंजीकृत प्रणाली के पोर्टल की बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पंजीकृत होना अनिवार्य है। जिस नाम से आई.डी. होगी उसी नाम से निविदा आंफर प्रस्तुत किया जावेगा । 2- निविदा प्रपत्र की खरीदी ऑनलाईन बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in में आंनलाईन पेमेन्ट एवं पोर्टल सर्विस चार्ज के द्वारा दिनांक 04.04.2026 साय. 5.30 बजे तक खरीदे जा सकते है। 3- निविदा ऑनलाईन जमा करने की दिनांक 04.04.2026 समय सायं. 5:30 बजे से दिनांक 11.04.2026 सायं. 5:30 बजे तक है। 4- निविदा फार्म खोलने की दिनांक 13.04.2026 दोपहर 02:00 बजे से है। 5- निविदा मे संशोधन केवल बेवसाईट पर देख सकते है, अखबारो मे इसका कोई प्रकाशन नही किया जावेगा। नोट :- यह केवल संक्षिप्त निविदा सूचना है निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिये नगर परिषद कटंगी बालाघाट के कार्यालय राजस्व शाखा में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर देखी जा सकती है।


अध्यक्ष,
नगर परिषद कंटगी, जिला-बालाघाट (म.प्र.)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद कंटगी, जिला - बालाघाट (म.प्र.)

चिंतन

# रिश्तों को भी प्रभावित कर रही डिजिटल दुनिया

भारत में डिजिटल क्रांति ने जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित किया है, लेकिन अब इसका असर सबसे संवेदनशील क्षेत्र रिश्तों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। ग्लीडेन और एमोर जैसे विवाहेतर डेटिंग प्लेटफॉर्म्स पर 40 लाख से अधिक भारतीयों की मौजूदगी केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि बदलते सामाजिक ताने-बाने का संकेत है। सवाल यह है कि क्या यह बदलाव आधुनिकता की पहचान है या रिश्तों के संकट की आहट? इन प्लेटफॉर्म पर महिलाओं और पुरुषों दोनों की ही बढ़ती संख्या यह दर्शाती है कि अकेलेपन और अलगाव होने के बाद साथी की जरूरत ही लिव इन या ऐसे डेटिंग एप्स पर लोगों को आने का मजबूर करती है। भारतीय समाज में विवाह केवल दो व्यक्तियों का संबंध नहीं, बल्कि दो परिवारों का जुड़ाव माना जाता रहा है, लेकिन अब इस परंपरा को डिजिटल दुनिया नई दिशा दे रही है। महानगरों बेंगलुरु, हैदराबाद, दिल्ली, मुंबई और पुणे में इन एप्स की बढ़ती लोकप्रियता यह दिखाती है कि तेज रफ्तार जीवनशैली और बढ़ते तनाव ने रिश्तों में दरारें पैदा की हैं। अब लोग भावनात्मक संतुष्टि और रोमांच की तलाश डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर कर रहे हैं। इस प्रवृत्ति के पीछे कई परतें हैं। सबसे प्रमुख कारण है भावनात्मक अकेलापन। व्यस्त दिनचर्या, करियर का दबाव और आपसी संवाद की कमी ने दांपत्य संबंधों को कमजोर किया है। जब घर में समझ और जुड़ाव नहीं मिलता, तो लोग बाहर विकल्प तलाशते हैं। एक रिसर्च के अनुसार, यही हाल रहा तो भारत 2027 में अमेरिका के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा डेटिंग सर्विस मार्केट बन जाएगा। चिंताजनक बात यह है कि इस ट्रेंड में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं की संख्या में 148 प्रतिशत तक की वृद्धि यह दर्शाती है कि अब वे भी अपने निजी जीवन में अधिक स्वतंत्र निर्णय ले रही हैं। यह बदलाव एक ओर महिला सशक्तिकरण का संकेत माना जा सकता है, लेकिन दूसरी ओर यह पारिवारिक स्थिरता के लिए चुनौती भी बन रहा है। सिर्फ युवा ही नहीं, 40 वर्ष से अधिक आयु के लोग भी तेजी से इन प्लेटफॉर्म्स की ओर बढ़ रहे हैं। यह संकेत है कि विवाह के वर्षों बाद भी लोग भावनात्मक खालीपन महसूस कर रहे हैं। समाजशास्त्रियों के अनुसार, यह केवल 'अफेयर' का मामला नहीं, बल्कि रिश्तों की बदलती परिभाषा का संकेत है। हालांकि, इस बदलाव के खतरनाक पहलुओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में वृद्धि हुई है, और कई मामलों में रिश्तों में अविश्वास और धोखा भी एक कारण बन रहा है। इसके अलावा, डेटिंग प्लेटफॉर्म्स पर पहचान छिपाने की सुविधा अपराधियों के लिए भी अवसर बन सकती है। ऐसे में डिजिटल रिश्तों का यह जाल सामाजिक सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा कर रहा है। देश में पिछले कुछ समय से शादी, डेटिंग या लिव-इन जैसे अंतरंग रिश्तों में हिंसा के मामले बढ़ रहे हैं। राष्ट्रीय क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की सितंबर 2025 में जारी रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में महिलाओं के खिलाफ 4.48 लाख अपराध दर्ज हुए, जो 10 साल में सबसे ज्यादा हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में यूपी, महाराष्ट्र, प. बंगाल और राजस्थान सबसे आगे हैं। एक सर्वे के मुताबिक करीब 59% शादियां पार्टनर की बेवफाई की वजह से ही टूट रही हैं। रिश्तों में विश्वास की कमी समाज में अस्थिरता को जन्म दे सकती है। इसका समाधान रिश्तों से बाहर नहीं, बल्कि रिश्तों के भीतर खोजने की जरूरत है। संवाद, समझ और समय ये तीन तत्व किसी भी संबंध को मजबूत बना सकते हैं।



चुनाव
उमेश चतुर्वेदी

# बागियों को सबक सिखाने के मूड में कांग्रेस

देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस का दांव दो राज्यों में ही सबसे ज्यादा है, इसलिए उसका सारा ध्यान इन्हीं दो राज्यों पर है। असम और केरलम के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की स्थिति अलग-अलग है। इसलिए दोनों ही राज्यों में उसकी चुनौतियां अलग हैं, इसलिए उसकी लड़ाई के रूप और तरीके अलग-अलग हैं। हरियाली और समुद्री किनारे के चलते केरलम को खूबसूरत राज्यों में शुमार किया जाता है। इस खूबसूरती की ही वजह से केरल को 'भगवान का देश' कहा जाता है। बारह साल से केंद्रीय सत्ता से दूर कांग्रेस को उम्मीद भगवान के इसी देश से ही ज्यादा है। पिछले लोकसभा चुनावों में जिस तरह इस राज्य से उसे समर्थन मिला था, उसकी वजह से उसकी उम्मीदों का परवान चढ़ना स्वाभाविक है।

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, चुनावी घमासान बढ़ता जा रहा है। देश की सबसे पुरानी पार्टी का दांव चूंकि दो राज्यों में ही सबसे ज्यादा है, इसलिए उसका सारा ध्यान इन्हीं दो राज्यों पर है। असम और केरलम के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की स्थिति अलग-अलग है। इसलिए दोनों ही राज्यों में उसकी चुनौतियां अलग हैं, इसलिए उसकी लड़ाई के रूप और तरीके अलग-अलग हैं। हरियाली और समुद्री किनारे के चलते केरलम को खूबसूरत राज्यों में शुमार किया जाता है। इस खूबसूरती की ही वजह से केरल को 'भगवान का देश' कहा जाता है। बारह साल से केंद्रीय सत्ता से दूर कांग्रेस को उम्मीद भगवान के इसी देश से ही ज्यादा है। पिछले लोकसभा चुनावों में जिस तरह इस राज्य से उसे समर्थन मिला था, उसकी वजह से उसकी उम्मीदों का परवान चढ़ना स्वाभाविक है। लेकिन यहां उसकी चुनौती भगवान को न मानने वाली विचारधारा से है। केरल की सत्ता पर काबिज जिस वाममोर्चा से विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का मुकाबला है, राष्ट्रीय स्तर पर मोदी के खिलाफ बने विपक्षी मोर्चे में कांग्रेस उसी वाममोर्चे के साथ है। स्थानीय स्तर पर विरोध और राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग का विरोधाभास अगर सर्वाधिक शिक्षित राज्य में भारी पड़ सकता है। हाल ही में हुए स्थानीय निकाय चुनावों में राजधानी तिरूअनंतपुरम में जीत हासिल कर चुकी बीजेपी इस विरोधाभास को खूब उछाल रही है। वैसे तो बीजेपी का दावा है कि इस बार भगवान के देश में भगवा ध्वज फहरने जा रहा है, हालांकि अब तक चुनावी अभियान से साफ है कि बीजेपी को वैसी सफलता मिलती नजर नहीं आ रही, लेकिन बीजेपी का मौजूदा जीन आखिरी दम तक हार नहीं मानने का है। इसलिए पार्टी की कोशिश सीपीएम की अगुआई वाले वाममोर्चे और कांग्रेस की अगुआई वाले संयुक्त मोर्चे के विरोधाभास को उजागर करने पर है। पार्टी को लगता है कि देश के इस सर्वाधिक साक्षर राज्य में अगर जनता ने इस विरोधाभास को समझ लिया तो राज्य के चुनावी नतीजे 2017 के उत्तर प्रदेश के परिणामों की तरह आश्चर्यजनक रूप से अपने पक्ष में किए जा सकते है। 2017 में किसने सोचा था कि भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत हासिल करेगी। इसी कोशिश के तहत अमित शाह केरल की करीब 19 प्रतिशत जनसंख्या वाले ईसाई समुदाय से लगातार संपर्क कर रहे हैं। साल 2011 की जनगणना के अनुसार, केरलम के कुल 3.34 करोड़ निवासियों में से लगभग 61.41 लाख ईसाई हैं, जो मुख्य रूप से मध्य केरल में केंद्रित हैं। पारंपरिक रूप से केरल में यह समुदाय कांग्रेस का सहयोग करता रहा है, लेकिन बीजेपी की कोशिश इस समुदाय को कांग्रेस से तोड़ने की रही है। हालिया अतीत के कुछ चुनावों में यह समुदाय बीजेपी के साथ खड़ा होता नजर आया है। इसकी वजह यह है कि राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित लव जेहाद का शिकार केरलम में यह समुदाय भी होता रहा है। वैसे बीजेपी जिस तरह की कोशिश करती नजर आ रही है, उससे सबसे ज्यादा संकट में कांग्रेस की संभावनाएं ही नजर आ रही है। ऐसा लगता है कि बीजेपी की रणनीति कांग्रेस को इस राज्य की सत्ता से दूर रखने की ही है। पूर्वोत्तर भारत के प्रमुख राज्य असम की जहां तक बात है, तो वहां मुख्य



मुकाबला बीजेपी और कांग्रेस में ही है। कांग्रेस की चिढ़ यह है कि बीजेपी जिस हिमंत विस्वसरमा के चेहरे पर चुनावी मैदान में है, वह कभी कांग्रेस का ही चेहरा होते थे। कांग्रेस अपने इस पूर्व नेता को इस बार हर हाल में सबक सिखाने के मूड में नजर आ रही है। जिस तरह उनकी पत्नी रिंकी भुइयां सरमा के पास तीन-तीन पासपोर्ट हैं। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा का आरोप है कि रिन्की भुइयां सरमा के पास संयुक्त अरब अमीरता , एंटीगुआ और बारबुडा एवं मिस्त्र का पासपोर्ट है। कांग्रेस ने इसके समर्थन के कुछ दस्तावेज़ों की कॉपी भी दिखाई है। हालांकि हिमंत विस्वसरमा का कहना है कि कांग्रेस हताशा में है और उनकी ओर से कांग्रेस के नेताओं पर मानहानि का केस दायर करने की भी बात कही जा रही है। कांग्रेस एक तरह से अपने इस पुराने सिपाही को भ्रष्टतम साबित करने की कोशिश में है। कांग्रेस का यह भी आरोप है कि हिमंत के पास अमेरिका में भी कंपनी है, जिसमें बावन हजार करोड़ रूपए जमा हैं। कांग्रेस का यह आरोप राहुल गांधी के आरोपों का विस्तार ही लगता है। राहुल गांधी ने कुछ दिन पहले उन्होंने अपने पुराने सहयोगी को देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री बताया था। राहुल गांधी उन्हें सत्ता में वापसी के बाद जेल भेजने की बात कहते रहे हैं। कांग्रेस की इन आरोपों के जरिए कोशिश सिर्फ हिमंत को ही सवालों के घेरे में रखना नहीं है, बल्कि बीजेपी को भी भ्रष्टाचार बताने की भी है। वैसे हिमंत भी राहुल गांधी की आलोचना करते रहे हैं। अपने कांग्रेस छोड़ने की वजह वे राहुल गांधी को ही बताते रहे हैं। दोनों के रिश्तों के संदर्भ में मौजूदा आरोपों को देखें तो यह निजी खुन्नस का भी मामला लगता है। हिमंत इन आरोपों को निजी खुन्नस बताने और असम के लोगों को समझाने की कोशिश में लगे हैं। अगर वे इसमें कामयाब रहे तो असम में कांग्रेस की चुनावी संभावना दूर होगी। अगर ऐसा हुआ तो फिर कांग्रेस के लिए उत्तर पूर्व में अपनी मौजूदगी बनाए रखना दूर की कौड़ी हो जाएगा। इसका कारण यह है कि हिमंत पूर्वोत्तर भारत में बीजेपी का चेहरा और संकट मोचक बन चुके हैं। अगर कांग्रेस की कोशिशें कामयाब रहीं तो पूर्वोत्तर में बीजेपी की राह कठिन हो जाएगी। हिमंत की हार उसकी चुनावी संभावनाओं पर बड़ा प्रश्नचिन्ह बनकर उभरेगी। असम पर काबू पाने के लिए कांग्रेस ने अपने हरावल दस्ते के हर हथियार मैदान में उतार दिए हैं। कांग्रेस की कोशिशों को पलीता उसकी प्रेस कांफ्रेंस में ही लगता दिखा, जब राष्ट्रीय मीडिया के एक पत्रकार ने उस कंपनी की वेबसाइट खोलकर उसकी स्थापना के तथ्य कांग्रेस प्रवक्ता के सामने पेश करने शुरू कर दिए, जो कांग्रेस के दावे के ठीक उलट नजर आ रहे थे। इसका माकूल और संतोषजनक जवाब कांग्रेस प्रवक्ता नहीं दे पाए। असम से सटे पश्चिम बंगाल में भी विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। वहां तो वह लड़ती भी नहीं दिख रही। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी कभी कांग्रेस की सिपाही रहीं। केरलम की तरह पश्चिम बंगाल में भी कांग्रेस विरोधाभास से जूझ रही है। राष्ट्रीय स्तर पर वह ममता के साथ है, लेकिन राज्य में उसकी पूरी कोशिश ममता को हिमंत की तरह सबक सिखाने की ही लग रही है। दरअसल, राज्य में कांग्रेस का एक भी विधायक नहीं है। हालांकि 2023 में मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले की सगरदीघी सीट के उपचुनाव में कांग्रेस तृणमूल कांग्रेस को हराकर विधानसभा में खाता खोलने में सफल रही थी। मुस्लिम बहुल विधानसभा में कांग्रेस की जीत से ममता की नींद उड़ गई थी। राज्य के करीब पैंतीस फीसद मुस्लिम वोट बैंक में सेंध का डर उन्हें सताने लगा। साफ है कि इस बार के चुनावों में कांग्रेस जहां अपने पुराने सिपाहियों को सिखाने की कोशिश में है, वहीं खुद की संभावनाएं बेहतर करने का भी प्रयास कर रही है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

स्वास्थ्य दिवस आज
महेन्द्र तिवारी




# बदलते परिवेश में स्वास्थ्य चुनौतियां

विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को मनाया जाता है, जो न केवल स्वास्थ्य के प्रति चेतना जगाने का कार्य करता है, बल्कि एक स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयासों को भी प्रेरित करता है। इस विशेष दिन की नींव 7 अप्रैल 1948 को विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना के साथ रखी गई थी, और इसे आधिकारिक रूप से पहली बार 1950 में मनाया गया। वर्ष 2026 में, जब दुनिया तकनीकी और वैज्ञानिक प्रगति के एक नए युग में प्रवेश कर चुकी है, विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम 'स्वास्थ्य के लिए एकजुट। विज्ञान के साथ खड़े रहें' निर्धारित की गई है। यह थीम एक अत्यंत महत्वपूर्ण मोड़ पर हमारे सामने आई है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी सूचनाओं, मिथकों और वैज्ञानिक तथ्यों के बीच एक निरंतर संघर्ष देखा गया है। यह विषय हमें इस बात के लिए प्रोत्साहित करता है कि हम अपने जीवन और स्वास्थ्य के प्रति निर्णय लेते समय भावनाओं या अफवाहों के बजाय साक्ष्य-आधारित विज्ञान को आधार बनाएं। 2026 का यह अभियान इसी वैज्ञानिक दृष्टिकोण को वैश्विक सहयोग के साथ जोड़ने की एक सशक्त पुकार है। इतिहास देखें तो वैश्विक स्वास्थ्य सहयोग की यात्रा 19वीं शताब्दी के मध्य में शुरू हुई थी। वर्ष 1851 में पेरिस में आयोजित पहला अंतरराष्ट्रीय स्वच्छता सम्मेलन इस दिशा में पहला बड़ा कदम था, जिसका उद्देश्य हैजा जैसी संक्रामक बीमारियों के प्रसार को रोकना था। इसके बाद 1902 में पैन-अमेरिकन सैनिटरी ब्यूरो और 1907 में ऑफिस इंटरनेशनल डी'हाइजीन पब्लिक जैसे संगठनों ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य सहयोग की नींव को और मजबूत किया। द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका के बाद जब संयुक्त राष्ट्र का गठन हुआ, तब यह महसूस किया गया कि एक ऐसी वैश्विक संस्था की आवश्यकता है जो बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के पूरी मानवता के स्वास्थ्य की रक्षा कर सके। परिणामस्वरूप, 1946 में न्यूयॉर्क में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य सम्मेलन में विश्व स्वास्थ्य संगठन के संविधान पर 61 देशों ने हस्ताक्षर किए और अंततः 7 अप्रैल 1948 को यह संगठन अस्तित्व में आया। वर्तमान में विश्व स्वास्थ्य संगठन के 194 सदस्य देश हैं, जो दुनिया भर में 'स्वास्थ्य सबके लिए' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की सबसे बड़ी सफलता 1980 में चेचक का वैश्विक उन्मूलन रही है, जिसने यह सिद्ध कर दिया कि यदि दुनिया विज्ञान के साथ एकजुट होकर खड़ी हो, तो किसी भी असाध्य बीमारी को जड़ से मिटाया जा सकता है। इसके अलावा, पोलियो के मामलों में 99 प्रतिशत से अधिक की कमी, एचआईवी/एड्स के उपचार में प्रगति और हाल के वर्षों में मलेरिया के पहले टीके (आरटीएस, एस/एएस01) की मंजूरी विज्ञान की ही गौरवशाली उपलब्धियां हैं। टीकाकरण से लेकर कैंसर के उपचार तक, लोग अक्सर वैज्ञानिक प्रमाणों के स्थान पर अवैज्ञानिक दावों की ओर आकर्षित हो जाते हैं। ऐसे में यह थीम दुनिया को याद दिलाती है कि विज्ञान ने ही हमें टीके, एंटीबायोटिक्स, उन्नत सर्जिकल तकनीक और जीवन रक्षक दवाएं दी हैं। वैज्ञानिक अनुसंधान के प्रति सम्मान और शोध में निवेश ही वह मार्ग है, जिससे भविष्य की महामारियों को रोका जा सकता है। इसके साथ ही, 2026 का अभियान वन हेल्थ दृष्टिकोण पर बहुत अधिक जोर देता है। विज्ञान हमें बताता है कि मनुष्यों का स्वास्थ्य अकेले नहीं सुधारा जा सकता, क्योंकि यह पशुओं और हमारे साझा पर्यावरण के स्वास्थ्य से गहराई से जुड़ा हुआ है। डेटा बताते हैं कि मनुष्यों में होने वाली लगभग 75 प्रतिशत नई उभरती संक्रामक बीमारियां 'जूनोटिक' होती हैं, यानी वे जानवरों से मनुष्यों में फैलती हैं। गैर-संचारी रोग जैसे हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर और श्वसन संबंधी बीमारियां वर्तमान में दुनिया भर में होने वाली कुल मौतों का लगभग 74 प्रतिशत हिस्सा हैं। डेटा के अनुसार, प्रत्येक वर्ष लगभग 41 मिलियन लोग इन बीमारियों के कारण अपनी जान गंवाते हैं, जिनमें से 17 मिलियन मौतें 70 वर्ष की आयु से पहले ही हो जाती हैं। ये आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि हमारी जीवनशैली और वैज्ञानिक परामर्श की अनदेखी हमें किस ओर ले जा रही है। विशेष रूप से मधुमेह की समस्या एक वैश्विक संकट बन चुकी है, जिससे दुनिया भर में 530 मिलियन से अधिक लोग प्रभावित हैं और यह संख्या 2045 तक बढ़कर 780 मिलियन होने का अनुमान है। मानसिक स्वास्थ्य भी एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर 2026 के इस अभियान में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अतः यह दिवस हमें निरंतर यह प्रेरणा देता रहे कि स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक धरोहर है, जिसे हमें वैज्ञानिक सोच और एकजुटता के साथ सुरक्षित रखना है।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मन पतंग, श्वास डोर!



संकलित
दर्शन

केवल एक स्वस्थ कली ही खिल सकती है। उसी प्रकार केवल एक स्वस्थ व्यक्ति ही सफल हो सकता है। तो स्वस्थ होना क्या है? यदि आपके भीतर कड़ापन, बेचैनी या असंतोष है, तो आप स्वस्थ नहीं हैं। यदि मन अस्थिर और अशांत है, तो आप मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। यदि भावनाएं असंतुलित हैं, तो आप भावनात्मक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। पूर्ण स्वास्थ्य की स्थिति प्राप्त करने के लिए मन को शांत, स्थिर और भावनाओं को कोमल रखना आवश्यक है। पूर्ण स्वास्थ्य हमारे भीतर से बाहर और बाहर से भीतर निरंतर प्रवाहित होना चाहिए। संस्कृत में स्व या आत्मा में स्थित होने को स्वास्थ्य कहते हैं। हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि हमारा अस्तित्व के पांच कोश (परत) होते हैं। पहला है पर्यावरण, अर्थात हमारे चारों ओर का वायुमंडल- यह हमारा मूल आवरण है। दूसरा है भौतिक शरीर। तीसरा है प्राणमय कोश, अर्थात जीवन ऊर्जा। चौथा है मनोमय कोश, जिसमें विचार, भावनाएं और कल्पनाएं होती हैं। पांचवां है विज्ञानमय या अंतर्ज्ञानमय कोश, जिसमें सहज अनुभूति और गहरी समझ होती है- यह अत्यंत सूक्ष्म और प्रभावशाली है। जब कोई रोग उत्पन्न होता है, तो वह पहले विचार रूप में आता है, फिर ध्वनि रूप में, फिर प्रकाश रूप में आभामंडल में प्रकट होता है, और अंततः शरीर में दिखाई देता है।

## जब कोई गलती हो जाए तो स्वीकार करें



संकलित
प्रेरणा

महात्मा गांधी के बचपन का चर्चित किस्सा है। जब गांधी जी छोटे थे, तब एक दिन उन्होंने अपने ही घर में चोरी कर ली थी। इस बारे में गांधी जी ने भी खुद जिक्र किया था। बालक मोहनदास ने बड़े भाई के सोने के कड़े में से कुछ सोना निकाल लिया था। मोहनदास अपनी कुछ जरूरतें पूरी करना चाहते थे, जिसके लिए उन्हें धन की जरूरत थी। उन्होंने चोरी कर ली, लेकिन बाद अपनी गलती का एहसास हुआ तो उन्हें बहुत पछतावा हुआ। वे सोचने लगे कि अब इस गलती को किसके सामने स्वीकार किया जाए? मोहनदास ने पिता के सामने गलती स्वीकार करने का निश्चय किया। उन्हें डर भी लग रहा था कि अगर चोरी के बारे में बताऊंगा तो सजा भी मिलेगी। मोहनदास ने डरते-डरते अपने पिता को एक चिट्ठी लिखी, चिट्ठी में उन्होंने अपनी गलती के बारे में लिखा था। जब मोहनदास के पिता को चिट्ठी मिली तो उन्होंने उसे पढ़ा। चिट्ठी में पूरी बात लिखने के साथ ही लिखा था कि मैंने गलती की है और मैं अपनी गलती स्वीकार करता हूं, मैं इसकी सजा मानने के लिए भी तैयार हूं। जैसे ही मोहनदास के पिता ने चिट्ठी पढ़ी तो उनकी आंखों से आंसु आ गए और वे मौन हो गए। जबकि मोहनदास ने सोचा था कि पिता से डांट पड़ेगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पिता के मौन ने गांधी जी की सोच बदल दी, इस घटना के बाद से ही संसार को महात्मा गांधी के रूप में सबसे ईमानदार व्यक्ति मिल गया।

अंतर्मन




आज की पाती

### युद्ध की आग में झुलसती दुनिया

मध्य पूर्व का क्षेत्र एक बार फिर भय और अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। चारों ओर धुएं के गुबार उठ रहे हैं और कभी आबाद रहने वाले शहर अब खामोश खंडहरों में बदलते जा रहे हैं। जहां कभी बच्चों की आवाजें गूंजती थीं वहां अब सन्नाटा और डर का माहौल है। इमारतें धीरे धीरे जंगल का रूप लेती जा रही हैं और इनसान अपनी ही बनाई तबाही के बीच जीने को मजबूर है। यह केवल किसी एक देश की त्रासदी नहीं है बल्कि पूरी मानवता के लिए एक चेतावनी है। ईरान और अमरीका के बीच बढ़ता संघर्ष केवल दो देशों का टकराव नहीं, बल्कि वैश्विक संतुलन को प्रभावित करने वाला संकट बन चुका है। हाल की घटनाओं में जिस तरह से युद्ध ने तीव्र रूप लिया है उससे यह साफ हो गया है कि हालात किसी भी समय और ज्यादा गंभीर हो सकते हैं। दुनिया युद्ध की आग में झुलस रही है। *-विनोद कुमार, सोनीपत*

ट्रेंड

### कार्यकर्ता ही ताकत

भाजपा की ताकत उसके कार्यकर्ताओं में निहित है। उनकी अटूट निष्ठा और सेवा के प्रति समर्पण ही यह सुनिश्चित करता है कि पार्टी का विज़न देश के हर कोने तक पहुंचे। उनके प्रयास पार्टी को आगे बढ़ाने की ऊर्जा प्रदान करते हैं। **-नरेंद्र मोदी,** पीएम



### मेडिकल कॉलेजों में सीटें बेची

नारायणसामी सरकार के दौरान मेडिकल कॉलेजों की पीजी और डिप्लोमा सीटें खुलेआम बेची जाती थीं। दलित भाइयों और बहनों के लिए आरक्षित सीटें भी आरक्षण नियमों से बाहर जाकर बेची गईं। उन्होंने इस खूबसूरत राज्य को बर्बाद करने का काम किया। **-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री



### एलडीएफ-भाजपा में डील

आने वाले केरलम चुनाव के लिए एलडीएफ और भारतीय जनता पार्टी के बीच एक सीक्रेट डील हुई है। हमने देखा है कि सबरीमाला मंदिर में बड़े पैमाने पर चोरियां हुई हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से एक शब्द भी नहीं आया। यहीं इस डील के सबूत हैं। **-प्रियंका गांधी,** कांग्रेस सांसद



### मोदी कुछ नहीं बोले

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने खुलेआम कोलकाता पर हमला करने की धमकी दी है। और नरेंद्र मोदी ने क्या कहा? कुछ नहीं। क्या हम इंडियन यूनियन का एक स्टेट नहीं माने जाते? क्या हमारे लोगों की जान कोई मायने नहीं रखती? **-ममता बनर्जी,** सीएम पश्चिम बंगाल



करंट अफेयर

## किम की बेटी हो सकती हैं उनकी उत्तराधिकारी



दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी का कहना है कि अब उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की किशोरवय बेटी को उनकी उत्तराधिकारी के रूप में देखना उचित होगा। यह किम जोंग उन की बेटी की बढ़ती राजनीतिक स्थिति पर अब तक का सबसे जोरदार आकलन है, जिसके बारे में एजेंसी का मानना है कि वह अपने परिवार के शासन को चौथी पीढ़ी तक बढ़ा सकती है। सरकारी मीडिया द्वारा किम की 'सबसे प्रिय' या 'सम्मानित' संतान के बतायी जा रही यह लड़की, 2022 के अंत से अपने पिता के साथ कई हाई-प्रोफाइल कार्यक्रमों में शामिल हुई है, जिससे यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि उसे उत्तर कोरिया की भावी नेता के रूप में तैयार किया जा रहा है। 'नेशनल असेंबली' में हुई एक गुप्त बैठक के दौरान, दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा के निदेशक ली जोंग-सीओक ने कहा कि लड़की को किम का उत्तराधिकारी माना जा सकता है। बैठक में शामिल सांसदों में से एक, ली सियोंग क्वोन के अनुसार, निदेशक ने यह बात लड़की की राजनीतिक स्थिति के बारे में सांसदों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में कही। सांसद ली ने बैठक के दौरान बताया कि जब किम की बहन किम यो जोंग (जिन्हें लंबे समय से उत्तर कोरिया का दूसरा सबसे शक्तिशाली व्यक्ति माना जाता रहा है।

ऑफ बीट

## क्या वजन से हो सकता है स्वास्थ्य का आकलन



हमें पढ़ाया गया है कि दुबलेपन का सेहत से और अधिक वजन का बीमारी से संबंध होता है। लेकिन विज्ञान एक ज़्यादा बारीक कहानी कहता है—जहां वजन एक कहीं ज़्यादा जटिल तस्वीर में सिर्फ एक आंकड़ा भर है। तो अगर अकेले वजन ही यह नहीं दर्शाता कि हम कितने स्वस्थ हैं, तो और क्या दर्शाता है? शरीर का वजन स्वास्थ्य के सबसे ज्यादा मापे जाने वाले पैमानों में से एक है। समाज इस पर बहुत जोर देता है और किसी व्यक्ति के वजन की आलोचना को अक्सर स्वास्थ्य संबंधी चिंता के रूप में देखा जाता है। तो वजन असल में कितनी सार्थक स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करता है? सीधे शब्दों में कहें तो, व्यक्ति का वजन शरीर द्वारा ग्रहण की जा रही कैलोरी पर निर्भर करता है। समय के साथ वजन में बदलाव कैलोरी की खपत की ओर इशारा कर सकता है। अगर उनका वजन बढ़ रहा है, तो इसका मतलब यह है कि वे जितनी कैलोरी जला रहे हैं, उससे ज़्यादा सेवन कर रहे हैं। वहीं, अगर उनका वजन घट रहा है, तो इसका मतलब यह है कि वे जितनी कैलोरी ले रहे हैं, उससे ज़्यादा जला रहे हैं। शायद यह समझना ज़्यादा उपयोगी होगा कि वजन हमें स्वास्थ्य संबंधी कौन-सी जानकारी नहीं देता। कोलेस्ट्रॉल, रक्त शर्करा, रक्तचाप और हृदय गति जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संकेतक अक्सर नहीं मापे जाते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# अक्षय-राजपाल ने लूटा मजमा असरानी को देख लोग भावुक

**मुंबई।** अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की जोड़ी पूरे 14 साल बाद लौट आई है 'भूत बंगला' के साथ। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही फैंस में जैसे खुशी दौड़ गई हो। भूत बंगला, में अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू, राजपाल यादव, जीशु सेनगुप्ता और मिथिला पालकर नजर आएंगे। एक जबरदस्त कहानी और सुपर फनी मोमेंट्स के साथ यह ट्रेलर असली लाफ्टर रायट है। अक्षय कुमार, परेश रावल और राजपाल यादव की 'गोल्डन तिकड़ी' के साथ असरानी के कॉमेडी के तड़के ने इस ट्रेलर से सबका दिल जीत लिया है और खूब हंसाया भी है। जहां 'भूत बंगला' के टीजर ने सिर्फ माहौल बनाया था।

लाइफ Style



# सारा
## धुरंधर 2 की टीम के प्रति जताया आभार

फिल्म 'धुरंधर 2' की कामयाबी से आदित्य धर के साथ उनकी पत्नी यामी गौतम भी खुश हैं। उन्होंने धुरंधर 2 की लीड एक्ट्रेस सारा अर्जुन की तारीफ की है। उन्होंने युवा अभिनेत्री के अभिनय और लगन की जमकर सराहना की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सारा अर्जुन ने धुरंधर 2 में बेहतरीन काम करने के लिए पूरी टीम के प्रति अपना आभार व्यक्त किया है। हाल ही में सारा अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया। इसमें उन्होंने फिल्म के सेट के पीछे की तस्वीरें शेयर की। एक लंबे नोट में, उन्होंने आदित्य धर, प्रोडक्शन हाउस, कॉस्ट्यूम डिजाइनरों, कास्टिंग डायरेक्टर, एडिटर, सिनेमैटोग्राफर और फिल्म पर काम करने वाले हर व्यक्ति के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

उन्होंने अपनी पोस्ट का समापन इन शब्दों के साथ किया, 'एक्टर पोस्टर पर दिखने वाले चेहरे होते हैं, लेकिन आप इस सिनेमा की रीढ़ हैं। धुरंधर की पूरी टीम का धन्यवाद।' इस पोस्ट पर यामी गौतम ने कमेंट किया। उन्होंने सारा की तारीफ की। उन्होंने लिखा 'तुम ही आज और कल हो, सारा... तुमने जो किया है, उस पर मुझे बहुत गर्व है।' इस पोस्ट पर सारा अर्जुन ने रिप्लाई करते हुए लिखा 'आभार जताने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं।' सारा की पोस्ट पर कमेंट करते हुए आदित्य धर ने लिखा 'जिस तरह से आप चीजों को महसूस करती हैं, उसमें एक हिम्मत है। जिस तरह से आप दुनिया को दिखाती हैं, उसमें गरिमा है।

हॉलीवुड मसाला



# मास्टर्स ऑफ... का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** द मोस्ट पावरफुल मैन इन द यूनिवर्स, ही-मैन, मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स का धमाकेदार नया ट्रेलर पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज़ हो गया है। कई महीनों की उम्मीद और फैंस को टीज़ करने के बाद, अमेज़न एमजीएम स्टूडियोज़ ने आखिरकार मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स का नया ऑफिशियल ट्रेलर रिलीज़ कर दिया है, जो पॉप कल्चर की सबसे पसंदीदा फ्रेंचाइजी में से एक को भव्य अंदाज़ में बड़े पर्दे पर वापस ला रहा है। ट्रैविस नाइट द्वारा निर्देशित, यह फिल्म इस आइकॉनिक कहानी को एक लाइव-एक्शन साइ-फाई एक्शन एडवेंचर के रूप में फिर से पेश करती है।



# जापान में होगा क्रंचीरोल एनीमे अवॉर्ड्स का आयोजन

**लॉस एंजिल्स।** 'क्रंचीरोल एनीमे अवॉर्ड्स 2026' का आयोजन 23 मई को जापान के टोक्यो में होने वाला है। यह दसवां वार्षिक समारोह है। इसमें दुनियाभर की कई जानी मानी हस्तियां शामिल होंगी। इसी के साथ भारतीय अभिनेत्री रश्मिका मंदाना इसमें प्रेजेंटर के तौर पर शामिल होंगी। इस अवॉर्ड की अलग-अलग कैटेगरी में दुनियाभर की कई फिल्मों और सीरीज को नामांकन मिला है। 'गाचियाकुटा', 'द रोज ऑफ वर्साय' और 'समर हिकारू डाइड' को नामांकन मिला है। विजेताओं का ऐलान 23 मई को किया जाएगा। इन अवॉर्ड्स के दसवें एडिशन में एनीमे ऑफ द ईयर के नॉमिनीज में डैन डा डैन' सीजन 2, गाचियाकुटा, 'माई हीरो एकेडेमिया, टाकोपीज ओरिजिनल सिन, द अपॉथेकरी डायरीज' सीजन 2 और द समर हिकारू डाइड शामिल हैं।



# शेयर किया अपनी फिटनेस सीक्रेट

**मुंबई।** मलाइका अरोड़ा 52 साल की हो चुकी हैं, लेकिन उनकी फिटनेस कमाल की है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना फिटनेस सीक्रेट फैंस के साथ शेयर किया है। मलाइका अरोड़ा फिटनेस को लेकर काफी सीरियस रहती हैं। इसके लिए वह काफी मेहनत भी करती हैं। मलाइका अरोड़ा हाल ही में सोफी चौधरी के फिटनेस शो 'फेमसली फिट विद सोफी' में नजर आईं। दोनो ने जिम में खूब एक्सरसाइज की। साथ ही फिटनेस को लेकर बातचीत भी की है। वह बताती हैं कि अपनी बॉडी की जरूरतों पर ध्यान देना चाहिए। साथ ही प्रैक्टिकल होकर फिटनेस पर ध्यान देना चाहिए। मलाइका कहती हैं, बस इसे एक बैज की तरह पहनें। ग्रेसफुली उम्र को बढ़ने दें। इसमें ज्यादा न उलझें। यह तो बस एक नंबर है। आप किसी भी उम्र के हों, चाहे 20 के या 60 के, आप कमाल के हैं।



# 84 की उम्र में कसरत करते आए नजर

**मुंबई।** दिग्गज अभिनेता रंजीत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रंजीत 84 साल की उम्र में भी जिम में जमकर कसरत करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को खुद रंजीत ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। इसमें उनकी बेटी, जो उनकी जिम ट्रेनर भी हैं, उन्हें एक्सरसाइज करने के लिए प्रोत्साहित करती नजर आ रही हैं। शुरू में रंजीत को एक्सरसाइज सही से करने में थोड़ी मुश्किल होती है, लेकिन तब उनकी बेटी ने मजाकिया अंदाज में उन्हें पुरानी फिल्मों की याद दिलाती हैं, तब रंजीत जोश में आ जाते हैं। रंजीत की बेटी कहती हैं कि फिल्मों में वे खलनायक बनकर नायिकाओं को कैसे पकड़ते थे। यह सुनते ही रंजीत हंस पड़े। और बोले, 'तो ऐसे बोलो ना।' फिर रंजीत पूरी एनर्जी के साथ, अपने पुराने बॉलीवुड स्टाइल में एक्सरसाइज करने लगते हैं।

टीवी मसाला



# इटली की पॉपुलर सीरीज पर बना है नया शो 'हुई गुम यादें'

**नई दिल्ली।** सोनी सब का नया शो 'हुई गुम यादें – एक डॉक्टर, दो ज़िंदगियां' 6 अप्रैल रात 8 बजे से हो गया है। यह सीरीज, विश्वभर में सराही गई इटैलियन ड्रामा डीओसी (डॉक)- नेल्ले तुए मानी से रूपांतरित है और भारतीय दर्शकों के लिए लेकर आ रही है एक दिल छू लेने वाली कहानी – हिम्मत, नए सिरे से जीने की कोशिश और ज़िंदगी में मिलने वाले दूसरे मौकों की ताक़त की। इस शो में मशहूर कलाकार इकबाल खान, गुलकी जोशी और सृष्टि सिंह नजर आएंगे। यादें का सफ़र एक संवेदनशील मेडिकल पृष्ठभूमि पर आधारित है, जहां एक डॉक्टर अपने अतीत से जूझते हुए अपनी पहचान और मक़सद को फिर से खोजने की कोशिश करता है। कहानी के केंद्र में है डॉ. देव मेहता, जिसे इक़बाल खान निभा रहे हैं। देव एक बेहद होनहार डॉक्टर है, जिसकी जिंदगी एक हादसे के बाद पूरी तरह बदल जाती है। इस हादसे में उसकी आठ साल की यादें मिट जाती हैं। अपने अतीत और बनाई हुई जिंदगी से वंचित, देव को अब अनजाने रास्तों पर चलना पड़ता है और उस शख़्सियत का सामना करना पड़ता है जिसे वह खुद भी याद नहीं कर पाता. इसके बाद शुरू होती है एक गहरी और भावनात्मक यात्रा – जहां देव अपने करियर को फिर से संवारता है, टूटे रिश्तों को जोड़ने की कोशिश करता है और डॉक्टर होने के साथ-साथ इंसानियत को और ज़्यादा अपनाता है। यह सफ़र उसे ज़िंदगी और इलाज दोनों को नए नज़रिए से देखने की ताक़त देता है।

## 90 के दशक में दूरदर्शन पर पॉपुलर था ये शो

**नई दिल्ली।** आज सोशल मीडिया के जमाने में किसी शो की पॉपुलैरिटी लाइक, शेयर और कमेंट से मापी जाती है, लेकिन 90 के दशक में



कहानी बिल्कुल अलग थी। उस समय दर्शकों का प्यार कागज पर उतरता था और पोस्टकार्ड के जरिए टीवी तक पहुंचता था। लोग अपने पसंदीदा शो में नाम दिखाने के लिए उत्साह से चिट्ठियां भेजते थे। उसी दौर में एक ऐसा शो आया, जिसने दर्शकों की दीवानगी का ऐसा रिकॉर्ड बनाया, जिसे आज भी याद किया जाता है। हम बात कर रहे हैं सुरभि की, जिसे सिद्धार्थ काक और रेणुका शहाणे होस्ट करते थे। एक इंटरव्यू में सिद्धार्थ काक ने बताया कि शुरुआत में शो को सामान्य रिस्पॉन्स मिला। पहले कुछ महीनों में सिर्फ 10 से 200 तक चिट्ठियां आती थीं।

# चांद मेरा दिल की पहली झलक आई सामने, इश्क में डूबे लक्ष्य-अनन्या

**मुंबई।** एक्टर लक्ष्य और अनन्या पांडे की आगामी फिल्म 'चांद मेरा दिल' की पहली झलक सामने आई है। दोनों सितारे एक-दूजे के इश्क में डूबे नजर आ रहे हैं। यह एक इंटेंस लव स्टोरी फिल्म है। एक्टर लक्ष्य और अनन्या पांडे को लेकर करण जौहर 'चांद मेरा दिल' बना रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शंस ने सोमवार को इस फिल्म की पहली झलक साझा की है। बीते दिन उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जानकारी दी थी कि वे आरव (लक्ष्य) और चांदनी (अनन्या पांडे) से मिलवाएंगे। सोमवार को उन्होंने फिल्म के पोस्टर्स रिलीज किए हैं, साथ ही कहानी की थोड़ी झलक भी दी है। लक्ष्य और अनन्या रोमांटिक लुक में दिख रहे हैं। हर पोस्टर पर फिल्म की कहानी का मर्म लिखा है। इसमें लिखा है, 'प्यार में पड़ना आसान है। आगे बढ़ना मुश्किल है। जिंदगी जब सिलेबस बदल देती है। जब जिंदगी प्यार से भी तेज भागती है। हर मोहब्बत को दूसरा मौका नहीं मिलता'। 'चांद मेरा दिल' सिनेमाघरों में 22 मई को रिलीज



होगी। पोस्टर्स पर नेटिजंस रिएक्ट कर रहे हैं। एक दिन पहले जिस अंदाज में एलान किया गया था, उसके हिसाब से अधिकांश यूजर्स टीजर की उम्मीद लगाए बैठे थे। यूजर्स लिख रहे हैं, 'टीजर कब आएगा'? पोस्टर्स को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। लक्ष्य को नेटिजंस सकारात्मक रिएक्शन दे रहे हैं, वहीं अनन्या को ट्रोल किया जा रहा है। इतना ही नहीं, यूजर्स लक्ष्य को सुझाव दे रहे हैं कि वे अनन्या से दूर रहें। कुछ यूजर्स फिल्म के प्रति उत्साह जाहिर कर रहे हैं।

# *83 की उम्र में भी एक्टिव हैं बिग बी, इन फिल्मों से सिनेमाघरों में मचाएंगे धूम...*

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन 83 साल की उम्र में भी फिल्मों में सक्रिय हैं। 2026 और 2027 में उनकी कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। ये फिल्में अलग-अलग जॉनर की हैं, जिसमें साइंस फिक्शन, थ्रिलर, कोर्टरूम ड्रामा और मिथोलॉजिकल फिल्में शामिल हैं। 200 से अधिक फिल्मों में अभिनय कर चुके अमिताभ बच्चन का फिल्मी कॅरियर 83 की उम्र में भी जारी है। अमिताभ इस उम्र में भी इतनी मेहनत करते हैं कि फैंस हैरान हैं। इसके बावजूद उनका कहना है कि वह एक दिन भी काम न करें तो बोर जो जाते हैं। जबकि बिग बी 2026 और 2027 की कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं।

**कल्कि 2 :** 'कल्कि 2' 2024 की साइंस-फिक्शन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' का सीक्वल है। 'कल्कि 2' में अमिताभ बच्चन अश्वत्थामा के रोल में वापसी करेंगे। इस फिल्म में प्रभास, दीपिका पादुकोण जैसे स्टार्स हैं। यह भविष्य और मिथोलॉजी को मिलाकर बनी एक साइंस फिक्शन फिल्म है। यह फिल्म इस साल रिलीज हो सकती है। हाल ही में बिग ने 'कल्कि 2' की शूटिंग खत्म होने को लेकर एक पोस्ट एक्स पर शेयर किया था।

**ब्रह्मास्त्र पार्ट 2: देव :** 'ब्रह्मास्त्र पहला भाग-शिवा' की दूसरी किस्त 'ब्रह्मास्त्र पार्ट 2: देव' है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने एक गुरु की भूमिका निभाई है। यह मिस्टिकल और एक्शन से भरी फिल्म है। 'ब्रह्मास्त्र' हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान ब्रह्मा द्वारा निर्मित सबसे शक्तिशाली और दिव्य अस्त्र 'ब्रह्मास्त्र' पर आधारित है। इस फिल्म में बिग बी के अलावा रणबीर कपूर और आलिया भट्ट भी अपनी भूमिका को दोहराएंगे।



**सेक्शन 84 :** सेक्शन 84 एक कोर्टरूम ड्रामा फिल्म है। अमिताभ बच्चन इसमें एक मजबूत और गंभीर किरदार निभा रहे हैं। कहानी कानून, न्याय और इमोशंस पर आधारित है। यह फिल्म 19 नवंबर को रिलीज हो सकती है। रिभु दासगुप्ता द्वारा निर्देशित इस फिल्म में निमरत कौर, अभिषेक बनर्जी और डायना पेंटी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

**रामायण: पार्ट 1 :** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अमिताभ बच्चन फिल्म 'रामायण: पार्ट 1' में जटायु का वॉइसओवर या फिर रोल में नजर आएंगे। हालांकि, इस बात की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह फिल्म इस साल दिवाली पर रिलीज होगी। 'रामायण: पार्ट 1' में रणबीर कपूर, साई पल्लवी, सनी देओल और यश मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अगर बिग बी 'रामायण: पार्ट 1' में नजर आते हैं, तो वह 'रामायण: पार्ट 2' का हिस्सा भी होंगे, जो दिवाली 2027 में रिलीज होगी।

## दर्शकों को घर बैठे मिलेगा एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज

# इस वीक ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

***नई दिल्ली।*** *सिनेमाघरों में इस वीक डकैत रिलीज होने जा रही है। वहीं, ओटीटी पर भी कई फिल्में और सीरीज रिलीज होने वाली हैं। सोमवार से एक नए वीक की शुरुआत हो चुकी है। थिएटर्स में 'धुरंधर 2' की धूम मची है। कुछ नई फिल्में भी रिलीज होने जा रही हैं। मगर, जिन्हें घर बैठे ओटीटी पर कुछ शानदार देखना है, उनके लिए भी कई दिलचस्प विकल्प हैं। इस वीक यानी 12 अप्रैल तक ओटीटी पर भी दर्शकों को एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज मिलने वाला है।*


**ओ रोमियो :** शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत फिल्म 'ओ रोमियो' भी थिएटर्स के बाद ओटीटी पर दस्तक देने को तैयार है। विशाल भारद्वाज निर्देशित यह फिल्म सच्ची घटनाओं से इंस्पायर एक रिवेंज ड्रामा है। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पटानी, रणदीप हुड्डा, फरीदा जलाल और विक्रांत मैसी जैसे कलाकार भी हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**तू या मैं :** यह फिल्म भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। इसका निर्देशन बिजॉय नांबियार ने किया है। 'तू या मैं' एक सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें शनाया कपूर और आदर्श गौरव लीड रोल में हैं। यह फिल्म थाई मूवी 'द पूल' का आधिकारिक रीमेक है। दर्शक इसे 10 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**थाई किझावी :** यह एक तमिल ड्रामा है। इसमें राधिका सरतकुमार ने 70 साल की एक गुस्सैल साहूकार का रोल किया है। शिवकुमार मुरुगेसन ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। थाई किझावी ने 150 करोड़ रुपए का कलेक्शन जुटाया था। अब यह फिल्म ओटीटी पर आ रही है और इसे 10 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।




**यूफोरिया सीजन 3 :** हॉलीवुड की चर्चित सीरीज 'यूरोफिया' अपने नए सीजन के साथ वापसी कर रही है। यह करीब चार साल के इंतजार के बाद आ रही है। सस्पेंस, थ्रिल और एक्शन से भरपूर सीरीज में हॉलीवुड एक्ट्रेस जेंडाया लीड रोल में हैं। साथ ही एरिक डेन, त्रिशा पेटस, जैकब एलोर्डी, नताशा लियोन, एली रोथ और क्वामे पैटरसन जैसे सितारे भी नजर आएंगे। यह सीरीज 12 अप्रैल से एचबीओ मैक्स पर स्ट्रीम होगी।




**थ्रैश :** यह एक शार्क सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है। इस वीक की ओटीटी लिस्ट में यह भी शामिल है। इसमें एक शहर में भयानक समुद्री तूफान आता है और साथ ही खतरनाक शार्क हमला शुरू कर देती हैं। लोग अपने बचाव के लिए संघर्ष करते हैं। 'थ्रैश' फिल्म 10 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

**स्टार वॉर्स-मॉल - शैडो लॉर्ड :** यह एक साइंस फिक्शन सीरीज है। इसके जरिए दर्शकों के लिए 'डार्थ मॉल' की कहानी रिलीज हो रही है। यह आज सोमवार 06 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर रिलीज हो चुकी है। डेव फिलोनी द्वारा निर्मित यह 10 एपिसोड की सीरीज है।




**द बॉयज सीजन 5 :** यह एक सुपरहीरो सीरीज है, जिसका आखिरी सीजन शुरू हो रहा है। 'होमलैंडर' और 'बुचर' के बीच की आखिरी जंग देखने के लिए बेताब फैंस का इंतजार आखिर इस वीक पूरा होगा। यह सीरीज 08 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर रिलीज हो रही है।

### अवधपुरी गौरीघाट में चल रही श्रीरामकथा में स्वामी रामभद्राचार्य ने की राम नाम की शक्ति की व्याख्या

# सबको तारती है 'श्रीराम नाम की गंगा'



**जबलपुर।** "श्रीराम नाम की गंगा वह पावन सत्य धारा है, जिसमें स्नान करने से जीव का सहज ही तारण होता है। जिसने भी रामनाम की पावनी गंगा में डुबकी लगाई, उसका कल्याण हो गया। इस गंगा में डुबकी लगाने वाले ब्रम्हा-विष्णु-महेश, माता सरस्वती भी हैं। अतः बिना किसी विचार के राम नाम का अनुशरण करना चाहिए।" इस आशय के उद्गार तुलसी पीठाधीश्वर, पद्म विभूषण, जगद्गुरु, रामानंदाचार्य रामभद्राचार महाराज ने अवधपुरी ग्वारीघाट में चल रही नवाह श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस अपने मंगल प्रवचन में व्यक्त किए। समरसता सेवा संगठन के आयोजनत्व में हो रही पावन रामकथा में उपस्थित श्रोताओं के समक्ष महाराज श्री ने राम नाम और उसकी महिमा की मानस और वेदांत आधारित व्याख्या की।उन्होंने कहा कि इस जगत में कम से कम 9 अमंगल हैं, श्रीराम नाम इन सबसे पार लगाने वाली शक्ति है। उन्होंने 'सबको तारती है राम नाम की गंगा' भजन सुना सबको मंत्र मुग्ध कर कहा कि ब्रम्हा, विष्णु, महेश, सरस्वती, तुलसी, कबीर सबने राम नाम की गंगा में डुबकी लगाई है। त्रेता में अलग-अलग रूप में जन्म लेकर देवताओं ने रामजी की सेवा की।

**रामचिंतन से होगा हर समस्या का समधान–** महाराजश्री ने कहा कि राम नाम के चिंतन से हर समस्या का समधान होगा। तुलसीदासजी ने विचार पक्ष और व्यवहार पक्ष दोनों के माध्यम से कहा है कि राम नाम से ही जगत का मंगल और कल्याण होता है। अतः सनातन धर्मावलंबियों को चिंता नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गोस्वामी जी के पहले तक जितने संत हुए उन्होंने दशरथ पुत्र राम और निर्गुण राम को अलग माना, परंतु गोस्वामी जी को ये स्वीकार नहीं था, और यही वेदसम्मत भी है कि जो परब्रम्ह परमात्मा है, वही दशरथ नंदन बनकर अयोध्या में प्रकट हुए हैं।महाराजश्री ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी और हमारे नायक भगवान राम अजेय और परम पुरुषार्थ संपन्न हैं। चौपाई 'राजीव नयन धरे धनु सायक-भगत विपति भंजन सुखदायक' के माध्यम से उन्होंने राम नाम की सुंदर व्याख्या करते हुए कहा कि आज रामलला जी अयोध्या में विराज गए हैं। विश्व के सभी चोटी के लोग रामजी की सत्ता को आदरपूर्वक प्रणाम करते हैं।**राममोपासना सबसे प्राचीन परंपरा–**राम नाम की महिमा की व्याख्या करते हुए मानस मर्मज्ञ पूज्यश्री ने कहा कि हमारे आराध्य श्रीराम जी महाविष्णु हैं। उपासना परंपरा में रामोपासना सबसे प्राचीन परंपरा है। उन्होंने कहा कि राम मंत्र संसार का सबसे प्राचीन और वैदिक मंत्र है। राम मंत्र की परंपरा सबसे पुरानी परंपरा है। भागवत जी के नौवे स्कंध के 11वें अध्याय में भी रामजी का जिक्र है। पारास्कर सूत्र की चर्चा करते हुए महाराजश्री ने कहा कि वेद के दो भाग हैं मंत्र भाग और ब्राम्हण भाग। वेद के मंत्र भाग में राम और सीता शब्द आता है, जबकि विष्णु व्यापक अर्थ में हैं। उन्होंने कहा नारायण शब्द मंत्र भाग में नहीं आता ब्राह्मण भाग में आता है। पर रामजी मंत्र भाग में भी हैं। राम शब्द अखंड है, नारायण शब्द अखंड नहीं है। वह सखंड है। रामेण बन जाता है पर नारायणेय नहीं बनता।रामचरित मानस में कई चौपाइयों के माध्यम से उन्होंने बताया कि श्री सीता जी ही श्रीजी हैं। हमारे रामानुज संप्रदाय की प्रथम आचार्य श्रीजी ही हैं। उन्होंने कहा रामनाम जगत का प्रथम मंगल है। रामचरित मानस की घोषणा है सत्यसंध पालक श्रुति श्रेतू-रामजनमु जग मंगल हेतू। अन्य अवतारों का कुछ और उद्देश्य हो सकता है। गीता में कहा है भगवान साधुओं की रक्षा दुष्टों का नाश धर्म की संस्थापना के लिए आते हैं, पर श्रीराम का जो प्राकट्य है, वह संपूर्ण जगत के मंगल के लिए हुआ है।**श्रीसीता जी ही राम, श्रीरामजी ही श्रीसीता–** महारजश्री ने सीताराम कीर्तन को लेकर कहा कि दो नाम हैं, पर हैं दोनों एक। अर्थव वेद की श्रुति के माध्यम से उन्होंने बताया कि रामजी ही सीताजी हैं, और सीताजी ही रामजी हैं। इस कारण मैं 'सीताराम जय सीताराम' स्तुति गाता हूं। एक ही परमात्मा ने हमको आनंद देने के लिए दो रूप धारण किया है।




### मध्यप्रदेश अमेच्योर शरीर सौष्ठव स्पर्धा सम्पन्न

# करण कुमार ने जीता मध्यप्रदेश हरक्युलिस का खिताब

**मध्यप्रदेश केसरी महेंद्र पटेल, मोस्ट मस्कुलर चंद्रभान धुर्वे, बेस्ट पोजर आसिफ मूसा, एवं विशाल चौधरी ने जीता मोस्ट इम्प्रूव्ड का खिताब**

**जबलपुर।** विगत दिवस जानकीरमण कॉलेज में मध्यप्रदेश अमेच्योर शरीर सौष्ठव संघ के तत्वावधान में जानकीरमण संस्थान द्वारा मध्यप्रदेश हरक्युलिस एवं मध्यप्रदेश केसरी स्पर्धा का आयोजन किया गया। स्पर्धा का शुभारंभ मंचासीन अथितियों बी.के. पाठक, अभिजात त्रिपाठी, राजेश दुबे, डॉ. राकेश तिवारी, एडवोकेट सम्पूर्ण तिवारी, डॉ. प्रशांत मिश्रा, अवधेश यादव, सचिन यादव आदि के द्वारा हनुमानजी का पूजन अर्चन कर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया।अतिथियों का स्वागत लखन नायक, इंद्रपाल सिंग गोगी, सपन रॉय, अमित सोनकर, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, आनंद तिवारी, लारेंस मार्टिन, गुरुचरण श्रीवास्तव, आशीष सिंगरहा आदि के द्वारा किया गया। स्पर्धा में लगभग 85 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था।

पुरुस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक अभिलाष पांडे द्वारा सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जिसमें सभी वर्ग विजेताओं को मैडल एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया एवं सभी खिताबधारियों को आकर्षक ट्रॉफी, विजय पट्ट के साथ ही कुल 26,000/- नगद पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अशोक कपूर, अरविंद डहाके, शकील अनवर, सचिन यादव, लारेंस मार्टिन ने निर्णायक की भूमिका निभाई। स्कोरर जीएस चौहान एवं डॉ. राकेश तिवारी रहे।

# आयुषी बनी कराटे प्रशिक्षक

**जबलपुर।** शैशंई नवीन विश्वकर्मा मामाजी (बेस्ट ब्लैक बेल्ट, मध्य प्रदेश आईएसकेओ इंडिया कराटे जनरल सेक्रेटरी) के संरक्षण में लाइगर मार्शल आर्ट एसोशिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद पर आसीन नवीन विश्वकर्मा मामाजी ने अपनी कराटे एकादमी में नारी शक्ति को गौरवान्वित करते हुए, सैपई आयुषी पिल्ले को कराटे का मुख्य प्रशिक्षक नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए कहा- शिहान वीरेंद्र आर. अग्रवाल (बाबी-,5th dan- प्रेसिडेंट एवं एग्जामिनर) एवं शिहान देवराज सिंह राजावत, मध्य प्रदेश आई.एस.के.ओ. इंडिया का अध्यक्ष, एतद्द्वारा सेंपाई आयुषी पिली को जबलपुर मध्य प्रदेश मुख्य प्रशिक्षक और आई.एस.के.ओ. इंडिया का एकमात्र प्रतिनिधि तत्काल प्रभाव से नियुक्त करता हूं।मध्य प्रदेश मुख्य प्रशिक्षक और एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में केवल मध्य प्रदेश में इंटरनेशनल शोटोकॉन कराटे-डू के नियमानुसार पिल्ले मैम को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के लिए अगली सूचना तक वैध रहेगी। हम आपको जिम्मेदारी में सभी सफलता की कामना करते हैं और आपकी समर्पित सेवा की प्रतीक्षा करते हैं।



# पुस्तक ज्ञान का आधार, इसे व्यवहार में लाना जरूरी : विनोद 'नयन'




**जबलपुर।** सोशल मीडिया के इस आधुनिक दौर में नई पीढ़ी को पुस्तक पढ़ने के लिए प्रेरित करने और साहित्य पर चर्चा की परंपरा को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शब्दरथ साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा पुस्तक चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वरिष्ठ साहित्यकार एवं प्रसंग अंतरराष्ट्रीय मंच के संस्थापक इंजीनियर विनोद 'नयन' ने कहा कि पुस्तक ज्ञान का आधार होती है, इसलिए इसे केवल पढ़ना ही नहीं, बल्कि जीवन में व्यवहार में लाना भी आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि अच्छी पुस्तक में विषयवस्तु की स्पष्टता, पात्रों का सटीक चित्रण, सरल भाषा, सरसता और तार्किकता होना चाहिए। प्रामाणिक चिंतन, पूर्वाग्रह रहित दृष्टि और नवीन विचार ही साहित्य को नई दिशा प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम का संयोजन डॉ. मकबूल अली तथा परिकल्पना डॉ. रानू रूही ने की। इस अवसर पर नगर के पांच वरिष्ठ साहित्यकारों की पुस्तकों पर विस्तृत चर्चा की गई। महामहोपाध्याय डॉ. हरिशंकर दुबे ने डॉ. अनामिका तिवारी के व्यंग्य संग्रह 'दरार बिना घर सूना', डॉ. छाया सिंह ने निर्मला तिवारी 'निर्मल' के गीत-गजल संग्रह 'वेदना की एक नदियां', डॉ. शिवकुमार सिंह ठाकुर ने गीतकार अभय तिवारी के गीत संग्रह 'यादों की छांव', वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ. मुकुल तिवारी ने बसंत शर्मा के दोहा संग्रह 'ढाई आखर' तथा डॉ. विजय तिवारी 'किसलय' ने मनोहर चौबे 'आकाश' के गीत संग्रह 'सपनों की कश्ती' की समीक्षा प्रस्तुत की।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र दुबे को पत्रकारिता सम्मान तथा बसंत शर्मा को सेवानिवृत्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्योत्सना शर्मा की सरस्वती वंदना से हुआ।

कार्यक्रम में इंदु सिंह कंचन, कृष्णा राजपूत, डॉ. विनोद बाजपेई, डॉ. संध्या पाठक, शशि सिंह परिहार, डॉ. शोभा सिंह, मृगेंद्र नारायण सिंह, डॉ. लक्ष्मी दीक्षित, विजय बागरी, मनोज शुक्ल, राधिका सेन, गुप्तेश्वर गुप्त सहित अनेक साहित्यकार उपस्थित रहे।

अतिथियों का स्वागत शशि सिंह परिहार, एडवोकेट तृप्ति त्रिवेदी और डॉ. अंकिता नेमा ने किया। कार्यक्रम का संचालन शब्दरथ की संस्थापक डॉ. विनीता पाण्डेय 'विनीत' ने तथा आभार प्रदर्शन आकांक्षा सिंह ने किया।



# शाइनिंग स्टार्स की प्रथम प्रस्तुति को दर्शकों ने सराहा

**जबलपुर।** शाइनिंग स्टार्स की प्रथम प्रस्तुति दिनांक 4 अप्रैल को शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित हुए। शो के ऑर्गनाइजर डॉ. सीके तिवारी एवं अनुज श्रीवास्तव ने दर्शकों और श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रशांत सोनी, ज्योति सोनी, सारिका विश्वकर्मा, मयंक श्रीवास्तव, केके उपाध्याय, नीलेश भटनागर, संतोष वर्मा, आराधना वर्मा, हर्ष श्रीवास्तव, अर्जुन, प्रीति पटेल, योगेंद्र प्रधान, नितिन ठाकुर, अवधेश ठाकुर, संजय चक्रवर्ती, मधुमिता पाल, मुकेश वर्मा, मनीष श्रीवास्तव, रचना श्रीवास्तव, मनोहर सोनी, सत्यमी tirpude इत्यादि ने अपने गीतों की प्रस्तुति दी।

# सरस्वती प्राइवेट स्कूल एसोसियेशन की नवीन कार्यकारिणी गठित

**जबलपुर।** मुकेश साहू के विद्यालय "ज्ञानोदय चिल्ड्रन एकेडमी, जबलपुर" में एक महत्वपूर्ण बैठक 05/04/2026 दिन रविवार को आयोजित की गई। इस बैठक में "मां सरस्वती प्राइवेट स्कूल एसोसियेशन जबलपुर" कोर कमेटी के सदस्य उपस्थित हुए, जहाँ विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। बैठक में कोर कमेटी के चुनाव एवं निर्धारित पदों हेतु गहन चर्चा के पश्चात निम्नलिखित पदाधिकारियों की घोषणा की गई- जिसमें अध्यक्ष भागवत आनंद, कार्य वाहक अध्यक्ष नमन जैन, उपाध्यक्ष इंजी. मुकेश साहू एवं वायके दुबे, विनीत जैन, अर्चना गौर, सचिव मदन कुमार साहू, सह-सचिव विजय मिश्रा, संयुक्त सचिव प्रदीप बर्मन, कोषाध्यक्ष कमल कृष्ण द्विवेदी, सह-कोषाध्यक्ष अल्का गुप्ता, संगठन मंत्री डॉ. विजयकांत तिवारी व परिधि श्रीवास्तव, बरेला ब्लॉक अध्यक्ष अरुण सिंह राठौर, बरगी ब्लॉक अध्यक्ष आशीष कोचर चुने गए।ब्लॉक प्रभारियों की सूची- बरेला- प्रदीप बर्मन, गौर- कमल कृष्ण द्विवेदी, शहपुरा- मुकेश साहू, सिहोरा- विजय मिश्रा, महाराजपुर एवं सुहागी- अर्चना गौर, आधारताल- मधु त्रिपाठी, बरगी- वाय.के. दुबे चुने गए। बैठक के अंत में नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संस्था के लक्ष्यों को प्राप्त करने और शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने का संकल्प लिया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने नई कार्यकारिणी को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।





# खटवानी रिवर- इलेक्ट्रिक स्कूटर शोरूम का हुआ शुभारम्भ

**जबलपुर।** इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता रिवर मोबिलिटी के मदन महल जबलपुर स्थित नए शोरूम 'खटवानी रिवर' का उद्घाटन लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह द्वारा किया गया। यहाँ ग्राहकों को कंपनी के प्रमुख इलेक्ट्रिक स्कूटर-रिवर इंडी को अनुभव करने का मौका मिलेगा, साथ ही एक्सक्लूसिव एसेसरीज और लाइफ स्टाइल मर्चेनडाइस का ख़ास कलेक्शन भी उपलब्ध रहेगा। इस शोरूम के साथ ही सर्विस सेंटर की सुविधा भी मौजूद है, ताकि ग्राहकों को पूरी और भरोसेमंद आफ्टर सेल्स सर्विस मिल सके। इस अवसर पर रिवर मोबिलिटी से आल इंडिया सेल्स हेड के.वी. दिनेश और खटवानी रिवर के डायरेक्टर रुशिल खटवानी के द्वारा इलेक्ट्रिक स्कूटर के बारे में जानकारी दी गई, कि रिवर इंडी को एसयूवी ऑफ़ स्कूटर्स कहा जाता है। ऐसा इसलिए कहा जाता है क्योंकि ये एक बेमिसाल इलेक्ट्रिक स्कूटर है जिसमें सबसे ज्यादा स्टोरेज स्पेस 55 लीटर, 4क्व लार्जेस्ट बैटरी, सबसे पावरफुल मोटर 6.7 केडब्ल्यू और सबसे बड़े और चौड़े टायर 14 इंच डुअल डिस्क ब्रेक के साथ जो किसी भी राइडिंग कंडीशन के लिए परफेक्ट है। इसकी आईडीसी रेंज फुल चार्ज में 163 केएम है।खटवानी रिवर के जनरल मेनेजर नीरज ढिमोले ने सभी सदस्यों और उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों व ग्राहकों का अभिनन्दन किया एवं रिवर इंडी के फीचर और स्कीम के बारे में जानकारी दी। पहले ही दिन 11 गाड़ियों की डिलीवरी दी गई, श्री सिद्ध माँ दरबार गढ़ा गुरु जी अरुण शर्मा, मोहम्मद इखलाख, सौरभ जैसवाल, अखिल जैन, रितेश आहूजा, अजगर अली खान, रवी पिल्लई, नितिन दुबे, उमेश सेन, अल्फाज़ अंसारी, आरती लोधी शामिल हैं।

# 11 करोड़ की बेशकीमती जमीन हड़पने का आरोप पीड़ित परिवार ने पुलिस से लगाई न्याय की गुहार

### भेड़ाघाट थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर।** ग्राम तेवर में जमीन धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने भू-माफियाओं पर फर्जी दस्तावेजों के जरिए करोड़ों रुपये की पैतृक संपत्ति हड़पने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में आज पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता प्रदीप दुबे ने पुलिस अधिकारियों को लिखित शिकायत सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

अधिवक्ता प्रदीप दुबे के अनुसार, आवेदक रामनारायण विश्वकर्मा ने अपनी एक एकड़ जमीन की बिक्री के लिए अनुबंध किया था। आरोप है कि दीपक जैन इतवारी, नागपुर निवासी, उनके साले पंकज जैन और उनके अन्य सहयोगियों ने साजिश रचते हुए 100 रुपए के स्टांप पेपर पर एक फर्जी एग्रीमेंट तैयार किया। इस फर्जीवाड़े के जरिए उन्होंने न केवल एक एकड़, बल्कि पूरे परिवार की समस्त संपत्तियों का विक्रय पत्र निष्पादित करा लिया। हड़पी गई कृषि भूमि की अनुमानित कीमत करीब 11 करोड़ 51 लाख रुपये बताई जा रही है, यह बेशकीमती जमीन ग्राम तेवर में मेन रोड हाईवे से लगी हुई है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि उन्होंने साल 2022 में भी एसपी और टीआई से शिकायत की थी, लेकिन अब कोई कार्रवाई नहीं हुई। फर्जी एग्रीमेंट के आधार पर मामला न्यायालय में भी ले जाया गया है, जिससे पीड़ित परिवार पिछले 4 वर्षों से मानसिक और आर्थिक रूप से प्रताड़ित हो रहा है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि कथित भू-माफियाओं के विरुद्ध तत्काल FIR दर्ज की जाए और मामले की निष्पक्ष जांच कर परिवार को उनकी संपत्ति वापस दिलाई जाए।

# जनभागीदारी समिति की बैठक में महाविद्यालय विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित



**जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाकोशल महाविद्यालय, जबलपुर में जनभागीदारी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें महाविद्यालय के समग्र विकास को केंद्र में रखते हुए अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर उन्हें पारित किया गया।बैठक की अध्यक्षता जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष आशीष राव ने की। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर अरुण शुक्ला, डॉ. अल्केश चतुर्वेदी, डॉ. ज्योति जीवन, डॉ. संघप्रिया तिवारी, डॉ. चित्रा राय, डॉ. राजीव मिश्रा, वित्त अधिकारी सुरेश कटिया, सदस्य राधा पांडे सहित अन्य जनभागीदारी सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में महाविद्यालय की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जनरेटर की व्यवस्था तथा आईटी संसाधनों के विस्तार से संबंधित प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही, पुस्तकालय के आधुनिकीकरण हेतु आरएफआईडी (RFID) प्रणाली लागू करने पर भी सहमति बनी, जिससे पुस्तक प्रबंधन अधिक प्रभावी और पारदर्शी हो सके।

महाविद्यालय के कर्मचारियों के स्थानांतरण को रोस्टर के आधार पर किए जाने के प्रस्ताव को भी समिति ने अनुमोदित किया। इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए खेल सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया। इस क्रम में महाविद्यालय परिसर में बास्केटबॉल कोर्ट एवं रनिंग ट्रैक के निर्माण के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने महाविद्यालय को उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया और भविष्य में भी इसी प्रकार विकासोन्मुख निर्णय लेने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। यह बैठक महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं भौतिक विकास को नई दिशा देने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# झारिया कल्याण संघ की बैठक में 26 को होने वाले सम्मेलन की बनीं रुपरेखा

### युवा प्रकोष्ठ की नवीन कार्यकारिणी का भी किया गया गठन



**जबलपुर।** झारिया कल्याण संघ जबलपुर की मासिक बैठक दिनांक 05 मार्च 2026 को गढ़ा बाजार सामुदायिक भवन जबलपुर में संपन्न हुई जिसमें युवा प्रकोष्ठ की नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ, जो इस प्रकार से है, अध्यक्ष बलराम झारिया, कार्यवाहक अध्यक्ष गोलू झारिया, उपाध्यक्ष देवांशु झारिया, महासचिव अमित मेहरा, कोषाध्यक्ष गौरव झारिया, सचिव पवन झारिया, सह सचिव गुलाब झारिया, राजा झारिया, प्रचार प्रसार सचिव सत्यम मेहरा चुने गए। डॉ. एन.पी. झारिया ने पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई और उनसे आव्हान किया की 26 अप्रैल 2026 को स्थानीय मानस भवन जबलपुर में होने वाले झारिया मेहरा समाज के सामाजिक सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को जोड़ने का कार्य करें और समाज को दिशा प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाएं।इस अवसर पर झारिया कल्याण संघ के अध्यक्ष डॉ. एन.पी. झारिया, वरिष्ठ संरक्षक गणेश सिंह झारिया, उपाध्यक्ष अजय झारिया, महासचिव मथुरा झारिया, भगवत झारिया, राकेश झारिया, चंद्रप्रकाश झारिया, पत्रकार अजय झारिया, हरि मेहरा, शंकरलाल झरिया एवं बड़ी संख्या में युवाओं ने अपनी उपस्थिति दी। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था बलराम झारिया ने की। बैठक का संचालन मथुरा झारिया तथा आभार प्रकट अजय झारिया ने किया।

**नाम परिर्वतन सूचना**


सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पुत्र उत्कर्ष शुक्ला पिता श्री संदीप शुक्ला का जन्म प्रमाण पत्र, मार्कशीट में अभिलेखो में यही नाम दर्ज है, जो कि सही नाम है, परंतु मेरे पुत्र के आधार कार्ड में घरेलु / घर का नाम वंश शुक्ला दर्ज हो गया है जो गलत है, मेरे पुत्र का गलत नाम वंश शुक्ला (VANSH SHUKLA) लिखा है वह गलत है, जो कि सही नाम उत्कर्ष शुक्ला ( UTKARSH SHUKLA ) है, यही नाम दर्ज किया जावे।

**पुराना नाम**
**वंश शुक्ला**
**(VANSH SHUKLA)**
**नया नाम**
**उत्कर्ष शुक्ला**
**(UTKARSH SHUKLA)**

# युद्ध की आग : छत्तीसगढ़ के निर्यात व्यापार पर संकट के बादल, खाड़ी देशों को शिपमेंट बंद



## सबसे अधिक एक्सपोर्ट चावल का







**करीब 20 हजार करोड़ रुपए का निर्यात होता है छत्तीसगढ़ से**

**रायपुर, कोरबा, रायगढ़, दुर्ग और धमतरी सबसे बड़े सप्लायर**

**हरिभूमि न्यूज/रायपुर।** अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध की आग में छत्तीसगढ़ भी झुलस रहा है। छत्तीसगढ़ से चावल, आयरन और एल्युमिनियम का निर्यात होता है। दुबई और अमेरिका जाने वाला प्रीमियम क्वालिटी का चावल अब बंदरगाहों और मिलों में ही अटक गया है। फरवरी 2026 के अंत से शुरू हुआ यह संकट अब अप्रैल के पहले सप्ताह तक और गहरा गया है।सबसे ज्यादा निर्यात चावल का होता है। कुल निर्यात का 31 फीसदी उसना चावल दूसरे देशों को भेजा जाता है। खाड़ी देशों को होने वाला निर्यात लगभग बंद होने से व्यापारी संकट में हैं । उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ से सालाना करीब 20 हजार करोड़ रुपए का निर्यात किया जाता है। 2021-22 के वित्तीय वर्ष में 25 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निर्णत किया गया था। जो 24-25 में 18 हजार 527 करोड़ रह गया है। बीते वित्तीय वर्ष में करीब 19 हजार करोड़ का निर्यात हुआ है। लेकिन मौजूदा समय में चल रहे युद्ध ने चिंता बड़ा दी है।

**छत्तीसगढ़ से सबसे अधिक निर्यात वाले देश**

छत्तीसगढ़ से दुनिया के जिन देशों में सामग्री एक्सपोर्ट की जाती है। यहां से सबसे अधिक सामान इटली में जाता है, कुल एक्सपोर्ट का यह 7.79 प्रतिशत है। इसके बाद के क्रम में बेनिन, चाइना, सेंगल, टैंगो, कोटेडी इवोरे, तुर्किए, (टर्की) यूएई, कोर्री, लाइबेरिया शामिल हैं। राज्य में चावल कारोबार से जुड़े राइस मिलर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष योगेश अग्रवाल बताते हैं, यहां से बड़ी मात्रा में चावल दुबई और अमेरिका भेजा जाता है, जो बेहतरीन क्वालिटी का महंगा चावल होता है। साथ ही अफ्रीका भी बड़ी मात्रा में चावल जाता है, लेकिन दुबई (मध्यपूर्व और अमेरिका में चावल जाना बंद हो गया है), अफ्रीका जाने वाले चावल में फिलहाल कोई बाधा नहीं है।

**खास बातें: जो आपको जाननी चाहिए**

**रूट ब्लॉक:** मध्यपूर्व के खाड़ी देशों की ओर जाने वाले सभी समुद्री रास्ते **(शिपमेंट) फिलहाल बंद हैं।**


**अफ्रीका से राहत:** राहत की बात सिर्फ यह है कि अफ्रीका को होने वाले चावल के निर्यात पर फिलहाल कोई सीधा असर नहीं पड़ा है।



### सबसे अधिक एक्सपोर्ट चावल का


छत्तीसगढ़ से होने वाले कुल एक्सपोर्ट में सबसे अधिक 31 प्रतिशत माल पैराबाइल्ड राइस यानी उसना चावल का होता है। इसके अलावा अन्य प्रकार का पैराबाइल्ड चावल 5 प्रतिशत, आयरन-स्टील 3 प्रतिशत, अन्य धातु 4 प्रतिशत, फेरो मैग्नीज 2 प्रतिशत, माइल्ड स्टील 2 प्रतिशत, ब्रोकन राइस (कनकी) 7 प्रतिशत, एल्युमिनियम इंगोट 16 प्रतिशत, आयरन ओर प्लेट्स 3 प्रतिशत निर्यात होता है।

### सबसे अधिक निर्यात वाले देश




# कच्चे तेल के दाम में नरमी से सेंसेक्स 787 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई



- युद्ध विराम के प्रयासों से कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट
- निफ्टी 255 अंक मजबूत होकर 23,000 अंक के करीब पहुंचा

स्थानीय शेयर बाजार सोमवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त में रहे। बीएसई सेंसेक्स 787 अंक चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 23,000 अंक के करीब पहुंच गया।

पश्चिम एशिया में युद्धविराम के प्रयासों की रिपोर्ट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बाजार बढ़त में रहा। कारोबारियों के अनुसार, बैंक और आईटी शेयरों में अच्छी लिवाली और रुपये में मजबूती से भी निवेशकों की धारणा को समर्थन मिला।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 787.30 अंक बढ़कर 74,106.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 887.91 अंक चढ़कर 74,207.46 अंक पर पहुंच गया था। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में से 3,207 लाभ में रहे, जबकि 1,147 में गिरावट दर्ज की गयी। वहीं 190 के भाव अपरिवर्तित रहें। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 255.15 अंक यानी 1.12 प्रतिशत बढ़कर 22,968.25 अंक पर बंद हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''पश्चिम एशिया में संभावित युद्धविराम की खबरों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में सुधार के साथ वैश्विक जोखिम धारणा में भी सुधार हुआ।'' सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट में सबसे अधिक 7.89 प्रतिशत की तेजी रही।

### रिलायंस के शेयर तीन प्रतिशत लुढ़के

रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में सोमवार को तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। बीएसई पर कंपनी का शेयर 3.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,304.75 रुपये पर बंद हुआ, जबकि कारोबार के दौरान यह 4.50 प्रतिशत तक टूटकर 1,290 रुपये तक आ गया था। वहीं एनएसई पर यह 3.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,304.70 रुपये पर बंद हुआ।

### पूंजीकरण 18 लाख करोड़ के स्तर से नीचे

पिछले दो कारोबारी सत्रों में रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में कुल 4.68 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिससे कंपनी के बाजार पूंजीकरण में 86,743.14 करोड़ रुपये की कमी आई। इसके साथ ही कंपनी का मूल्यांकन 18 लाख करोड़ रुपये के स्तर से नीचे 17.65 लाख करोड़ रुपये रह गया है।

**8 अप्रैल से नया रोस्टर**

# हाईकोर्ट में 13 सिंगल और तीन डीबी में होगी सुनवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

हाईकोर्ट में 8 अप्रैल से रोस्टर में बदलाव किया जा रहा है, अब यहां तीन डिवीजन बेंचों के अलावा तेरह सिंगल बेंचों में नियमित सुनवाई की जाएगी। पहली डीबी में चीफ जस्टिस व जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल सभी जनहित याचिकाओं, हेबियस कार्पस पिटीशन, 2020 तक की क्रिमिनल अपील, अवमानना याचिका क्रिमिनल, सेक्शन 482 के तहत आवेदन, 419, 378 पर सुनवाई करेंगे। दूसरी डीबी में जस्टिस संजय के अग्रवाल और जस्टिस सचिन सिंह राजपूत सभी सिविल मामले , कंपनी अपील टेक्स मामले , अल्ट्रा वायरस मामले 2022 तक सुनेंगे। यह डिवीजन बेंच मामलों का कमर्शियल अपीलेट भी रहेगा। इसके अलावा चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की स्पेशल सिंगल बेंच समेत कुल 13 सिंगल बेंच निर्धारित की गईं हैं।

### तीसरी डीबीके जिम्मे

जस्टिस संजय अग्रवाल और जस्टिस एन के व्यास तीसरी डीबी उन क्रिमिनल मामलों को देखेगी जो किसी डीबी को नहीं दिए गए हैं। 2016 तक की इक्विटल अपील और 2022 तक के अल्ट्रा वायरस मामलों पर भी यही बेंच सुनवाई करेगी।

# देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर मार्च में धीमी रही

**नई दिल्ली।** देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर मार्च में 14 महीने में सबसे धीमी रही जो नए कारोबार में नरमी को दर्शाती है। सोमवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी मिली। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक फरवरी के 58.1 से घटकर मार्च में 57.5 रह गया। यह जनवरी 2025 के बाद से नए कारोबार एवं गतिविधियों में सबसे धीमी वृद्धि को दर्शाता है।

क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी की भारत की मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजल भंडारी ने कहा, '' देश के सेवा क्षेत्र में मार्च में विस्तार कायम रहा लेकिन वृद्धि की गति लगातार दूसरे महीने धीमी पड़ी। मांग मजबूत बनी रही, जिसका नेतृत्व नए निर्यात ऑर्डर ने किया जो 2024 के मध्य के बाद से सबसे अधिक बढ़े। इससे सेवा प्रदाताओं की भविष्य की गतिविधियों को लेकर उम्मीदें सकारात्मक बनी रहीं।'' सेवा क्षेत्र में नए निर्यात ऑर्डर में हालांकि तेज वृद्धि दर्ज की गई। सर्वेक्षण में शामिल कंपनियों ने अफ्रीका, एशिया, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप, अमेरिका और पश्चिम एशिया से मांग बढ़ने की बात कही। कीमतों के मोर्चे पर बिक्री मूल्य मुद्रास्फीति सात महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई, क्योंकि जून 2022 के बाद से कच्चे माल की लागत में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई। सर्वेक्षण में शामिल कंपनियों के अनुसार फरवरी के बाद खाना पकाने का तेल, तथा सब्जियों की लागत बढ़ी है।

**किराएदारों को लेकर हाईकोर्ट का आदेश**

# अपनी जरूरत पर मकान-दुकान खाली करा सकता है मालिक



एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक आदेश में कहा है कि मकान मालिक निजी जरूरत के कारण अपना मकान या दुकान खाली कराना चाहता है तो उसकी जरूरत की वास्तविकता या सदाशयता का परीक्षण नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि मकान मालिक को केवल यह साबित करना होगा कि अपने इस्तेमाल के लिए उस जगह की उसे आवश्यकता है, चाहे उसी रूप में या गिराकर। ऐसे में किरायेदार यह नहीं कह सकता कि मकान मालिक के पास वैकल्पिक स्थान है इसलिए वह किरायेदारी समाप्त नहीं कर सकता।

कोर्ट ने कहा कि इसकी जांच नहीं की जा सकती कि जरूरत कितनी अधिक, कितनी जरूरी या कितनी वास्तविक है, किरायेदार को दुकान खाली करना होगा। इसी के साथ कोर्ट ने याची किरायेदार की बेदखली के रेंट कंट्रोल अथारिटी व अधिकरण के आदेश पर हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि आदेश किराया नियंत्रण कानून 2021के अनुरूप है, इसमें कोई अवैधानिकता नहीं है।

### क्या है मामला

*मामले के तथ्यों के अनुसार कानपुर नगर के गांधी नगर में याची दुकान का किराएदार है। मकान मालिक ने निजी व्यवसाय बढ़ाने की जरूरत बताते हुए याची को दुकान खाली करने का नोटिस दिया और रेंट अथारिटी के समक्ष दुकान खाली कराने की अर्जी दी। याची का कहना था कि मकान मालिक के पास अन्य स्थान उपलब्ध है, जहां वह गोदाम बना सकता है। उसकी जरूरत वह दुकान खाली कराए बिना पूरी हो सकती है, जिससे उसका जीवन यापन हो रहा है, लेकिन अथारिटी ने बेदखल करने का आदेश दिया है।*

# ईंधन संकट: नेपाल में सप्ताह में दो दिन अवकाश

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण पैदा हुए ईंधन आपूर्ति संकट के मद्देनजर नेपाल ने सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए सप्ताह में दो दिन अवकाश की रविवार को घोषणा की। मंत्रिपरिषद ने रविवार को सिंहदरबार सचिवालय में हुई बैठक में शनिवार और रविवार को साप्ताहिक अवकाश देने का फैसला किया। सरकार के प्रवक्ता सस्मित पोखरेल ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा, मंत्रिमंडल ने सोमवार यानी छह अप्रैल से सभी सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए शनिवार और रविवार यानी दो दिन साप्ताहिक अवकाश देने का फैसला किया है।

### सुबह नौ से शाम पांच बजे तक

कार्यालय का समय सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक होगा। इससे पहले नेपाल में सरकारी कार्यालयों में केवल शनिवार को अवकाश होता था। यह फैसला पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण ईंधन आपूर्ति में आई बाधा के मद्देनजर किया गया।

**वर्ष 2025-26 में वाहनों की बिक्री बढ़कर रिकॉर्ड 2.96 करोड़ इकाई तक पहुंची**

# वाहनों की खुदरा बिक्री में 13.3 फीसदी की वृद्धि: फाडा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में सभी श्रेणियों में वाहनों की खुदरा बिक्री वित्त वर्ष 2025-26 में 13.3 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 2,96,71,064 इकाई पर पहुंच गई। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) ने सोमवार को यह जानकारी दी।वाहन उद्योग के निकाय के अनुसार इससे गत वित्त वर्ष 2024-25 में कुल खुदरा बिक्री 2,61,87,255 इकाई थी। वर्ष की शुरुआत सुस्त रहने के बावजूद माल एवं सेवा कर में बदलाव (जीएसटी 2.0) के लागू होने से बाजार में तेजी आई।



### भविष्य में पड़ने वाले असर के प्रति सतर्क

संगठन ने कहा कि वह आशावादी रुख अपनाए है, लेकिन पश्चिम एशिया युद्ध के भारत में वाहनों की मांग पर भविष्य में पड़ने वाले संभावित प्रभाव के प्रति सतर्क भी है। इसी तरह दोपहिया वाहनों की बिक्री भी पिछले साल 13.4 प्रतिशत बढ़कर 2,14,20,386 इकाई हो गई जबकि 2024-25 में यह 1,88,89,595 इकाई थी।

### उपभोक्ता विश्वास पर असर पड़ेगा

दरों के पुनर्संतुलन से दोपहिया, छोटी कारों, तिपहिया और कुछ वाणिज्यिक श्रेणियों पर प्रभावी कर बोझ कम हुआ, जिससे उस समय वहनीयता में सुधार हुआ जब उपभोक्ता खरीद के लिए तैयार थे। भविष्य के परिदृश्य पर फाडा ने कहा, ''मुख्य कारक पश्चिम एशिया की स्थिति और उसका ईंधन कीमतों, आपूर्ति उपलब्धता तथा उपभोक्ता विश्वास पर प्रभाव होगा।''

### ईंधन की कीमतें ग्राहक के निर्णय प्रभावित कर सकती है

उद्योग निकाय ने एक सर्वेक्षण के हवाले से कहा कि इसमें शामिल डीलर में से 36.5 प्रतिशत ने ईंधन कीमतों के संदर्भ में बताया कि बढ़ती या संभावित ईंधन कीमतें ग्राहकों के खरीद निर्णयों को मध्यम से गंभीर रूप से प्रभावित कर रही हैं। संगठन ने कहा, ''यह एक वास्तविक चुनौती है जिस पर नजर रखने की जरूरत है, क्योंकि यह मांग को समाप्त नहीं करेगी।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल **श्री ललितकुमार गोपालराव मरसकोल्हे, पिता श्री गोपालराव मरसकोल्हे,** निवासी पंसोली, पोस्ट कानोलिबारा, तहसील हिंगना, जिला नागपुर-४४००३४, निम्नलिखित कृषि भूमि **खसरा क्रमांक ७७/२ (S), रकबा ०.४ हेक्टर Unique ID 1090508376 810H7KDCZPYNH0 तथा खसरा क्रमांक ८५/१ (S), रकबा १.५ हेक्टर, Unique ID 1098887613 810FNFDCZZNNH0, ग्राम तिगन, तहसील जबलपुर, जिला जबलपुर (म.प्र.) को समलोबाई सुकलसिंग गोंड, बसंत झाडू, बसंतीबाई, शांतीबाई स्व. सुकलसिंग गोंड के पुत्र एवं पुत्री,** निवासी ७३, मुकुनवारा, थाना बरगी, तह. जिला जबलपुर (म.प्र.) से क्रय करना चाहते हैं। उक्त संपत्ति किसी भी प्रकार के बंधक, ऋण, दावा, आपत्ति अथवा तृतीय पक्ष अधिकार से मुक्त बताई गई है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति के संबंध में कोई दावा/आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन से **७ दिवस** के भीतर प्रमाण सहित निम्न अधिवक्ता को लिखित सूचना दें, अन्यथा बाद में कोई दावा मान्य नहीं होगा और प्रस्तावित विक्रय कार्यवाही पूर्ण की जाएगी।

**अधिवक्ता अमोल पी. गासे**
र. फ्लैट नं. 303, 'एन विभा एनेक्स' चिमुरकर लेआउट, जैताला बसस्टॉप के पास नागपुर-440036 मो. 9579461512




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** – मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** – परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे

**तुला** – वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**धनु** – क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** – मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 6188



**बाएँ से दाए**
1.पावर हाऊस -5
4.दिमागी,कल्पित-4
7.हृदय-2
8.खोदना-3
9.प्रचार वाक्य,स्लोगन-2
10.नुकीला-4
11.कलिका-2
13.प्यारा,लाडला-3
14.विशिष्ट,विशेष-2
15.खर्च,उपभोग-3
17.नौका-2
19.नाम करण-2,3
22.चमकीला-5
25.महोदय (अंग्रेजी-2)
26.रनिवास,जनवासा-3
28.संध्या,सांझ-2
29.दलना,महीन करना-3
30.जस,सम्मान -2
32.कारागृह-4
34.आलाप,लय,सुर-2
36.पागल स्त्री-3
37.इंकार,मना-2
38.सराबोर,सना हुआ -4
39.वेश्या,तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**
1.चूहे का घर-2
2.नेता-3
3.सार-संभार-2,3
4.आदर्श,कसौटी-3
5.छाती-2
6.अचरज भरा कार्य-4
7.हृदय को ठेस लगना-5
10.अनवरत वर्षा-4
12.जूं का अंडा-2
16.ओट,घूंघट-3
17.मां के पिता-2
18.दुख,कष्ट-2
20.राष्टीय पक्षी-3
21.पत्र,लैटर-2
22.गुप्तचर,दूत-2
23.कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24.रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25.समयुगीन,समवर्ती-5
26.बंद,स्ट्राइक-4
27.सुरा,शराब-2
31.वचन,प्रतिज्ञा-3
33.बंदर-3
35.नथनी,नथिया-2
37.शहद-2

### शब्द पहेली- 6187 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | र | म | म | सा | ला | ■ | क | दा | चा | र |
| ती | खा | ■ | हा | ■ | चा | क | र | ■ | र | वा |
| वि | ■ | अ | ज | ग | र | ■ | म | ल | ■ | य |
| धी | मा | प | न | ■ | ■ | म | ■ | की | म | त |
| ही | ■ | ल | ■ | श | ता | न | न | ■ | जा | ■ |
| न | म | क | दा | नी | ■ | मा | न | सि | क | ता |
| ■ | क | ■ | म | च | ल | ना | ■ | या | ■ | र |
| अ | र | ज | ■ | र | ■ | ■ | ऐ | श | व | त |
| ह | ■ | स | द | ■ | न | रो | त | म | ■ | म्य |
| म | न | ■ | ख्र | स | म | ■ | बा | ■ | टा | पू |
| क | र | त | ल | ■ | श | स | र | त | पू | र्ण |

## सूडोकू नवताल- 6198

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल- 6197 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

हरिभूमि
# सहेली
जबलपुर, मंगलवार
7 अप्रैल 2026



विशेष
विश्व स्वास्थ्य दिवस

महिलाएं परिवार की देखभाल में ऐसी खो जाती हैं कि स्वयं पर उनका ध्यान जाता ही नहीं। ऐसी स्थिति में उनका स्वास्थ्य गिरता जाता है, वे बीमार हो जाती हैं। परिवार के सदस्यों की देखभाल के साथ अपना ध्यान रखना भी जरूरी है। इसीलिए इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम है-टूगेदर फॉर हेल्थ, स्टैंड विद साइंस। हम प्रैक्टिकल और साइंटिफिक सोच अपना कर स्वयं और पूरे परिवार को स्वस्थ रख सकते हैं।

## अपनों को संभालते हुए स्त्रियां खुद को भी संभालें

कवर स्टोरी

डॉ. मोनिका शर्मा

सेहत को जीवन का सबसे बड़ा धन कहा गया है। अच्छे स्वास्थ्य से ही क्वालिटी ऑफ लाइफ को आंका जाता है। हेल्थ प्रॉब्लम्स की दस्तक ही जीवन को हर फ्रंट पर मुश्किल बना देती हैं। यूं तो हर इंसान का ही मेंटली, इमोशनली और फिजिकली फिट रहना आवश्यक है, पर महिलाओं का शारीरिक रूप से स्वस्थ और भावनात्मक मोर्चे पर मजबूत होना और भी जरूरी है। उनके हिस्से अपनों की देखभाल का जिम्मा भी होता है। स्त्रियों को घर के बच्चों-बुजुर्गों की केयर से जुड़ी भाग-दौड़ करनी होती है। महिलाओं को ही शारीरिक परेशानी या मानसिक उलझनों से जूझते हुए अपनों की हर जरूरत का ख्याल रखना होता है। बावजूद इसके स्त्रियां अपने ही स्वास्थ्य को दोयम दर्जे पर रखती हैं, जबकि उन्हें अपनों को संभालते हुए खुद को भी संभालना चाहिए।



### साइंटिफिक अप्रोच अपनाएं

महिलाएं अपनों को लेकर बहुत भावुक होती हैं। घर के बड़े-बुजुर्ग हों या बच्चे-युवा, सबकी केयर में खुद की अनदेखी करती रहती हैं। व्यस्तता की स्थिति में महिलाओं की हेल्थ बिगड़ती है। ऐसे में महिलाएं स्वास्थ्य के मामले में इमोशन फीलिंग्स की बजाय साइंटिफिक अप्रोच को अपनाएं। यह स्पष्ट रूप से समझ लें कि हर इंसान का शरीर एक बायोलॉजिकल मशीन ही है। महिला-पुरुष के फर्क से परे इसे हर हाल में देखभाल की जरूरत होती है। गौरतलब है कि इस साल वर्ल्ड हेल्थ-डे की थीम भी 'टूगेदर फॉर हेल्थ, स्टैंड विद साइंस' ही है। यह विषय स्वास्थ्य से संबंधित चीजों को साइंटिफिक सोच के साथ समझने का आह्वान करता है। इसीलिए सेहत संभालने के लिए घर-परिवार की जिम्मेदारियों के साथ ही, हेल्थ से जुड़े फैक्ट्स और साइंस आधारित गाइडलाइंस को भी फॉलो करें। प्रैक्टिकली देखा जाए तो इस वर्ष की थीम, भावनाओं में बहने के बजाय वैज्ञानिक समझ से जोड़कर अपनों और अपनी देखभाल की संतुलित समझ रखने की बात लिए है। परिवार में किसी के बीमार होने पर डॉक्टर्स भी तो यही कहते हैं कि मरीज की देख-भाल के साथ-साथ महिलाएं खुद की सेहत का भी ध्यान रखें। महिलाओं को ठीक रहना, सब कुछ ठीक से संभालने की पहली शर्त है।



### संतुलित लाइफस्टाइल चुनें

घर-परिवार के कामों की व्यस्तता के बीच कई महिलाएं कठिन व्रत, उपवास करती हैं तो कई सुबह-सुबह की भागदौड़ में नाश्ता तक नहीं कर पातीं। बहुत-सी कामकाजी महिलाएं घर और वर्कप्लेस, दोनों की जिम्मेदारियां साधती हैं। लेकिन उन्हें अपनी संभाल की सुध नहीं रहती। आज भी महिलाएं त्योहारों, बच्चों के एग्जाम्स, अपनों की हारी-बीमारी और सामाजिक-पारिवारिक आयोजनों में खुद को पूरी तरह भुला देती हैं। ध्यान रहे, समय गुजर जाता है लेकिन आपका शरीर, मन-मस्तिष्क हर तरह की अनदेखी को याद रखता है। यह आम-सी अनदेखी बड़ी बीमारियों की जड़ बन जाती है। आज के समय में सही समय पर भोजन न करना, बड़ी उम्र की महिलाओं में ही नहीं, युवतियों में भी डाइजेशन और एसिडिटी की तकलीफ का बड़ा कारण है। साथ ही घर-दफ्तर की भाग-दौड़ में स्त्रियां एक्सरसाइज के लिए भी समय नहीं निकाल पातीं। हाउसवाइव्स तो घर के काम को ही कसरत समझती हैं। जबकि कुछ वक्त निकालकर योग, कसरत, ध्यान और प्राणायाम करना हेल्थ सही रखने के लिए बेहद जरूरी है। देखने में आता है कि आराम करने, ताजा भोजन करने और फिजिकल एक्टिविटी करने के लिए घर के दूसरे सदस्यों को प्रोत्साहित करने वाली स्त्रियां खुद इन आम सी बातों को भी नहीं अपनातीं। जबकि आज की जटिल जीवनशैली में तो बैलेंस्ड लाइफस्टाइल अपनाना सभी के लिए आवश्यक हो चला है।



### भावनात्मक सेहत की संभाल

स्त्रीमन को अपराधबोध भी बहुत जल्दी घेरता है। अपनों की देखभाल में जरा-सी चूक होना उन्हें गिल्ट के घेरे में ले आता है। ऐसी मनःस्थिति हार्मोनल चेंज की बड़ी वजह बनती है। कई घरों में उनकी संभाल-देखभाल की भागीदारी के लिए सराहना के दो शब्द तक नहीं कहे जाते। जिसके चलते वे उपेक्षित और कमतर महसूस करती हैं। अपनों का यह बर्ताव भी मनोभावों पर नेगेटिव असर डालता है। मन की हेल्थ पर दुष्प्रभाव डालने वाली ऐसी बातें बहुत से साइंटिफिक रिसर्च में भी सामने आ चुकी हैं। इतना ही नहीं, थका-उलझा सा मन शरीर को भी बीमार बना देता है। हर पल की चिंता दिल की सेहत भी बिगाड़ती है। हर दिन अपनी जिम्मेदारियां निभाने की भाग-दौड़ से महिलाएं अच्छी नींद भी नहीं ले पातीं। इससे ना सिर्फ तनाव और अवसाद बढ़ता है बल्कि नींद की कमी तो हेल्थ के हर पहलू को प्रभावित करती है। कई महिलाओं को रिश्तों की उलझनें, डिलीवरी में देखभाल की कमी और परिजनों के नेगेटिव कमेंट्स भी गहरा मेंटल ट्रॉमा देते हैं। ऐसे में वे इमोशनल विदड्रॉल का शिकार हो जाती हैं। भावनात्मक अलगाव की इस मनोस्थिति में स्त्रियां अपने इमोशंस को शेयर करना छोड़ देती हैं। इससे उन्हें अकेलापन और डिप्रेशन घेर लेते हैं। इसीलिए महिलाओं का अपनी इमोशनल सेहत की केयर करना भी जरूरी है। इसलिए प्रैक्टिकल और साइंटिफिक सोच अपनाएं और स्वस्थ रहें। a

## मन का सुकून छीनती मास्किंग

सोशल स्टेटस मेंटेन करने का दबाव लोगों को ऐसी इमेज के साथ जीने के लिए बाध्य करने लगता है, जो वे वास्तव में होते ही नहीं हैं। इस तरह फेक इमेज यानी मास्किंग के साथ जीने से मन-जीवन का सुकून खोने लगता है।

लाइफस्टाइल

चैतन्या



हाल के वर्षों में वर्चुअल वर्ल्ड में ही नहीं, असली दुनिया में भी अपनी एक अलग सी छवि पेश करने का दबाव देखने को मिल रहा है। बहुत सी महिलाएं इमेज मेकिंग के इस फेर में एक मुखौटा पहने रहती हैं। इस बनावटी छवि के कारण तनाव भी झेलती हैं। सोशल कैमॉफ्लाजिंग की यह आदत आगे चलकर खुद को ही धोखा देने की स्थितियां बना देती है। इसी को मास्किंग कहा जाता है।

**मास्किंग के दुष्प्रभाव:** असल में औरों के मुताबिक ढल जाने की इस कोशिश में यह समझना आवश्यक कि मास्किंग से स्ट्रेस, डिप्रेशन और दूसरों से अपनी तुलना करने की नेगेटिव सोच जड़ें जमा लेती है। जो हर तरह से आपके व्यक्तित्व को नुकसान पहुंचाती है। मन का सुकून छीनती है। हर उम्र की महिलाओं को समझना चाहिए कि दूसरों को छलने वाली मास्किंग असल में अपने आपके साथ भी फरेब करने वाला व्यवहार बन जाता है।



**सहज इमोशंस की अनदेखी:** मास्किंग, कहीं ना कहीं अपनी सहज भावनाओं को दबा देने वाला बर्ताव है। वही कहना जो कोई सुनना चाहे। वैसा ही व्यवहार करना, जो दूसरों के मन भाए। उसी तरह से रहना-जीना, जो दूसरों को अच्छा लगे। यह सब सोशल कैमॉफ्लाजिंग का ही हिस्सा है। इसी के चलते सामाजिक दबाव के कारण बनने वाली यह मास्किंग की आदत वास्तविक व्यक्तित्व ही भुला देती है। सेल्फ अवेयरनेस के बिना खुद का अस्तित्व अधूरा सा हो जाता है। दूसरों की स्वीकार्यता पाने की सोच अपने सहज व्यवहार से दूर कर देती है। सच्चे इमोशंस को जताने की हिम्मत छीन लेती है। समझना जरूरी है कि सहज भावनाओं को छिपाने के पीछे डर का एक अनदेखा सा घेरा होता है। बावजूद इसके कई महिलाएं मास्किंग के आवरण को चुनती हैं। खुद को परफेक्ट दिखाने के लिए पहना जा रहा यह मुखौटा सबसे अधिक भावनात्मक मोर्चे पर ही चोट करता है।

**नकली इमेज का घेरा:** दूसरों की खुशी देने के लिए नकली इमेज के फेर में पड़ना सचमुच एक गलत च्वाइस है। अपने हों या पराए, उनकी नजर में स्वीकार्यता पाने के लिए जानबूझकर डेवलप की गई मास्किंग क्षमता, असल में आपको अक्षम बना देती है। इसीलिए सोशलाइजेशन का जो दायरा आपके मन पर दिखावटी-बनावटी बने रहने का दबाव बनाता हो, उससे दूरी ही भली है। सामाजिक अपेक्षाओं के अनुरूप पूरी तरह से बदल जाना अपने व्यक्तिगत भावों की अनदेखी ही तो है। जो सीधे-सीधे आपकी अवास्तविक छवि बनाने वाला बर्ताव है। यह नकली इमेज मन को थकाने वाली होती है। मस्तिष्क को असहज रखती है। कुछ खोने की एंगजाइटी हर समय घेरे रहती है। कोई गलती पकड़े जाने की चिंता सताती रहती है। दिल और दिमाग बेवजह अलर्ट मोड में रहने लगते हैं। जिसके खामियाजे आपको हर पहलू पर झेलने पड़ते हैं। आवश्यक है कि इस फेक इमेज के घेरे में आने की सोच से भी दूर रहा जाए।

**हेल्थ पर दुष्प्रभाव:** जब आप असली विचार या भावनाएं साझा करना छोड़ देती हैं तो दिलो-दिमाग पर गहरा असर पड़ता है। इसीलिए सामाजिक आयोजन हों, पारिवारिक मेल-मिलाप या कामकाजी संसार की जिम्मेदारियां। हर जगह, हर मामले में अपने विचार और रिएक्शंस देने की आदत रखनी चाहिए। आखिर कोई कितनी देर औरों के मुताबिक रह सकता है? खुद को अपने ही असली व्यक्तित्व से अलग प्रस्तुत करना बहुत असुविधाजनक होता है। देखने में आता है कि बहुत सी महिलाएं लंबे समय तक मास्किंग करने से बर्नआउट का भी शिकार हो जाती हैं। जिससे बेवजह की थकान, स्ट्रेस, डिप्रेशन और घबराहट का सामना करती हैं। दूसरों की स्वीकार्यता और प्रशंसा के फेर में अपनी रोजमर्रा की एक्टिविटीज से दूर हो जाती है। आम जीवन में सब कुछ औरों के मुताबिक ना तो किया जा सकता है और ना ही यह करना सही है। यह स्थिति शारीरिक और मानसिक सेहत को बहुत नुकसान पहुंचाती है। इसीलिए मास्किंग छोड़िए और मन का सुकून चुनिए। a

## सेटिंग स्प्रे से आपका मेकअप रहेगा लॉन्ग लास्टिंग

मेकअप

सरिता गुप्ता

मेकअप करने के बाद उसे लंबे समय तक टिकाने के लिए मेकअप स्प्रे का उपयोग किया जाता है। इसे आमतौर पर सेटिंग स्प्रे कहा जाता है। यह मेकअप को अच्छी तरह सेट कर देता है, जिससे मेकअप जल्दी खराब नहीं होता और चेहरा लंबे समय तक अट्रैक्टिव दिखाई देता है। आजकल अधिकतर महिलाएं मेकअप के बाद इस स्प्रे का इस्तेमाल करती हैं। इस बारे में कुछ यूजफुल सजेशंस।

**कैसे करें अप्लाई:** मेकअप स्प्रे का इस्तेमाल करना बहुत आसान है। सबसे पहले अपना पूरा मेकअप कर लें जैसे फाउंडेशन,



कॉम्पैक्ट पावडर, ब्लश, आई मेकअप और लिपस्टिक। जब मेकअप पूरी तरह हो जाए, तब अंत में मेकअप स्प्रे का इस्तेमाल करें। स्प्रे लगाने से पहले बोतल को हल्का-सा हिला लें ताकि उसमें मौजूद सभी तत्व अच्छी तरह मिल जाएं। इसके बाद स्प्रे को चेहरे से लगभग 8 से 10 इंच की दूरी पर रखें और हल्के-हल्के पूरे चेहरे पर स्प्रे करें। स्प्रे करते समय आंखें बंद रखें। स्प्रे लगाने के बाद चेहरे को हाथ से न छुएं और उसे अपने आप सूखने दें। इससे मेकअप अच्छे से सेट हो जाता है और चेहरा ज्यादा स्मूद और नेचुरल दिखाई देता है।



**किसे करना चाहिए स्प्रे का यूज:** मेकअप स्प्रे का उपयोग सभी महिलाएं कर सकती हैं, लेकिन कुछ महिलाओं के लिए यह ज्यादा फायदेमंद होता है। जिन महिलाओं को लंबे समय तक मेकअप रखना पड़ता है, जैसे ऑफिस, पार्टी या शादी-समारोह में जाना होता है, उनके लिए मेकअप स्प्रे बहुत उपयोगी होता है। इसके अलावा जिनकी स्किन ऑयली होती है और जिनका मेकअप जल्दी फैल जाता है, वे भी मेकअप स्प्रे का इस्तेमाल कर सकती हैं। गर्मियों के मौसम में भी मेकअप जल्दी खराब हो जाता है, इसलिए इस मौसम में मेकअप स्प्रे काफी मदद करता है। ब्राइडल मेकअप या हैवी मेकअप करने वाली महिलाओं के लिए भी यह बहुत अच्छा विकल्प है।

**मेकअप स्प्रे के फायदे:** यह मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखता है।

- इससे मेकअप जल्दी खराब नहीं होता और बार-बार टच-अप करने की जरूरत भी कम पड़ती है।
- मेकअप के बाद सेटिंग स्प्रे, चेहरे को फ्रेश और ग्लोइंग लुक देता है।
- कई बार पावडर या फाउंडेशन लगाने के बाद चेहरा थोड़ा पावडरी दिखाई देता है, लेकिन मेकअप स्प्रे लगाने से यह समस्या कम हो जाती है और मेकअप ज्यादा नेचुरल लगता है।
- यह पसीने और नमी के कारण मेकअप को फैलने से भी बचाता है। कुछ मेकअप स्प्रे, स्किन को हल्की नमी भी देते हैं, जिससे चेहरा सूखा नहीं लगता।

कुल मिलाकर कह सकते हैं कि मेकअप स्प्रे मेकअप को लंबे समय तक टिकाने और चेहरे को फ्रेश बनाए रखने में बहुत मदद करता है। अगर आप चाहती हैं कि आपका मेकअप पूरे दिन सुंदर और साफ दिखाई दे, तो मेकअप के बाद मेकअप स्प्रे का उपयोग जरूर करें। a

(मेकअप आर्टिस्ट मीनाक्षी खन्ना से

प्रिकॉशन

डॉ. ज्योति गुप्ता
सीनियर आईवीएफ कंसल्टेंट
मदरहुड फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, गुरुग्राम

वर्कआउट करना फिटनेस के लिए बहुत जरूरी है। लेकिन कुछ महिलाएं फिट रहने के लिए हार्ड वर्कआउट रूटीन फॉलो करती हैं। इससे फर्टिलिटी पर बुरा असर पड़ सकता है। इस बारे में कॉन्शस रहना जरूरी है।

## क्या ओवर वर्कआउट से फर्टिलिटी होती है प्रभावित



आजकल फिटनेस के बारे में लोगों में काफी जागरूकता बढ़ गई है। खासकर यंग पुरुषों और महिलाओं के बीच फिटनेस का चलन तेजी से बढ़ रहा है। फिट रहने और वेट कंट्रोल के लिए नियमित व्यायाम करना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। लेकिन कुछ महिलाएं वजन जल्दी कम करने के लिए या स्लिम दिखने के लिए जरूरत से ज्यादा व्यायाम करती हैं।

**ज्यादा एक्सरसाइज है हार्मफुल:** महिलाओं को यह समझना जरूरी है कि अगर व्यायाम बहुत ज्यादा किया जाए या बहुत कम खाना खाया जाए, तो शरीर में हार्मोन का संतुलन बिगड़ सकता है। इससे आगे चलकर प्रजनन क्षमता यानी गर्भधारण करने की क्षमता पर असर पड़ सकता है। इसलिए महिलाओं को अपने शरीर के अनुसार डाइट और व्यायाम करना चाहिए और इसके लिए विशेषज्ञ की सलाह लेना काफी जरूरी है।



**फर्टिलिटी पर पड़ता है असर:** कुछ महिलाएं जल्दी वजन कम करने के लिए क्रैश डाइट, फैड डाइट, लिक्विड डाइट, इंटरमिटेंट फास्टिंग या कीटो डाइट जैसी डाइट अपनाती हैं। जब बहुत कम कैलोरी वाली डाइट के साथ बहुत ज्यादा व्यायाम किया जाता है, तो शरीर में ऊर्जा की कमी हो सकती है। इससे प्रजनन से जुड़े हार्मोन और ओव्यूलेशन यानी अंडाणु बनने की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। जब शरीर पर बहुत ज्यादा शारीरिक दबाव पड़ता है, तो इसका असर हार्मोन, मासिक धर्म, ओव्यूलेशन और गर्भधारण की क्षमता पर पड़ सकता है।

**डॉक्टर से करें कंसल्ट:** जो महिलाएं बहुत ज्यादा या कठोर वर्कआउट करती हैं, उन्हें गर्भधारण करने में परेशानी हो सकती है। हालांकि हर महिला को ऐसी समस्या नहीं होती। फिर भी किसी तरह की सख्त डाइट या फिटनेस रुटीन अपनाने से पहले विशेषज्ञ से सलाह लेना जरूरी है, ताकि यह समझा जा सके कि आपके शरीर के लिए क्या सही है।

**फर्टिलिटी को ऐसे रखें हेल्दी:** महिलाओं को फिट रहने के लिए मध्यम स्तर का व्यायाम करना चाहिए, जैसे वॉक करना, योग करना या हल्की स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करना। पर्याप्त कैलोरी, प्रोटीन, विटामिन और मिनरल्स लेना भी बहुत जरूरी है। अगर किसी महिला के पीरियड्स अनियमित हो जाएं तो डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। जो महिलाएं गर्भधारण की योजना बना रही हैं, उन्हें डॉक्टर से सलाह लेकर ही अपना फिटनेस रुटीन और वजन नियंत्रित करना चाहिए। डॉक्टर उन्हें यह बता सकते हैं कि उनके लिए कितना व्यायाम सुरक्षित है। इससे उनकी प्रजनन क्षमता भी सुरक्षित बनी रह सकती है। a

प्रस्तुतिः सहेली फीचर्स



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 9285163700, Email: gdc.indore@gmail.com

# एमआई के सामने होगी आरआर की मुश्किल चुनौती, हार्दिक की फिटनेस पर नजर

**आज शाम 7.30 बजे से गुवाहाटी में भिड़ेंगी रियान पराग और हार्दिक पंड्या की टीमें**

एजेंसी ▸▸| गुवाहाटी

पिछले मैच में हार के बाद वापसी के लिए प्रतिबद्ध मुंबई इंडियंस को उम्मीद होगी कि कप्तान हार्दिक पंड्या पूरी तरह से फिट होकर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मंगलवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में खेलेंगे। हार्दिक अस्वस्थ होने के कारण दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे, जिसमें उनकी टीम को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। हार्दिक की अनुपस्थिति में भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अगुवाई की थी लेकिन टीम को हार्दिक के ऑलराउंड खेल की कमी महसूस हुई।

हार्दिक की अनुपस्थिति के कारण टीम संयोजन में भी फेरबदल करना पड़ा। उनकी जगह टीम में शामिल किए गए दीपक चाहर ने सधी हुई गेंदबाजी की, लेकिन अनुभवी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की जगह कॉर्बिन बॉश को लाने का फैसला उल्टा पड़ गया, क्योंकि दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज ने जमकर रन लुटाए। इसके बाद हार्दिक ने अभ्यास शुरू कर दिया है, जिससे कि उनकी वापसी की संभावना मजबूत बन गई है।



### आरआर ने अपनाया आक्रामक रवैया

राजस्थान के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। राजस्थान की टीम ने अभी तक आक्रामक रवैया अपनाया है और मुंबई को उस सतर्क रहने की जरूरत होगी। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने टीम को विस्फोटक शुरुआत दी है, जिसके बाद ध्रुव जुरेल ने लय कायम रखी है। कप्तान रियान पराग ने अभी तक बल्ले से कोई खास योगदान नहीं दिया है, लेकिन उन्हें अपने नेतृत्वकौशल से आत्मविश्वास मिलेगा। उन्होंने अब तक अपनी कप्तानी से प्रभावित किया है, विशेषपर डेथ ओवरों में लिए गए उनके रणनीतिक फैसलों से, जिसके कारण रॉयल्स ने गुजरात टाइटन्स पर रोमांचक जीत दर्ज की थी।

### एमआई और आरआर का हेड टू हेड रिकॉर्ड

आईपीएल के 13वें मुकाबले में आरआर की भिड़ंत एमआई से होगी। दोनों टीमों के बीच आईपीएल में अब तक कांटे की टक्कर देखने को मिली है। राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस ने आईपीएल में अब तक एक-दूसरे के खिलाफ कुल 31 मुकाबले खेले हैं। इनमें से 16 में मुंबई इंडियंस ने जीत दर्ज की है, जबकि 14 मुकाबले राजस्थान रॉयल्स ने जीते हैं। राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2026 की शुरुआत लगातार दो जीत के साथ की है।

**टीमें इस प्रकार**

**राजस्थान रॉयल्सः** रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, रवींद्र जड़ेजा, एडम मिल्ने, ब्रिजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

मैच का समयः शाम 7:30 बजे

**मुंबई इंडियंसः** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, मयंक मार्कंडेय, मोहम्मद इजहार, रघु शर्मा।

## खबर संक्षेप



### लय हासिल करने के लिए बेताब सैमसन : फ्लेमिंग

**बेंगलुरु।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने आईपीएल 2026 में संजू सैमसन के के अब तक के खराब प्रदर्शन को खास तवज्जों नहीं दी और कहा कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज टीम के माहौल में ढलने की प्रक्रिया से गुजर रहा है तथा रन बनाने और टीम की सफलता में योगदान देने के लिए बेताब है। फ्लेमिंग ने कहा, ' जब आप किसी फ्रेंचाइजी (इस मामले में राजस्थान रॉयल्स) की तरफ से लंबे समय से खेल रहे हों तो फिर किसी नई टीम के माहौल में ढलने में समय लगता है। भले ही वह शायद काफी सहज महसूस करता हो, फिर भी अपनेपन की भावना बनी रहती है और वह इस टीम के माहौल में ढलने की प्रक्रिया से गुजर रहा है।' फ्लेमिंग ने कहा कि केरल का यह खिलाड़ी लय हासिल करने के लिए बेताब है।

### हैदराबाद में 16 जून से रग्बी प्रीमियर लीग

**नई दिल्ली।** रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) 16 से 28 जून तक हैदराबाद के गाचीबोवली स्टेडियम में खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता का आयोजन जीएमआर स्पोर्ट्स और रग्बी इंडिया कर रहा है।



पिछले साल पहली बार रग्बी प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया था। पहले सत्र की तरह ही इस बार भी यह प्रतियोगिता रग्बी सेवन प्रारुप में आयोजित की जाएगी। इस बार भी इसमें पिछले साल की तरह छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेगी।
यह घोषणा जीएमआर स्पोर्ट्स के हाल ही में तेलंगाना सरकार के साथ एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करने के बाद की गई है। रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा, ' जीवन में हम जो भी करते हैं, हमारा लक्ष्य हमेशा बेहतर करना, बेहतर बनना और बेहतर प्रदर्शन करना होता है। यही आरपीएल का मूलमंत्र रहेगा।'

### अंडमान में 9 अप्रैल से राष्ट्रीय सर्फिंग चैंपियनशिप



**श्रीविजयपुरम।** अंडमान के बटलर की खाड़ी में 9 से 12 अप्रैल तक राष्ट्रीय सर्फिंग चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। बटलर की खाड़ी श्रीविजयपुरम से लगभग 130 किलोमीटर दूर दक्षिण में स्थित है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पहली बार इस प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। सूचना, प्रचार और पर्यटन कार्यालय के निदेशक ने कहा, 'भारतीय सर्फिंग महासंघ के सहयोग से आयोजित की जाने वाली यह प्रतियोगिता जापान में होने वाले एशियाई खेलों को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा, ' इस चैंपियनशिप में देशभर के शीर्ष सर्फर भाग लेंगे। अंडमान में इस प्रतियोगिता का आयोजन करने का उद्देश्य इस द्वीपसमूह को सर्फिंग और समुद्री खेलों के उभरते केंद्र के रूप में बढ़ावा देना है।'



### अर्जेंटीना के रोमन एंड्रेस बुरुचागा को हराया

# पॉल ने दिखाया दम, यूएस मेन्स क्ले कोर्ट में जीता पहला खिताब

एजेंसी ▸▸| ह्यूस्टन

टॉमी पॉल ने अर्जेंटीना के रोमन एंड्रेस बुरुचागा पर 6–1, 3–6, 7–5 से जीत के साथ अपना पहला यूएस मेन्स क्ले कोर्ट चैंपियनशिप का खिताब जीता। यह उनका पांचवां एटीपी टूर खिताब है, वहीं क्ले पर पहला खिताब है।

28 साल के पॉल ने चैंपियनशिप में तीन मैच पॉइंट बचाए, तीसरे सेट में 3-5 से पीछे होने के बाद लगातार चार गेम जीतकर खिताब अपने जीता। पॉल ने अपनी दो घंटे, 40 मिनट की जीत के साथ ह्यूस्टन में



लगातार पांचवां अमेरिकन चैंपियनशिप पक्का किया। पॉल के शुरुआती सेट में तेजी से आगे बढ़ने के बाद, बुरुचागा ने दूसरे सेट में ज्यादा मजबूती से जवाब दिया, पॉइंट्स बढ़ाए और वापसी पर अपनी लय पाकर मैच को निर्णायक बना दिया।

### तीसरा सेट में पॉल का असली टेस्ट

तीसरा सेट उनकी हिम्मत का असली टेस्ट था। 5-3 से पीछे चल रहे पॉल तीन मैच पॉइंट से पीछे थे, और हार से बस कुछ मिनट दूर थे। पहले दो सेट में बुरुचागा से दो गलतियां करवाने के बाद, पॉल ने टिके रहने के लिए टच वॉली विनर से नेट पर गोल किया। इसके बाद पॉल ने 6-5 से बढ़त बना ली, लेकिन बुरुचागा ने वापसी की और लगभग तीसरे सेट में टाईब्रेकर के लिए मजबूर कर दिया। अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने 40-0 से सर्विस की, लेकिन पॉल ने पॉइंट-बाय-पॉइंट अपनी पकड़ बनाए रखी और अपने विरोधी को हराकर आखिरी सेट 7-5 से जीत लिया।

### सबसे उम्रदराज चैंपियन बने टॉमी

इस जीत के साथ, 28 साल के पॉल 2016 में 32 साल के जुआन मोनाको के बाद ह्यूस्टन के सबसे उम्रदराज चैंपियन बन गए। वहीं, इस जीत के साथ टॉमी पॉल फ्रांसिस टियाफो के साथ क्ले, ग्रास और हार्ड कोर्ट पर खिताब जीतने वाले दो सक्रिय अमेरिकी खिलाड़ियों में शामिल हो गए। वह अब 2026 मैच जीतने में अमेरिकन टूर लीडर हैं, जिनका इस साल का रिकॉर्ड 19-7 है। पॉल पिछले अक्टूबर के बाद पहली बार टॉप 20 में वापस आएंगे, और अगले हफ्ते की एटीपी रैंकिंग में उनके 18वें नंबर पर पहुंचने की उम्मीद है। इस बीच, बुरुचागा फरवरी में पहली बार टॉप 100 में पहुंचने और 77वें नंबर पर टूर्नामेंट में एंट्री करने के बाद अपने करियर के नए सबसे ऊंचे नंबर 62 पर पहुंच जाएंगे।

### बीजेकेसी में जगह बनाने की दौड़ में भारत

**नई दिल्ली।** भारत 2026 के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने के लक्ष्य के साथ मंगलवार से डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में होने वाले बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के एशिया-ओशिनिया ग्रुप एक के मुकाबलों में परिचित परिस्थितियों और घरेलू समर्थन का भरपूर लाभ उठाने की कोशिश करेगा। भारत को हालांकि प्रतिभाशाली श्रीवल्ली भामिदिपति के हटने से झटका लगा है।

इंडोनेशिया, कोरिया, मंगोलिया, न्यूजीलैंड और थाईलैंड की मौजूदगी में भारतीय टीम को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। इस टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें ही आगे बढ़ेंगी, जबकि सबसे नीचे की दो टीमें 2027 के लिए ग्रुप दो में खिसक जाएंगी। भारत का बेंगलुरु में 2025 प्लेऑफ में निराशाजनक प्रदर्शन रहा था। वह तब तीन टीमों के ग्रुप जी में तीसरे स्थान पर रहा था। मेजबान टीम को स्लोवेनिया से 1-2 और नीदरलैंड से 0-3 की हार का सामना करना पड़ा, हालांकि नवोदित खिलाड़ी श्रीवल्ली और सहजा यमलापल्ली ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था।

### आईसीसी अवॉर्ड

# सैमसन नॉमिनेट, बुमराह और एस्टरहुइजन से टक्कर

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइजन को मार्च के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया गया है। संजू सैमसन का प्रदर्शन 'टी20 विश्व कप 2026' में शानदार रहा था। उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले में दमदार पारी खेली थी।

वहीं, जसप्रीत बुमराह ने टी20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले में गेंद से अहम किरदार निभाया था। एस्टरहुइजन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन



किया। उन्होंने 5 मुकाबलों में 200 रन बनाए। सीरीज के चौथे मैच में उन्होंने अपने टी20 इंटरनेशनल करियर का पहला अर्धशतक लगाया था और 33 गेंदों में 75 रनों की दमदार पारी खेली थी। साउथ अफ्रीका पांच मुकाबलों की सीरीज को 3-2 से अपने नाम करने में सफल रही थी।

### केर, मूनी और अयाबोंगा शॉर्टलिस्ट

*न्यूजीलैंड की कप्तान अमेलिया केर, ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बेथ मूनी और साउथ अफ्रीकी सीमर अयाबोंगा खाका को मार्च महीने के लिए 'आईसीसी विमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड' के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर अमेलिया केर ने जिम्बाब्वे और साउथ अफ्रीका के खिलाफ शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन किया था। बीते महीने उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज के तीन मुकाबलों में 46.67 की औसत के साथ 140 रन बनाने के अलावा, सर्वाधिक 16 विकेट हासिल किए थे। वहीं, बेथ ने दो वनडे मुकाबलों में कुल 171 रन बनाए। उन्होंने होबार्ट में भारत के खिलाफ सीरीज के आखिरी वनडे में नाबाद 106 रन की पारी खेली, जिससे ऑस्ट्रेलिया को 3-0 से सीरीज जीत मिली। दूसरी ओर, अयाबोंगा न्यूजीलैंड में खेली गई टी20 सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज रहीं, उन्होंने चार मुकाबलों में कुल आठ विकेट लिए। इसके बाद लगातार अच्छा प्रदर्शन जारी रखा, उन्होंने क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में 56 रन देकर 6 विकेट लिए थे। अगले मैच में 51 रन देकर 3 विकेट निकाले।*



### एशिया चैंपियनशिप

# लक्ष्य सेन और सिंधु पर दारोमदार सात्विक-चिराग ने लिया नाम वापस



एजेंसी ▸▸| निंगबो

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप से अपना नाम वापस ले लिया है और अब इस प्रतियोगिता में भारत का दारोमदार शानदार फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन और अनुभवी पीवी सिंधु पर टिका रहेगा। सात्विक अभी कंधे की चोट से उबर रहे हैं, जिसके कारण इस स्टार भारतीय जोड़ी को टूर्नामेंट से नाम वापस लेना पड़ा। सात्विक और चिराग ने 2023 में इस प्रतियोगिता का खिताब जीता था।

### सात्विक को दर्द, नहीं खेल पाएंगे : कोच


भारतीय कोच टैन किम हेर ने बताया, 'सात्विक को अभी भी कुछ दर्द है, इसलिए वे इस सप्ताह नहीं खेल पाएंगे।' सात्विक के दाहिने कंधे में दर्द के कारण यह भारतीय जोड़ी स्विस ओपन में भी क्वार्टर फाइनल के मैच से भी हट गई थी। इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारत की निगाहें अब एकल खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर टिकी रहेंगी, जिसका नेतृत्व लक्ष्य और सिंधु करेंगे। यह दोनों इस प्रतियोगिता में एकल में देश के खिताब के 61 साल से चले आ रहे इंतजार को खत्म करने की कोशिश करेंगे।

### सिंधु का पहला मुकाबला लिंग चिंग से

महिला एकल में सिंधु का पहला मुकाबला मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से होगा। उन्नति हुडा का सामना थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग से, तन्वी शर्मा का सामना मलेशिया की के लेटशाना से और मालविका बंसोड़ का सामना थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से होगा। पुरुष एकल वर्ग में भारत के कुछ अन्य खिलाड़ी भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। कंधे की चोट से उबरकर वापसी कर रहे एचएस प्रणय का सामना क्वालीफायर से होगा, वहीं किदांबी श्रीकांत सिंगापुर के आठवें वरीयता प्राप्त लोह कीन यू से भिड़ेंगे। आयुष शेट्टी का सामना चीन के पांचवीं वरीयता प्राप्त ली शी फेंग से होगा। हरिहरन आमसकारुनन और एमआर अर्जुन का सामना दक्षिण कोरिया के किम वॉन हो और सियो सेउंग जे की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी से जबकि कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक का मुकाबला जापान के काकेरू कुमागाई और हिरोकी निशी से होगा।

### कैंडिडेट्स शतरंज

# प्रज्ञानानंदा का गिरि से मुकाबला हर हालत में जीत की जरूरत



**पाफोस।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के आठवें दौर में मंगलवार को नीदरलैंड के अनीश गिरि से खेलेंगे तो उन्हें टूर्नामेंट में बने रहने के लिए हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। चेन्नई के 20 वर्ष के प्रज्ञानानंदा इस समय सात दौर के बाद 3.5 अंक लेकर गिरि के साथ तीसरे स्थान पर हैं। अब टूर्नामेंट के सात दौर के मुकाबले बचे हैं। पहले मुकाबले में गिरि को हराने के बाद प्रज्ञानानंदा दूसरी जीत दर्ज नहीं कर पाए हैं। उन्हें शीर्ष पर काबिज उजबेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव ने हराया जबकि पांच मुकाबले ड्रॉ रहे।

### सिंदारोव छह अंक लेकर शीर्ष पर

सिंदारोव छह अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि अमेरिका के फेबियानो कारुआना उनसे 1.5 अंक पीछे दूसरे स्थान पर हैं। चीन के वेइ यि और जर्मनी के मथियास ब्लूबाम संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं जबकि हिकारु नकामूरा उनसे आधा अंक पीछे हैं । इस टूर्नामेंट के जरिए मौजूदा विश्व चैंपियन गुकेश के चैलेंजर तय होगा।

### एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

# प्रीति ने किया उलटफेर, ऐजी इम को हराकर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▸▸| उलानबटोर

उदीयमान भारतीय मुक्केबाज प्रीति पवार ने पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता कोरिया की ऐजी इम को हराकर एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन हारकर बाहर हो गई। प्रिया और अरुंधति चौधरी ने भी अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीते। विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता पूजा रानी और अंकुशिता बोरो को सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा ।

एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति ने तीन दौर के मुकाबले में इम को 5-0 से हराया । अब फाइनल में उनका सामना तीन बार की विश्व चैंपियन (2019, 2023,2025) और तोक्यो ओलंपिक 2020 की कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपै की हुआंग सियाओ वेन से होगा।



### प्रिया ने मोंखोर को हराकर फाइनल में जगह बनाई

महिलाओं के 60 किलोवर्ग में प्रिया ने स्थानीय मुक्केबाज नामून मोंखोर को 5-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना उत्तर कोरिया की उन जियोंग वोन से होगा। अरुंधति ने उजबेकिस्तान की ओइशा तोइरोवा को 70 किलोवर्ग के सेमीफाइनल में 4-1 से हराया। अब उनका सामना कजाखस्तान की बेकित सेइदिश से होगा। दो बार की विश्व चैंपियन निकहत को ओलंपिक पदक विजेता चीन की वू यू ने 51 किलोवर्ग के सेमीफाइनल में 5-0 से मात दी। निकहत की इस मुक्केबाज के खिलाफ यह दूसरी हार है। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना को 75 किलोवर्ग में विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता उजबेकिस्तान की अजीजा जोकिरोवा ने 5-0 से मात दी । पहले दौर में बाय मिलने के बाद यह टूर्नामेंट में लवलीना का पहला मुकाबला था।


### वेस्ट हैम को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया

# 1987 के बाद एफए कप के सेमीफाइनल में लीड्स

एजेंसी ▸▸| लंदन

लीड्स ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में दो गोल की बढ़त गंवा दी लेकिन आखिर में वह वेस्ट हैम को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर 1987 के बाद पहली बार एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहा।

माटेउस फर्नांडेस और एक्सल दिसासी ने 93वें और 96वें मिनट में गोल दागकर वेस्ट हैम को लंदन स्टेडियम में खेले गए मैच में 2-2 से बराबरी पर ला दिया। इससे मैच अतिरिक्त समय तक खिंच गया। क्वार्टर फाइनल के इस मैच में अतिरिक्त समय में वेस्ट हैम के दो गोल ऑफसाइड के कारण रद्द कर दिए गए, जिसके बाद लीड्स ने शूटआउट में जीत हासिल की। वेस्ट हैम के फिनले हेरिक ने जोएल पिरो की पेनल्टी बचाई, लेकिन लीड्स ने पास्कल स्ट्रुइक



ने निर्णायक पेनल्टी पर गोल करके अपनी टीम को जीत दिलाई। इससे पहले निर्धारित समय में आओ तानाका और डोमिनिक कैल्वर्ट लेविन के गोल से लीड्स ने 2-0 की बढ़त हासिल की थी। लीड्स सेमीफाइनल में चेल्सी से भिड़ेगा। दूसरे सेमीफाइनल मैच में मैनचेस्टर सिटी और साउथेम्प्टन आमने-सामने होंगी। ये मैच 25 और 26 अप्रैल को वेम्बली में खेले जाएंगे।

### इंटर मिलान ने रोमा को 5-2 से हराया, मार्टिनेज ने दागे दो गोल

**मिलान।** लोटारो मार्टिनेज ने चोट से उबरकर वापसी करते हुए दो गोल दागे, जिससे इंटर मिलान ने रोमा को 5-2 से हराकर इटालियन फुटबॉल लीग सीरी ए में खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को मजबूत कर दिया। इंटर मिलान ने इस जीत से प्रतियोगिता में पिछले चार मैच में जीत हासिल नहीं करने का सिलसिला भी समाप्त कर दिया। सैन सिरो स्टेडियम में मार्टिनेज ने दूसरे और 52वें मिनट में गोल दागे। उनके अलावा हाकान चालहानोग्लू, मार्कस थुरम और निकोलो बरेला ने भी इंटर मिलान के लिए गोल किए। रोमा के लिए जियानलुका मैनसिनी और लोरेंजो पेलेग्रिनी ने गोल किए। इस जीत से इंटर मिलान के 31 मैच में 72 अंक हो गए हैं और उसने शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।



वह अब दूसरे नंबर पर काबिज एसी मिलान से नौ अंक और मौजूदा चैंपियन नेपोली से 10 अंक आगे है।




हाईकोर्ट का हस्तक्षेप से इंकार : 10 साल देर से दाखिल याचिका खारिज

# 2 से अधिक संतान होने पर सेवा से बर्खास्तगी सही

हरिभूमि जबलपुर।

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश विवेक रूसिया और न्यायाधीश प्रदीप मित्तल की संयुक्तपीठ ने दो से अधिक संतान होने के आधार पर की गई एक कर्मचारी की बर्खास्तगी को सही ठहराते हुए मामले में हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया। लगभग 10 साल के बिलंब से दायर उक्त याचिका को निरस्त करते हुए अपने आदेश में संयुक्तपीठ ने कहा कि सेवा शर्तों का उल्लंघन होने पर राहत नहीं दी जा सकती।

रीवा जिले के ग्राम पड़रिया निवासी बृजलाल साकेत की ओर से दायर याचिका में आवेदक ने अपनी बर्खास्तगी को चुनौती दी थी। प्रकरण के मुताबिक याचिकाकर्ता को 20 जनवरी 2015 को रीवा जिला न्यायालय में ड्राइवर पद पर अस्थायी नियुक्ति मिली थी। उक्त नियुक्ति आदेश में स्पष्ट शर्त थी कि दो से अधिक संतान नहीं होनी चाहिए। नौकरी के महज 89 दिनों के भीतर ही तीसरी संतान होने के आधार पर 3 दिसंबर 2015 को याचिकाकर्ता की सेवा समाप्त कर दी गई। इसके बाद याचिकाकर्ता रोज़गार की तलाश में सूरत चला गया और मजदूरी करने लगा।



बाद में याचिकाकर्ता को वर्ष 2018 में उच्च न्यायालय के एक फैसले की जानकारी मिली, जिसमें तीसरी संतान के बावजूद पुनर्बहाली का आदेश दिया गया था। इसी आधार पर उसने वर्ष 2025 में उक्त याचिका दायर की। याचिका पर सुनवाई के दौरान अनावेदकों की ओर से अधिवक्ता संदीप शुक्ला ने पक्ष रखा। न्यायालय ने मामले में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और सभी तथ्यों पर विचार करने के बाद अपने आदेश में कहा कि नियुक्ति आदेश में दो से अधिक संतान पर स्पष्ट प्रतिबंध था। याचिकाकर्ता इस शर्त का उल्लंघन कर रहा था। लिहाजा कर्मचारी की बर्खास्तगी उचित मानी जाएगी। इसके अलावा याचिकाकर्ता की बर्खास्तगी 2015 में हुई और उसकी ओर से याचिका वर्ष 2025 में दायर की गई। इस तरह लगभग 10 वर्ष की देरी को संयुक्तपीठ ने गंभीर मानते हुए कहा कि इतने लंबे समय में संबंधित पद भर भी गया होगा। अब उक्त मामले में दखल देने का कोई औचित्य नहीं है। इस मत के साथ न्यायालय ने याचिका खारिज कर दी।

हाईकोर्ट ने 250 से अधिक जजों को स्थानांतरित किया

# राज्य की न्यायपालिका में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश की न्यायिक व्यवस्था में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। मप्र हाईकोर्ट प्रशासन ने एक साथ पांच अलग-अलग आदेश जारी कर 250 से अधिक न्यायिक अधिकारियों के ट्रांसफर कर दिए हैं। इस व्यापक बदलाव में सिविल जज (सीनियर व जूनियर डिवीजन), मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) सहित कई महत्वपूर्ण पद शामिल हैं। आदेशों के अनुसार सिविल जज (सीनियर डिवीजन) स्तर पर 58 अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है। इनमें अतुल यादव, पुष्पराज सिंह उइके, अमित नागयाच, विजय कुमार पाठक और तथागत याज्ञिक सहित कई अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं। इन्हें प्रदेश के विभिन्न जिलों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसके अलावा जितेंद्र मेहर, नरेंद्र भंडारी, विक्रम सिंह डावर, रवींद्र शिल्पी और सूर्यपाल सिंह राठौर समेत अन्य अधिकारियों को भी एक जिले से दूसरे जिले में पदस्थ किया गया है। सबसे बड़ा फेरबदल सिविल जज (जूनियर डिवीजन) स्तर पर हुआ है। इस श्रेणी में 190 से अधिक न्यायिक अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। सूची में अमन सुलिया, अंशुल ताम्रकार, सौरभगोस्वामी, विवेक सिंह राजन, दिव्या रामटेके, प्राची सिंह पटेल, अंकिता जैन और ब्रजेश कुमार चंसोरिया सहित कई नाम शामिल हैं। इसके अलावा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्तर पर भी महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। कई जिलों में नए सीजेएम की नियुक्ति की गई है। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य न्यायिक अकादमी में भी अधिकारियों की नई तैनाती कर प्रशासनिक व्यवस्था में पुनर्गठन किया गया है। तबादला आदेशों को हाईकोर्ट की अधिकृत वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

नकली सोना बेचकर ठगी करते थे हरियाणा के ठग

# 1 करोड़ 55 लाख नगदी सहित असली + नकली सोना बरामद

हरिभूमि जबलपुर।

जबलपुर क्राईम ब्रांच और सायबर सेल की टीम ने अंतर्राज्जीय ठग गिरोह को गिरफ्तार कर एक करोड़ 55 लाख रुपए नगद 84 ग्राम असली सोने की गिन्नियां और 20 किलो नकली सोने की गिन्नियां और 11 मोबाइल जब्त किए है। इस गिरोह में एक ही परिवार के सदस्य शामिल हैं जो कटनी में पुलिस के हाथ लगे। ये सभी आरोपी पनागर में किराए का मकान रहकर रहते थे और गड़े धन में मिले सोने को सस्ते में बेचने की लालच देकर लोगों को ठग रहे थे। जबलपुर में दो डॉक्टरों के यहां मरीज बनकर पहुंचे आरोपियों ने एक डॉक्टर को एक करोड़ की और दूसरे डॉक्टर को 50 लाख की चपत लगाई।

पुलिस कंट्रोलरुम में पत्रकारों से चर्चा करते हुए पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने बताया कि इन आरोपियों ने 1 अप्रैल को एक डॉक्टर व उसके पुत्र के साथ 50 लाख रुपए की ठगी की थी। वहीं 4 अप्रैल को एक अन्य डॉक्टर के साथ एक करोड़ रुपए की ठगी की थी। पहले मामलें की शिकायत क्राईम ब्रांच के थाने में कराई गई थी। जबकि दूसरे डॉक्टर ने शिकायत ही नहीं कराई थी, आरोपियों ने खुद पूछताछ में खुलासा किया। वीडियो फुटेज और मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपी पकड़े गए। पुलिस अधीक्षक का कहना है कि झांसी में आरोपियों



की गिरफ्तारी हुई, जबकि सूत्रों के मुताबिक आरोपियों की गिरफ्तारी में जबलपुर में पदस्थ रहे एक एडिशनल एसपी की सक्रियता के कारण आरोपी कटनी में पकड़ गया था। दो दिन पनागर थाने में उनसे पूछताछ की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में 60 साल के पन्नालाल राठौर, और उनके दो पुत्र 34 वर्षीय धर्मेंद्र 30 वर्षीय वीरेंद्र और पत्नी 52 वर्षीय रानमादेवी शामिल हैं ये सभी हरियाणा प्रदेश के फरीदाबाद के निवासी हैं। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे यहां पनागर में किराए का मकान लेकर रह रहे है और ठगी की वारदाते शहर में की। आरोपियों की निशानदेही पर किराए के मकान की तलाशी लेकर पुलिस ने 1 करोड़ 55 लाख नगदी 84 ग्राम असली सोने की गिन्नियां और 20 किलो नकली गिन्नियां बरामद की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी गड़ा धन मिलने का झांसा देकर असली सोने का सैंपल लोगों को दिखाते थे और सौदा पटने के बाद और विश्वास जमने के बाद नकली सोना पकड़ाकर पैसा लेकर फरार हो जाते है। आरोपियों को रिमांड लेकर अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ की जायेगी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 3/26 एवं 4/26 तथा 5/26 धारा 318(4), 3(5)बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया।

आरोपियों को पकड़ने में थाना प्रभारी अपराध शैलेष मिश्रा, उप निरीक्षक प्रभाकर सिंह, सहायक उप निरीक्षक अशोक मिश्रा, संतोष पांण्डेय, प्रधान आरक्षक मनीष सिंह,आदि की सराहनीय भूमिका रही।

प्रबंधन पर मामला दबाने का आरोप

# नशामुक्ति केंद्र से लोहे की जाली काटकर 8 बच्चे फरार

हरिभूमि जबलपुर।

शहर के भीडभाड वाले इलाके दीनदयाल चौक बस स्टैंड के समीप संचालित परमार्थ नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था को धता बताकर बीती रात आठ बच्चे गायब हो गए। घटना के संबंध में मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बच्चों ने केंद्र से भागने के लिए बाकायदा पूरी योजना तैयार की थी। उन्होंने सुनियोजित तरीके से खिड़की और दीवार पर लगी लोहे की मजबूत जाली को काटकर रास्ता बनाया और उसी मार्ग से बाहर निकल गए।

बताया जा रहा है कि इस पूरी घटना को देर रात उस वक्त अंजाम दिया गया जब केंद्र का अधिकांश स्टाफ गहरी नींद में था। सुरक्षा में बरती गई इस बड़ी चूक ने संस्थान की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवालिया निशान लगा दिए हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि इतनी बड़ी वारदात बिना किसी पूर्व तैयारी के संभव नहीं थी। केन्द्र प्रबंधन की भूमिका को लेकर भी संदेह जताया जा रहा है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक घटना के संबंध में नशामुक्ति केंद्र के संचालकों ने अब तक पुलिस को इसकी कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी है। परिजनों और स्थानीय निवासियों का आरोप है कि प्रबंधन अपनी विफलता को छिपाने के लिए मामले को दबाने का प्रयास कर रहा है। आरोप है कि कई अभिभावकों को समय पर सूचना तक नहीं दी गई, जिससे उनकी चिंताएं और अधिक बढ़ गई हैं। लोगों में इस बात को लेकर रोष है कि बच्चों की सुरक्षा के साथ इस तरह का खिलवाड़ किया गया।

माढ़ोताल थाना प्रभारी वीरेंद्र पवार का कहना है कि पुलिस के पास अब तक संस्थान की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं पहुंची है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि प्रबंधन द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई जाती है, तो तत्काल जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान में किसी भी आधिकारिक शिकायत के अभाव में पुलिस जांच शुरू नहीं हो सकी है। दूसरी ओर, परिजनों और नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि फरार बच्चों की जल्द तलाश की जाए और केंद्र की सुरक्षा की बारीकी से जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएं।

## पथरी की बीमारी से परेशान युवक ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत गांधी व्यायाम शाला रांझी में पथरी की बीमारी से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गांधी व्यायाम शाला रांझी निवासी 22 वर्षीय अमन खान ने गत शाम लगभग 6 बजे पथरी की बीमारी से परेशान होकर घर के कमरे में लगे झालर वाले हुक में चुनरी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

आयोग ने जनसंगठनों की आपत्ति को किया खारिज

# सोलर ऊर्जा को फिक्स चार्ज से राहत नहीं

हरिभूमि जबलपुर।

विद्युत नियामक आयोग ने उपभोक्ता मंच सहित विभिन्न जनसंगठनों सहित लगाई गई उस आपत्ति को खारिज कर दिया, जिसमें घरों में सोलर पैनल से बिजली उत्पादन के फिक्स चार्ज से मुक्त करने की मांग की गई थी। आयोग ने फिक्स चार्ज को विद्युत अधिनियम 2003 के तहत वैधानिक बताते हुए आपत्ति को खारिज कर दिया। उपभोक्ता मंच के अध्यक्ष डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि स्वयं खर्च कर उपभोक्ताओं के घरों के छतों पर स्थापित सोलर संयंत्र से बनी बिजली तथा उसके खपत पर फिक्स चार्ज लगाया जा रहा है। यह फिक्स चार्ज गलत है। नियामक आयोग ने यह आपत्ति को खारिज कर इस फिक्स चार्ज को सही माना 26 मार्च को जारी टैरिफ आदेश के पृष्ठ 190 इश्यू क्रमांक 23 में आयोग ने स्पष्ट किया है कि उपभोक्ताओं द्वारा सोलर संयंत्र लगाने के बाद निर्मित बिजली हेतु बिजली कंपनियों के वितरण नेटवर्क का उपयोग किया जा रहा है। इस नेटवर्क के लागत की वसूली हेतु यह फिक्स चार्ज वसूला जा रहा है, जो विद्युत अधिनियम 2003 के तहत है।

### फिक्स चार्ज बहुत ज्यादा

उन्होंने बताया कि सोलर लगाने वाले उपभोक्ताओं के बिलों का विश्लेषण करने पर पाया गया कि लगाया जा रहा फिक्स चार्ज भारी भरकम है, वह सालाना 7 से 9 हजार प्रतिमाह लगभग 600 रू. है। लिहाजा राज्य सरकार से राहत प्रदान करने की मांग से संबंधित एक पत्र जनसंगठनों ने ऊर्जा मंत्री को पत्र भेजा है। मंच के डॉ. पी.जी. नाजपांडे, रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, टी.के. रायघटक, डी.के. सिंग, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, सुभाष चंद्रा, संतोष श्रीवास्तव, डी.आर. लखेरी पी.एस. राजपूत आदि ने फिक्स चार्ज में राहत देने की मांग की हैं।

550 दिन बिना रुके किया बिजली उत्पादन

# ताप विद्युत गृह चचाई की यूनिट 5 ने रचा इतिहास

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 5 ने देश के विद्युत क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए बिना रूके 550 दिन विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया। यह यूनिट 1 अक्टूबर से निर्बाध रूप से विद्युत उत्पादन कर रही है। अमरकंटक ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 5 की यह उपलब्धि इसे देश के सार्वजनिक क्षेत्र में तीसरी और स्टेट सेक्टर में पहली यूनिट बनाती हैए जिसने इतनी लंबी अवधि तक सतत उत्पादन किया है।



### 98.74 प्रतिशत पीएएफ किया दर्ज

तकनीकी दृष्टि से भी यूनिट नंबर ५ ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। इस दौरान यूनिट ने 98.74 प्रतिशत प्लांट अवेलेबिलिटी फैक्टर 95.48 प्रतिशत प्लांट लोड फैक्टर व 9.28 प्रतिशत ऑक्जलरी कंजम्प्शन जैसे उच्च मानक हासिल किए। ये प्रभावशाली आंकड़े स्पष्ट रूप से उस उच्च स्तर की दक्षता, विश्वसनीयता और तकनीकी उत्कृष्टता को दर्शाते हैं, जिसे प्लांट टीम द्वारा निरंतर बनाए रखा गया है।

### प्रतिबद्धता और तकनीकी दक्षता का प्रमाण

मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने कहा कि अमरकंटक ताप विद्युत गृह के यूनिट नंबर 5 की यह उपलब्धि गहन योजनाए मज़बूत निवारक रखरखाव प्रक्रियाओंए बारीकी से की गई परिचालन निगरानी और एटीपीएस की पूरी परिचालन और रखरखाव टीम के अटूट समर्पण का परिणाम है। इतनी लंबी अवधि तक बिना किसी बड़ी रुकावट के निर्बाध परिचालन बनाए रखना अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के पेशेवर रूख, प्रतिबद्धता और तकनीकी दक्षता का प्रमाण है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि न केवल एटीपीएस के लिए गौरव का विषय हैए बल्कि यह मध्यप्रदेश के उपभोक्ताओं को विश्वसनीय और किफायती बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एमपीपीजीसीएल के योगदान को भी काफी मज़बूत करती है। यह कंपनी के अन्य बिजली उत्पादन केंद्रों के लिए अनुकरण करने हेतु एक मानक स्थापित करती है।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240